नीना पतापोवा

रूसी

प्रारंभिक पाठ्यक्रम

प्रथम पुस्तक

हिन्दी तथा रूसी भाषाओं की
कुछ विशेषताओं का तुलनात्मक विवेचन
ले० मि० पोमेरानत्सेव तथा
ये० पे० चेलिशेव द्वारा किया गया है।

विदेशी भाषा प्रकाशन गृह
मास्को १९५८

Н. Ф. ПОТАПОВА

УЧЕБНИК РУССКОГО ЯЗЫКА

Часть первая

अनुवादक: यशवन्त

प्रस्तावना

"रूसी" के प्रारंभिक पाठ्यक्रम में प्रथम पुस्तक तथा द्वितीय पुस्तक का समावेश है (प्रथम पुस्तक के प्रकाशन के पश्चात् शीघ्र ही द्वितीय पुस्तक प्रकाशित होगी)।

रूसी भाषा का यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम मुख्यतया अध्यापक की सहायता से पढ़ने वाले प्रौढ़ विद्यार्थियों के लिये बनाया गया है। फिर भी यह पुस्तक रूसी भाषा स्वयं-शिक्षक का भी काम दे सकेगी। इस पुस्तक में पाठ्य सामग्री को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है जिससे विद्यार्थी किसी की सहायता के बिना भी रूसी भाषा का अध्ययन कर सके। इसमें अधिकांश अभ्यासों की कुंजियां भी दी गई हैं।

इस प्रारंभिक पाठ्यक्रम का उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी इसकी सहायता से बोलचाल की रूसी भाषा का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सके एवं रूसी समाचारपत्रों तथा आसान ललित साहित्य को पढ़ एवं समझ सके। पाठ्य सामग्री का चुनाव, उसे प्रस्तुत करने का क्रम, अभ्यासों की संख्या तथा स्वरूप इन सबका उद्देश्य उपर्युक्त लक्ष्य की प्राप्ति का ही रहा है। पाठ्यक्रम में रूसी व्याकरण तथा स्वर-शास्त्र के मुख्य नियमों का समावेश है और लगभग ५,००० शब्दों का कोश तथा कई प्रचलित वाक्-व्यवहारों तथा मुहावरों का संग्रह भी इसमें है।

प्रथम पुस्तक के चार भाग हैं। प्रत्येक भाग में लगभग दस अध्यायों का समावेश है और हर भाग में रूसी भाषा के कुछ निश्चित विशेष अंगों के बारे में विचार किया गया है। अध्यायों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है जिससे विद्यार्थी क्रमिक रीति से भाषा व्यवहार पर अधिकार प्राप्त कर सके।

रूसी भाषा के इस प्रारंभिक पाठ्यक्रम को बनाते समय व्याकरण तथा शब्द-संग्रह के संबंध की ओर काफ़ी ध्यान दिया गया है। विद्यार्थी को रूसी भाषा के बुनियादी तत्त्वों से परिचित कराया जाने के बाद बारहवें अध्याय से अध्यायों को 'क' तथा 'ख' में विभाजित किया गया है। 'क' भाग में व्याकरण के नये नियमों पर बल दिया गया है। 'ख' भाग में दी गई विस्तृत पाठ्य सामग्री में इनका व्यावहारिक प्रयोग किया गया है।

"रूसी", प्रारंभिक पाठ्यक्रम, इसी लेखिका द्वारा अंग्रेज़ी भाषा-भाषियों के लिये लिखित तथा १९४६ में प्रकाशित अंग्रेज़ी पुस्तक "रूसी" (भाग १) का परिष्कृत स्वरूप है। पद्धति संबंधी सिद्धान्तों को आगे विकसित किया गया है तथा पुस्तक के सामान्य स्वरूप में पूर्णतया परिवर्तन किया गया है।

इस पुस्तक के सुधार में सहायक सुझावों या सम्मतियों के लिये लेखिका अत्यन्त आभारी रहेगी। सुझाव या सम्मतियाँ निम्नलिखित पते पर भेजी जायं: विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, ज़ूबोव्स्की बुलवार, २१, मास्को।*

पतापोवा

* Издательство литературы на иностранных языках, Москва, Зубовский бульвар, 21.

रूसी वर्णमाला

वर्ण		हिन्दी में निकटतम उच्चारण — जैसे*	वर्णों के नाम	
मुद्रित	हस्तलिखित			
Аа	А а	आम में आ	आ	а
Бб	Б б	बतख़ में ब	बे	бэ
Вв	В в	वज़न में व	वे	вэ
Гг	Г г	गरुड़ में ग	गे	гэ
Дд	Д д д	दवात में द	दे	дэ
Ее	Е е	चाहिये में ये (अध्याय ४ देखिये)	ये	е (йэ)
Ёё	Ё ё	योगी में यो	यो	ё (йо)
Жж	Ж ж	डिवीजन में ज (अध्याय ८ देखिये)	जे	жэ
Зз	З з з	ज़मीन में ज़	ज़े	зэ
Ии	И и	ईख में ई	ई	и
Йй	Й й	यमुना में य	इ	й (и краткое—ह्रस्व)
Кк	К к	कमल में क	का	ка
Лл	Л л	लड़का में ल (अध्याय २ देखिये)	एल	эл (эль)
Мм	М м	मकई में म	एम	эм
Нн	Н н	नगर में न	एन	эн

* जहाँ रूसी ध्वनि तथा उसके हिन्दी प्रतिरूप के उच्चारण में विशेष अंतर है वहाँ विद्यार्थियों का ध्यान उन अध्यायों की ओर आकृष्ट किया जाता है जिनमें संबंधित उच्चारणों का अन्तर स्पष्ट किया गया है।

वर्ण		हिन्दी में निकटतम उच्चारण जैसे	वर्णों के नाम
मुद्रित	हस्तलिखित		
Оо	Оо	ओस में ओ	ओ о
Пп	Пп	पतंग में प	पे пэ
Рр	Рр	रथ में र	एर эр
Сс	Сс	सरकार में स	एस эс
Тт	Тт	तलवार में त	ते тэ
Уу	Уу	उन में ऊ	ऊ у
Фф	Фф	फ़सल में फ़	एफ़ эф
Хх	Хх	हल में ह	हा ха
Цц	Цц	उत्सव में त्स (अध्याय ७ देखिये)	त्से цэ
Чч	Чч	चमच में च	चे че
Шш	Шш	शहर में श	शा ша
Щщ	Щщ	निश्चय में श्च (अध्याय ८ देखिये)	श्चा ща
Ъъ	ъ	(अध्याय ६ देखिये)	"कठोर चिन्ह" „твёрдый знак"
Ыы	ы	इतवार में इ (लेकिन कठोर — अध्याय ७ देखिये)	ы
Ьь	ь	(अध्याय ५, ६ देखिये)	"मृदु चिन्ह" „мягкий знак"
Ээ	Ээ	एकड़ में ए	ए э
Юю	Юю	युग में यु	यु ю (йу)
Яя	Яя	याद में या	या я (йа)

पहला भाग

УРОК 1 पहला अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

स्वर: а, о, у, э.

व्यंजन: м, д, т, в, с.

व्याकरण

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

रूसी ध्वनियाँ हिन्दी ध्वनियों से कई बातों में भिन्न हैं। उदाहरणार्थ, रूसी में 'ट', 'ठ', 'ड', 'ढ', 'ण' की ध्वनियाँ नहीं हैं जब कि रूसी में कुछ ध्वनियाँ ऐसी हैं जिनके प्रतिरूप हिन्दी में नहीं हैं। कुछ रूसी ध्वनियों का उच्चारण उनके हिन्दी प्रतिरूपों से भिन्न होता है।

१. स्वर

а

रूसी а का उच्चारण 'आम' शब्द के आ जैसा होता है। फिर भी वह उतना दीर्घ नहीं है।

о

रूसी о की ध्वनि लगभग वही है जो हिन्दी में 'ओर' शब्द में ओ की है।

у

रूसी у का उच्चारण हिन्दी के 'ऊन' शब्द के ऊ की तरह होता है।

э

रूसी э 'एकड़' शब्द के ए के समान है।

सारांश

सभी रूसी स्वर-ध्वनियाँ मध्य परिमाण की लंबाई रखती हैं। याने उनका उच्चारण न बहुत दीर्घ होता है और न बहुत ह्रस्व ही।

रूसी भाषा में स्वर-ध्वनि के दीर्घ या ह्रस्व उच्चारण से शब्द के अर्थ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। फिर भी विविध भावदर्शक छटाओं को प्रकट करने के लिये रूसी स्वर-ध्वनियों का दीर्घ उच्चारण किया जाता है। इसी लिये a! o! और э! इन विस्मयादिबोधकों में स्वरों का दीर्घ उच्चारण करने की प्रवृत्ति प्रचलित है।

Aa, Oo, Уу, Ээ इन वर्णों के नाम और उनके उच्चारण एक से हैं।


उच्चारण कीजिये:

a — y, a — o, a — э
o — a, o — y, o — э
y — a, y — o, y — э
э — a, э — o, э — y

२. व्यंजन

M

м का उच्चारण 'मकई' शब्द के म जैसा है। इस वर्ण का नाम *эм* (एम) है।



उच्चारण कीजिये:

ма — мо — му — мэ

Д, Т

रूसी д का उच्चारण 'दवात' शब्द के द जैसा है और т का उच्चारण 'तलवार' शब्द के त जैसा है।

д घोष व्यंजन है जब कि т अघोष है। तुलना करके देखिये:

дом — घर और том — (ग्रन्थ का) खण्ड

Дд वर्ण का नाम *дэ* है और **Тт** वर्ण *тэ* कहलाता है।

निम्नलिखित ध्वनि-संयोगों का उच्चारण बायें से दायें तथा ऊपर से नीचे इस क्रम से कीजिये:

да — да, до — до, ду — ду, дэ — дэ

та — та, то — то, ту — ту, тэ — тэ

да — हाँ, там — वहाँ, тут — यहाँ

В

रूसी в का उच्चारण हिन्दी के 'वज़न' शब्द के व जैसा है।

Вв वर्ण का नाम *вэ* है।

उच्चारण कीजिये:

ва — во — ву — вэ

вот — यहाँ है (यह)

С

रूसी с का उच्चारण 'सरकार' शब्द के स जैसा है।

Сс वर्ण का नाम *эс* है।

мост पुल

व्याकरण

१. वर्तमान काल में सहकारी क्रियाओं का अभाव — रूसी में हिन्दी की 'है', 'हैं' आदि सहकारी क्रियाओं के समान क्रियाओं का उपयोग वर्तमान काल में आम तौर पर नहीं किया जाता:

Дом там का अर्थ है: घर वहाँ है।

२. रूसी में प्रश्न पूछते समय संबंधित विधानार्थक वाक्य ही का शब्द-क्रम जारी रखते हुए वाक्य का उच्चारण प्रश्नार्थक लहज़े में किया जाता है:

Дом там? (क्या) घर वहाँ है?

पढ़िये :

Вот дом.	यह घर है।
Вот мост.	यह पुल है।
Дом там.	घर वहाँ है।
Мост туг.	पुल यहाँ है।
Дом там?	(क्या) घर वहाँ है?
Да, дом там.	जी हाँ, घर वहाँ है।
Мост тут?	(क्या) पुल यहाँ है?
Да, мост тут.	जी हाँ, पुल यहाँ है।

सुलेखन

Аа, Оо, Уу, Ээ

Вв, Дд, Мм, Тт, Сс

Дом. Мост. Вот дом.

Там мост, дом.

अभ्यास

१. ऊपर दिये गये वर्णों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. इस पृष्ठ पर दिये गये आठ वाक्यों को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों के वर्णों के नाम लिखिये:

вот, мост, дом, там

४. रूसी में अनुवाद कीजिये:

१. घर यहाँ है। २. पुल वहाँ है।

३. यह घर है। ४. यह पुल है।

УРОК 2— दूसरा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

स्वर и.

व्यंजन: р, б, п, з, н, л, ф.

शब्दांश तथा शब्द में बल

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर И

रूसी и का उच्चारण 'ईख' शब्द की ई जैसा है।

फिर भी, हिन्दी ध्वनि की तुलना में रूसी и का उच्चारण बल (स्वराघात) दिये हुए शब्दांश में भी ह्रस्व है किन्तु वह 'इमारत' शब्द की इ जितना ह्रस्व नहीं है।

и — और

и́ва — मरकत वृक्ष

टिप्पणी: и́ва शब्द में и पर ['] चिन्ह लगाया गया है। यह बल-सूचक चिन्ह है और जब किसी स्वर पर यह चिन्ह दिया जाता है तब उसका अर्थ है कि संबंधित शब्दांश पर बल दिया जाय और अधिक ज़ोर से उसका उच्चारण किया जाय। देखिये पृष्ठ १५।


Ии वर्ण का नाम उसके उच्चारण जैसा ही है।

२. व्यंजन

р

रूसी р का उच्चारण 'रथ' शब्द के र जैसा है।

हिन्दी में ड़ वर्ण से जो ध्वनि प्रकट होती है उसको प्रकट करने के लिये रूसी भाषा में कोई वर्ण नहीं है और ऐसी ध्वनि भी नहीं है।



Рр वर्ण का नाम है *эр*

उच्चारण कीजिये:

ра	ро	ру	рэ	
ра — ра	ро — ро	ру — ру	рэ	рэ
ар	ор	ур	эр	

ра́ма चौखट	рот मुँह
Ира* (एक स्त्री का नाम)	двор आँगन
трава́ घास	аэродро́м** हवाई अड्डा

Вот двор. यह आँगन है।

Там и́ва и трава́. वहाँ एक सरपत वृक्ष तथा घास हैं।

б, п

रूसी б का उच्चारण 'बतख' शब्द के ब जैसा है।

रूसी п का उच्चारण 'पतंग' शब्द के प जैसा है।

б घोष व्यंजन है जबकि п अघोष व्यंजन है। तुलना करके देखिये:

борт — जहाज़ की बग़ल तथा порт — बंदरगाह

Бб वर्ण को *бэ* कहते हैं और **Пп** वर्ण को *пэ* कहते हैं।

брат भाई	па́рта स्कूली डेस्क
рабо́та काम	порт बंदरगाह
труба́ नल	спорт खेलकूद

з

रूसी з का उच्चारण 'ज़मीन' के ज़ जैसा है।

з घोष व्यंजन है। उसका रूसी अनुरूप अघोष व्यंजन है с (पहला अध्याय देखिये)। तुलना कीजिये:

зуб — दाँत और суп — झोल

टिप्पणी: зуб शब्द के अन्त में б का उच्चारण [п] जैसा होता है।

* रूसी व्यक्तिवाचक संज्ञाओं का पहला अक्षर बड़ा लिखा जाता है।

** Аэродро́м शब्द की а और э ध्वनियों का उच्चारण दो अलग अलग ध्वनियों के रूप में किया जाना चाहिये।

Зз वर्ण को *зэ* कहते हैं।

ва́за	गुलदान
ро́за	गुलाब
заво́д	मिल, कारखाना

टिप्पणी: заво́д शब्द के अन्त में д का उच्चारण [т] जैसा होता है।

Вот ва́за и ро́за.	यह गुलदान और गुलाब है।
Вот дом и двор.	यह घर और आँगन हैं।
Там заво́д.	वहाँ कारखाना है।

Н

रूसी н का उच्चारण 'नगर' शब्द के न जैसा है।

н घोष व्यंजन है।

н वर्ण का नाम *эн* है।

उच्चारण कीजिये:

на — на, но — но, ну — ну, нэ — нэ

нос नाक	Дон दोन (सोवियत संघ की एक नदी)
но́та सुर (संगीत का)	страна́ देश
Ива́н (एक पुरुष का नाम)	сно́ва फिर
он वह (पु०)	

Вот Дон и мост.	यह दोन नदी तथा पुल हैं।
Ива́н сно́ва тут. Вот он.	इवान फिर यहाँ है। यह वह है।

Л

रूसी л का उच्चारण 'लड़का' शब्द के ल के समान किन्तु उससे कुछ कठोर है।

रूसी л का उच्चारण करते समय जिह्वामूल उसी तरह ऊपर उठता है जैसा कि у के उच्चारण में। और बाद में जिह्वाग्र को ऊपर वाली दंतपंक्ति के पीछे तक लाना चाहिये जैसा कि д, т, н के उच्चारण में किया जाता

है। ध्यान रहे कि जिह्वाग्र का झुकाव नीचे की ओर होना चाहिये। जिह्वा की इस स्थिति में विशेषतापूर्ण कठोर रूसी л का सही उच्चारण किया जा सकता है।

л घोष व्यंजन है।

Лл वर्ण का नाम *эл* है।

उच्चारण कीजिये :

л — ал   л — ол   ул — эл

ла — ла   ло — ло   лу — лу

мол	सेतुबंध	зал	सभागृह	ла́мпа	दीपक, लैम्प
пол	फ़र्श	бал	नृत्य	план	ख़ाका, ढाँचा, योजना
стол	मेज़	плот	लट्ठों की नाव	сла́ва	प्रसिद्धि
стул	कुर्सी	слон	हाथी	луна́	चाँद
Ура́л	उराल (सोवियत संघ की एक पर्वतमाला)			тала́нт	बुद्धि, प्रतिभा

Вот стул, стол, пол.	यह कुर्सी, मेज़ तथा फ़र्श हैं।
Вот ла́мпа, план.	यह दीपक तथा योजना हैं।
Стол тут, ла́мпа там.	मेज़ यहाँ है, दीपक वहाँ है।
Вот зал. Тут стул, стол и ла́мпа.	यह सभागृह है। यहाँ कुर्सी, मेज़ तथा दीपक हैं।

ф

रूसी **ф** बड़ी हद तक 'फ़मल' शब्द के फ़ के समान है।

ф का उच्चारण **в** की तरह किया जाता है लेकिन **в** घोष व्यंजन है जब कि **ф** अघोष है। तुलना कीजिये :

ва́за गुलदान और **фа́за** अवस्था

Фф वर्ण का नाम है *эф*।

фра́за	वाक्यांश	**флот**	नौका-दल
фо́рма	आकार	**футбо́л**	फ़ुटबॉल

Вот порт. Тут флот. यह बंदरगाह है। यहाँ नौका-दल है।

३. शब्दांश तथा शब्द में बल

१. रूसी भाषा के शब्दों की बनावट निम्न प्रकार की हो सकती है:

(क) एक अंश वाले — дом

(ख) दो अंश वाले -- стра-на́ — страна́

(ग) तीन अंश वाले — ра-бо́-та — рабо́та

(घ) तीन से अधिक अंश वाले; लेकिन ऐसे शब्दों की संख्या कम है।

२. एक से अधिक शब्दांश वाले शब्दों में केवल एक शब्दांश पर बल दिया जाता है, बाक़ी शब्दांश बलरहित रहते हैं।

शब्दांशों का बल हिन्दी की अपेक्षा रूसी में अधिक ज़ोरदार होता है।

रूसी में बलरहित शब्दांश की अपेक्षा बलसहित शब्दांश बहुत ही ज़ोर के साथ बोला जाता है और इसलिये वह दीर्घोच्चारित होता है। मतलब यह कि शब्दांश के बल का प्रभाव स्वरों के उच्चारण पर पड़ता है:

(क) जिन स्वरों पर बल दिया जाता है उनका उच्चारण स्पष्ट तथा पृथक् होता है (बलरहित स्वर की अपेक्षा बलसहित स्वर के उच्चारण में अधिक समय लगता है और स्वरेंद्रियों पर अधिक तनाव पड़ता है)।

(ख) बलरहित स्वर कुछ अस्पष्ट रहते हैं और उनका उच्चारण भी लंबा नहीं होता (इनके उच्चारण में कम समय लगता है और स्वरेंद्रियों पर ज्यादा तनाव नहीं पड़ता)।

३. (क) कुछ रूसी शब्दों में पहले शब्दांश पर बल होता है:

ка́рта नक़्शा, ла́мпа दीपक

(ख) अन्य शब्दों में अन्तिम शब्दांश पर बल होता है:

страна́ देश, футбо́л फ़ुटबॉल

(ग) ऐसे भी शब्द हैं जिनमें बीच के शब्दांश पर बल होता है:

рабо́та काम

टिप्पणी: विद्यार्थियों की सुविधा के लिये इस पुस्तक में बलसहित शब्दांश (′) चिन्ह से सूचित किया गया है। फिर भी शब्दारंभ के बड़े वर्णों पर यह चिन्ह नहीं लगाया गया है, भले ही वे बलसहित हों।

पढ़िये (बलरहित a का उच्चारण बलसहित a के उच्चारण से ज़रा अस्पष्ट और ह्रस्व कीजिये):

Вот стол, стул, ла́мпа.	यह मेज़, कुर्सी तथा दीपक हैं।
Там стол, ва́за, ро́за.	वहाँ मेज, गुलदान तथा गुलाब हैं।
Вот зал, пол, ла́мпа.	यह सभागृह, फ़र्श तथा दीपक हैं।
Там порт, там мол, там флот.	वहाँ बंदरगाह है, वहाँ सेतुबंध है, वहाँ नौका-दल है।
Там двор, дом и мост. Вот заво́д.	वहाँ आँगन, घर तथा पुल हैं। यह कारखाना है।
Тут ра́ма, стол, стул и па́рта.	यहाँ चौखट, मेज़, कुर्सी तथा स्कूली डेस्क हैं।
Вот двор. Тут и́ва. Тут трава́.	यह आँगन है। यहाँ सरपत वृक्ष है। यहाँ घास है।

सुलेखन

Ии, Бб, Пп, Зз, Нн, Лл, Рр
Страна. Брат. Работа. Дом и двор.
Зал. План.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा शब्दों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. उपर्युक्त सात वाक्यों को फिर से लिखिये।

३. उपर्युक्त वाक्यों से वे शब्द बतलाइये जिनमें दो a हैं। यह निश्चित कीजिये कि इन दो a में से किसका उच्चारण स्पष्ट तथा पृथक् है और किसका उच्चारण अधिक अस्पष्ट है।

४. निम्नलिखित शब्दों के बलसहित स्वरों पर निशान लगाइये:
फаза, фраза, форма, завод, работа, страна, слава, футбол, ива, трава, рама, труба, нота, снова, луна
इस अध्याय में दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

५. उपर्युक्त शब्दों के लिये हिन्दी शब्द लिखिये।

६. रूसी में अनुवाद कीजिये:
यह दीपक, कुर्सी तथा मेज हैं। वहाँ स्कूली डेस्क है। यहां योजना है।

УРОК 3 तीसरा अध्याय


भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
व्यंजन: г, к, х.
बलरहित स्वर а तथा о.
वर्णविचार: बलरहित स्वरों का लेखन

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यंजन

г, к

रूसी г का उच्चारण 'गरुड' शब्द के ग जैसा है।
रूसी к का उच्चारण 'कमल' शब्द के क जैसा है।



г घोष व्यंजन है जब कि к अघोष है। तुलना कीजिये:

густ घना और куст झाड़ी

Гг वर्ण को *гэ* कहते हैं और **Кк** वर्ण को *ка* कहते हैं।

грамм	ग्राम	ногá	पैर
гром	मेघध्वनि	Вóлга	वोल्गा (सोवियत संघ की एक नदी)
вагóн	रेल का डिब्बा		
бумáга	कागज़		


ка́рта	नक़्शा	замо́к	ताला
кана́л	नहर	гудо́к	सीटी
рука́	हाथ	стано́к	खराद
бу́ква	वर्ण (अक्षर)	класс	कक्षा
Баку́	बाकू (अज़रबैजान सोवियत जनतंत्र की राजधानी)	вокза́л	रेलवे स्टेशन
		ко́мната	कमरा
нау́ка	विज्ञान	уро́к	अध्याय, पाठ

а और у का उच्चारण दो पृथक् ध्वनियों के रूप में करना चाहिये।

Вот класс. Тут уро́к.	यह कक्षा है। यहाँ अध्याय है।
Вот ка́рта и бума́га.	यह नक़्शा और काग़ज़ है।
Там вокза́л. Там ваго́н.	वहाँ रेलवे स्टेशन है। वहाँ रेल का डिब्बा है।
Вот рука́. Вот нога́.	यह हाथ है। यह पैर है।

х

रूसी х 'हल' शब्द के ह के समान है।



х ध्वनि का उच्चारण लगभग उसी तरह किया जाता है जिस तरह к का। लेकिन उसमें फ़र्क यह है कि उच्चारण के समय जिह्वा तालु के पिछले हिस्से को स्पर्श नहीं करती बल्कि सिर्फ़ उसके निकट आती है और उच्छ्वास के लिये मार्ग खुला रहता है।

x ध्वनि का उच्चारण दीर्घ किया जाता है जब कि к एक क्षणिक ध्वनि है।

x अघोष व्यंजन है।

Xx वर्ण का नाम *xa* है।

халáт ड्रेसिंग-गाउन	хор गायक-समूह	бýхта उपसागर
сáхар शक्कर	холм पहाड़ी	вáхта पहरा

Вот зал. Там хор. Вот бýква «х» (ха).

Тут урóк. Вот бýква «к» (ка).

Вот бýхта. Там холм. Тут канáл.

२. बलरहित स्वर о

१. बल के स्थान के अनुसार शब्द का अर्थ बदल सकता है। उदाहरणार्थ निम्नलिखित समान हिज्जेवाले दो शब्दों की तुलना करके देखिये:

замóк ताला — बल दूसरे शब्दांश पर है।

зáмок क़िला — बल पहले शब्दांश पर है।

२. बलरहित शब्दांशों को दो प्रकारों में बाँटा गया है — बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती (पहले के) शब्दांश और परवर्ती (बाद के) शब्दांश। бумáга शब्द में तीन शब्दांश हैं। इनमें से:

(१) бу- बलसहित शब्दांश के पहले का बलरहित शब्दांश है।
(२) -мá- बलसहित शब्दांश है।
(३) -га बलसहित शब्दांश के बाद आया हुआ बलरहित शब्दांश है।
} бумáга

३. पिछले अध्याय में यह बतलाया गया था कि बलरहित शब्दांशों के सभी स्वरों का उच्चारण बलसहित शब्दांशों के स्वरों से अस्पष्ट किया जाता है। о स्वर के उच्चारण के बारे में कुछ खास विशेषताएं हैं। किसी शब्द में उसके स्थान के अनुसार उसका उच्चारण बदलता है:

(क) जब о स्वर बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती बलरहित शब्दांश में आता है तब उसका उच्चारण अस्पष्ट रूसी а जैसा किया जाता है:

o → [a]

Москва́	मास्को	гора́	पर्वत
она́	वह (स्त्रीलिंग)	вода́	पानी
оно́	वह (नपुं०)	фонта́н	फुहारा
окно́	खिड़की	доска́	फलक, काला तख़्ता
нога́	पैर	вокза́л	रेलवे स्टेशन
		доро́га	मार्ग

(ख) जब o पहले खुले शब्दांश में आता है तब उसके बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती न रहते हुए भी उसका उच्चारण अस्पष्ट रूसी a जैसा किया जाता है:

оборо́на प्रतिरक्षा

(ग) बाक़ी सभी बलरहित शब्दांशों में o का उच्चारण और भी अस्पष्ट तथा हल्का होता है:

голова́	सिर	хло́пок	रूई
потоло́к	छत	ло́тос	कमल
мо́лот	हथौड़ा		

बलरहित o के उच्चारण की ओर ख़ास ध्यान दिया जाय।

३. वर्णविचार

बलरहित स्वरों का लेखन

रूसी हज्जे लिखते समय धातु तथा विभक्ति में आनेवाले बलरहित तथा बलसहित स्वरों में कोई भेद नहीं किया जाता।

एक ही धातु से बने विभिन्न शब्दों में बल विभिन्न शब्दांशों पर पड़ सकता है:

он — बल धातु के स्वर पर पड़ता है

она́, оно́ } बल धातु के स्वर पर नहीं बल्कि विभक्ति पर पड़ता है

यद्यपि онá, онó शब्दों के о का उच्चारण [a] जैसा किया जाता है तथापि वर्ण о याने जो वर्ण बलसहित धातु में होता है वही (он) लिखा जाता है।

Водá शब्द में विभक्ति बलसहित है जब कि кóмната शब्द में वह बलरहित है। फिर भी दोनों विभक्तियाँ उसी वर्ण से सूचित की जाती हैं। इस तरह धातुओं और विभक्तियों में हिज्जे की समानता रखी जाती है।

पाठ

1. Это кáрта. Тут Москвá. Это канáл. Там Дон, Вóлга, Урáл. Это Бакý. Тут бýхта.

2. Вот дом. Это завóд.

3. Тут водá. Это канáл. Вот мост. Вот хлóпок. Там фонтáн.

4. Это вокзáл. Тут вагóн.

5. Это кóмната. Это класс. Тут урóк. Вот пол, потолóк и окнó. Вот стул, стол, лáмпа, кáрта и доскá.

6. Вот фрáза. Тут слóво «завóд», слóво «рабóта», слóво «станóк» и слóво «хлóпок».

7. Вот фрáза. Тут слóво «водá», слóво «рабóта».

8. Вот бýква «ф» («эф»), бýква «з» («зэ») и бýква «х» («ха»).

सुलेखन

Фф, Гг, Кк, Хх
Гудок. Урок. Буква.
Бумага. Карта. Вот буква эн.
Вот буква ха.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये। उपर्युक्त शब्दों को फिर से लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. पाठ में से ऐसे सभी शब्द चुन लीजिये जिनमें बलरहित о है। उनको लिखिये तथा उनका उच्चारण कीजिये।

४. निम्नलिखित शब्दों में बल-सूचक चिन्ह लगाइये:

молот, оборона, гора, нога, рука, голова, халат, сахар, вахта, наука

इस अध्याय में दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

१. यह नक़्शा है। यहां वोल्गा है। यह नहर है। वहां पुल है। यह उपसागर है। यह बाकू है। २. यह कक्षा है। यहां फलक, नक़्शा तथा दीपक हैं। यहां अध्याय है। यह 'कारखाना' शब्द है।

УРОК 4 चौथा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

व्यंजन й.

वर्ण я, е, ё, ю.

व्याकरण:

संज्ञा का लिंग

स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой तथा твой.

क्रिया के प्रत्यय -ю, -у तथा -ёт.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यंजन Й

रूसी й का उच्चारण 'यमुना' शब्द के य के निकट है। й वर्ण को ह्रस्व इ कहते हैं।

(क) स्वरोत्तर й

रूसी ай का उच्चारण 'आय' जैसा है।

эй " " 'एय' " "

" ой " " 'ओय' " "

उच्चारण कीजिये:

ан — ай

он — ой

эн — эй

ध्यान रखिये कि प्रथम स्तम्भ में दी गईं स्वर-ध्वनियों से दो पृथक् शब्दांश बनते हैं और उन्हें एकरूप नहीं बनाना चाहिये। दूसरे स्तम्भ की स्वर ध्वनि + й से एक ही शब्दांश बनता है।

май	मई	Байка́л	बायकाल (पूर्वी साइबेरिया का एक विशाल सरोवर)
комба́йн	कंबाइन		

Алтáй	अल्ताय (पश्चिमी साइबेरिया तथा अंशत: मंगोलिया के लोकतंत्रात्मक जनतंत्र में स्थित पहाड़ी प्रदेश)	**мой**	मेरा
		твой	तेरा, तुम्हारा
		домóй	घर को

Это мой брат. Там твой брат.

Вот кáрта. Тут **Алтáй** и **Байкáл.**

(ख) स्वरपूर्व **й**

й ध्वनि जब **а, э, о, у** स्वरों के पहले रहती है तब वह सुनी जा सकती है लेकिन उसका उच्चारण उस उच्चारण से बहुत कुछ अस्पष्ट होता है जब वह उन्हीं स्वरों के बाद रहती है। ये ध्वनिसंयोग निम्नलिखित वर्णों से सूचित किये जाते हैं:

Яя, Ее, Ёё, Юю

२. वर्ण **я, е, ё, ю**

я

я वर्ण लेखन में निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग (संधि) सूचित करता है: अस्पष्ट **й** + **а**। इसका उच्चारण 'यदि' शब्द के य जैसा अथवा 'याद' शब्द के या जैसा होता है।

я	मैं	**маяк**	आकाशदीप
я иду́	मैं जाता-ती हूँ, मैं जा रहा-ही हूँ	**моя́**	मेरी
я́хта	सैर करने की नाव	**твоя́**	तेरी, तुम्हारी
Ялта	याल्ता (सोवियत संघ के एक नगर का नाम)	**я́**блоко	सेब
		я́года	बेरी
я́сно	स्पष्ट, साफ़		

Вот бу́хта. Тут **я́**хта и ма**я́**к.

Вот бу́ква **я**. Это **я́**сно.

е

е वर्ण का प्रयोग लेखन में निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित करता है: अस्पष्ट й + э। इसका उच्चारण 'प्रत्येक' शब्द के ये जैसा होता है।

Я е́ду.	मैं जा रहा-ही हूं। मैं जाता-ती हूं।
Я е́ду домо́й.	मैं घर जा रहा-ही हूं। मैं घर जाता-ती हूं।
Он ест.	वह खा रहा है। वह खाता है।
Он ест я́блоко.	वह सेब खा रहा है। वह सेब खाता है।

ё

ё वर्ण से निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित होता है: अस्पष्ट й + о। इसका उच्चारण 'यॉगी' शब्द के यो जैसा होता है।

ёлка चीढ़	он поёт वह गाता है; गा रहा है।
моё मेरा	он даёт वह देता है; दे रहा है।

Ива́н поёт. Мой брат даёт уро́к.

Вот зал. Тут поёт хор.

Вот дом. Вот моё окно́.

ю

ю वर्ण से निम्नलिखित दो ध्वनियों का संयोग सूचित होता है й + у; इसका उच्चारण 'युग' शब्द के यु जैसा अथवा 'यूथ' शब्द के यू जैसा होता है।

юг* दक्षिण	каю́та जहाज़ का कक्ष
на юг दक्षिण में	я пою́ मैं गाता-ती हूं; गा रहा-ही हूं।
ю́нга जहाज़ी लड़का	я даю́ मैं देता-ती हूं; दे रहा-ही हूं।

Ю́ра — Ю́рий (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

Ира даёт уро́к. Ю́ра поёт. Я е́ду на юг.

---

* юг शब्द के अन्त में г का उच्चारण [к] जैसा किया जाता है।

इस प्रकार **я, е, ё, ю** में से प्रत्येक वर्ण का ध्वनि-मूल्य दो ध्वनियों के बराबर है। इनका उच्चारण इस प्रकार तब होता है जब ये शब्द के आरंभ में होते हैं या स्वर के बाद आते हैं। ये वर्ण जब व्यंजन के बाद आते हैं तब उनका कार्य अलग होता है जिसकी चर्चा अगले अध्याय में की जायगी।

Яя [йа], **Ее** [йэ], **Ёё** [йо], **Юю** [йу] वर्णों के नाम उनके उच्चारण के समान ही हैं।

व्याकरण

१. संज्ञा का लिंग

१. हिन्दी में संज्ञा के केवल दो लिंग (पुल्लिंग और स्त्रीलिंग) होते हैं लेकिन रूसी संज्ञाओं के तीन लिंग होते हैं: पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग।*

२. व्यक्तिवाचक तथा कुछ मनुष्येतर प्राणिवाचक संज्ञाओं का लिंग उनकी जाति (पुरुष, स्त्री, जड़) के अनुसार निश्चित होता है; उदाहरणार्थ **брат** 'भाई' संज्ञा पुल्लिंग है।

३. संज्ञा का लिंग अक्सर शब्द के अंत्याक्षर के अनुसार निश्चित किया जा सकता है। व्यक्ति अथवा मनुष्येतर प्राणिवाचक संज्ञाओं को छोड़कर अन्य संज्ञाओं का लिंग सूचित करने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण बात है।

इस तरह सभी व्यंजनान्त संज्ञाएं पुल्लिंग होती हैं:

дом, стол, заво́д

जिन संज्ञाओं के अन्त में а होता है उनमें से बहुतांश स्त्रीलिंग होती हैं:

страна́, рука́

---

* आगे चल कर शब्दसंग्रह तथा व्याकरण विभाग में हम पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग संज्ञाओं को क्रमशः पु०, स्त्री० और नपुं० अक्षरों से सूचित करेंगे।

कुछ ऐसी पुल्लिंग संज्ञाएं हैं जिनके अंत में -а होता है। इस श्रेणी में निम्नलिखित प्रकार की संज्ञाएं आती हैं:

(क) कुछ पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाएं; उदाहरणार्थ *Луќа*।

(ख) रूसी पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के कई लघुरूप; उदाहरणार्थ Юрий का लघुरूप Юра।

अंत्याक्षर о वाली लगभग सभी संज्ञाएं नपुंसक लिंग होती हैं:

окнó, слóво

२. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой तथा твой

स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой — मेरा, твой -- तेरा, उनके बाद आने वाली संज्ञा के लिंग के अनुसार रूपांतरित होते हैं:

पुल्लिंग	мой брат	твой брат
स्त्रीलिंग	моя́ ла́мпа	твоя́ ла́мпа
नपुंसक लिंग	моё сло́во	твоё сло́во

३. क्रिया के प्रत्यय -ю, -у तथा -ёт

वर्तमान काल उत्तम पुरुष एकवचन सूचक क्रियाओं के अन्त में बहुधा -ю प्रत्यय रहता है (स्वर के बाद यह अनिवार्य है):

я пою́

कुछ स्थानों में (व्यंजन के बाद) -у प्रत्यय रहता है:

я иду́

अन्य पुरुष एकवचन में -ёт प्रत्यय लगता है। -ёт प्रत्यय हमेशा बलसहित होता है:

он поёт, он даёт

पाठ

1. Это Ялта. Вот бу́хта. Вот мол. Там я́хта. Вот каю́та. Тут ю́нга.

2. Вот зал. Тут поёт хор. Я пою́, и Юра поёт.

3. Тут ка́рта. Вот Алта́й и Байка́л.

4. Вот фра́за: «Это мой брат». Тут сло́во «брат». Вот бу́ква «б» («бэ») и бу́ква «т» («тэ»). Это я́сно.

5. Я е́ду домо́й. Вот дом. Это моё окно́. Там моя́ ко́мната.

सुलेखन

Я я, Е е, Ё ё, Ю ю, й

Я пою. Мой брат даёт урок.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा वाक्यों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों में बल-सूचक चिन्ह लगाइये:

комбайн, яблоко, ягода, ясно, урок, ёлка

इस अध्याय में दी गई शब्द-सूचियों से सहायता लीजिये।

४. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिंग बतलाइये:

страна́, сло́во, стул, ла́мпа, рог, рука́, ка́рта, я́блоко

५. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम мой — मेरा — को उपर्युक्त अभ्यास ४ में दिये गये शब्दों के साथ इस प्रकार लिखिये जिससे वह संबंधित शब्दों के लिंगानुसार हो।

उदाहरणार्थ: мой брат, моя́ ко́мната, आदि।

६. रूसी में अनुवाद कीजिये:

वह कमरा है। वह कक्षा है। मैं यहाँ एक पाठ देता हूँ। वहाँ एक सभागृह है। मेरा भाई यूरा वहाँ गा रहा है। यह नक़्शा है। यहां वोल्गा है और वहां दोन है।

УРОК 5— पाँचवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
कठोर और मृदु व्यंजन
लेखन में मृदु व्यंजनों को सूचित करने का तरीक़ा
व्याकरण:
क्रिया का प्रत्यय -ит.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. कठोर और मृदु व्यंजन


(क) मृदु व्यंजनों का उच्चारण

पिछले अध्यायों में हमने б, п, в, ф, з, с, д, т, н, л, р, г, к, х व्यंजनों का विचार किया।

इन व्यंजनों का उच्चारण जिस प्रकार किया जाता है उसके अनुसार उन्हें कठोर व्यंजन कहा जाता है।

रूसी में कठोर व्यंजनों के अनुरूप मृदु व्यंजन होते हैं।

मृदु व्यंजनों का उच्चारण करते समय स्वरेंद्रियों की स्थिति वही रखनी चाहिये जो संबंधित मृदु व्यंजनों के अनुरूप कठोर व्यंजनों के उच्चारण में रहती है और इसके अलावा जिह्वा को कुछ अतिरिक्त हरकत करनी पड़ती है। उदाहरणार्थ मृदु н का उच्चारण करते समय होंठों को एक साथ उसी तरह दबाया



जाता है जिस तरह कठोर н के उच्चारण में; लेकिन इसके अलावा जिह्वा को तालु तक उसी दिशा में उठाया जाता है जिस प्रकार и (ई) स्वर के या й (य) के उच्चारण में।

दूसरा उदाहरण: रूसी ध्वनि т का उच्चारण करते समय जिह्वाग्र को ऊपर वाली दंतपंक्ति के पीछे दबाया जाता है। मृदु т का उच्चारण करते समय जिह्वा को साथ-साथ एक और हरकत करनी पड़ती है — उसे तालु तक इस तरह उठाया जाता है जिस तरह и या й के उच्चारण में। तालु की दिशा में जिह्वा की इस अतिरिक्त हरकत को व्यंजनों का तालव्यीकरण कहते हैं।

इससे अतालव्यीकृत कठोर व्यंजन की अपेक्षा मृदु व्यंजन के उच्चारण में अधिक ऊंची ध्वनि निकलती है।

मृदु व्यंजनों के उच्चारण का अभ्यास शुरू करने से पहले आप को и या й ध्वनि का उच्चारण करने में जिह्वा को अभ्यस्त कराना चाहिये। बाद में साथ-साथ व्यंजन ध्वनि т, з, н, आदि का उच्चारण करने का प्रयत्न कीजिये। й को पृथक् कर स्वतंत्र ध्वनि के रूप में उसका उच्चारण नहीं करना चाहिये। व्यंजन ध्वनि के बाद й का उच्चारण किसी भी हालत में नहीं करना चाहिये।

(ख) व्यंजनों का मृदु उच्चारण कब होता है

१. व्यंजन का मृदु उच्चारण सूचित करने के लिये उसके बाद एक विशेष अक्षर ь ("मृदु" चिन्ह) रखा जाता है:

мать माता дéньги पैसा свáдьба विवाह

व्यंजन के मृदु अथवा कठोर उच्चारण पर शब्द का अर्थ निर्भर कर सकता है। तुलना कीजिये:

брат — भाई और брать — लेना

г, к, х वर्णों के बाद मृदु चिन्ह कभी नहीं लगाया जाता।

२. е, ё, и, ю, я वर्णों के पहले भी व्यंजनों का उच्चारण मृदु किया जाता है (चौथा अध्याय देखिये)।

(क) де, дё, ди, дю, дя

де́ти	बच्चे	где	कहाँ
студе́нт	विद्यार्थी	ро́дина	मातृभूमि
студе́нтка	विद्यार्थिनी	дя́дя	चाचा

Воло́дя व्लादीमिर (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

(ख) те, тё, ти, тю, тя

тётя	बुआ, मौसी, चाची, मामी	костю́м	पोशाक (सूट)
карти́на	चित्र	Ви́тя	वीक्तर (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप
тень	छाया		

(ग) не, нё, ни, ню, ня

не́бо	स्वर्ग, आकाश	колхо́зник	सामूहिक कृषक
нёбо	तालु	те́хник	शिल्पी (टेकनीशियन)
кни́га	पुस्तक	Ню́ра	आन्ना (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
ня́ня	परिचारिका	Со́ня	सोफ़्या (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
		Ва́ня	इवान (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप

(घ) ме, ми, мя; ве, ви; фе, фи

ме́сто	स्थान	Ве́ра	एक स्त्री का नाम
мел	खड़िया	Ви́тя	वीक्तर नाम का लघुरूप
мир	शांति	профе́ссор	प्रोफ़ेसर
зна́мя	पताका	фи́зик	पदार्थवैज्ञानिक

(च) зе, зи; се, си

газе́та	समाचारपत्र	се́но	घास
зима́	जाड़ा	си́ла	शक्ति
		здесь	यहाँ

(छ) **ре, ри, рю**

таре́лка	रिकाबी	говорю́	मैं बोलता-ती हूं; बोल रहा-ही हूं।
фа́брика	फ़ैक्टरी	говори́т	(वह) बोलता-ती है; बोल रहा-ही है।
рю́мка	छोटा गिलास		

(ज) **ги; ки, ке; хи, хе**

гимн	स्तोत्र, तराना	**хи́мик**	रसायनज्ञ
по-**ру́сски**	रूसी में	**хи́нди**	हिन्दी
Ники́тин	एक पुरुष का कुलनाम	схе́ма	खाका
ке́пка	टोपी	по-**хи́нди**	हिन्दी में

टिप्पणी: **г, к, х** का मृदु उच्चारण केवल **е** या **и** के पहले किया जाता है।

व्याकरण

क्रिया का प्रत्यय **-ит**

अन्य पुरुष एकवचन में कई रूसी क्रियाओं का प्रत्यय **-ит** रहता है।

он говори́т

पाठ

1. Студе́нт Ви́тя Ники́тин говори́т: «Моя́ Ро́дина — СССР (эсэсэсэ́р). Я студе́нт. Я фи́зик. Мой брат Воло́дя — хи́мик. Моя́ мать — профе́ссор. Мой дя́дя Ва́ня — колхо́зник, моя́ тётя Ню́ра — те́хник. Я говорю́ по-ру́сски. Я понима́ю по-хи́нди».

2. Со́ня здесь. Она́ даёт уро́к. Она́ говори́т по-ру́сски: «Это газе́та и кни́га. Там карти́на и ва́за. Здесь стол, ла́мпа и стул. Вот доска́ и мел».

3. Вот дом. Там двор и фонта́н. Здесь фа́брика. Здесь моя́ рабо́та. Моё ме́сто здесь. Вот мой стано́к. Где твоё ме́сто? Там.

4. Там зал. Там ёлка и де́ти. Там поёт хор. Ве́ра там? Нет, она́ здесь.

टिप्पणी: СССР — सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ

ь

Здесь моя мать и мой дядя.

अभ्यास

१. ь अक्षर को कई बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों में मोटे टाइप में दिये गये व्यंजनों में से कठोर तथा मृदु व्यंजन बताइये:
да—дя́дя; она́—Со́ня; тётя—там; мир—мост; ва́за—газе́та; фа́брика—фи́зик; мост—ме́сто; страна́—кни́га; здесь—нос; кана́л—Ню́ра

४. यह बताइये कि किन शब्दों में एक ही वर्ण й + स्वर सूचित करता है तथा किन शब्दों में व्यंजन की मृदुता सूचित करता है:
мая́к—зна́мя; Ню́ра—каю́та; мел—е́ду; ёлка—тётя

५. निम्नलिखित शब्दों में बल-सूचक चिन्ह लगाइये:
тарелка, говорит, зима, сила, сено, знамя, небо, книга, няня, дети
इस अध्याय में दी गई शब्द-सूची को देखिये।

६. तीसरे तथा चौथे अभ्यास में दी गई शब्दों की जोड़ियों को किसी से कहलवा कर लिखिये।

७. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये:
विद्यार्थिनी सोन्या कहती है: "मेरे चाचा प्रोफ़ेसर हैं। मेरा भाई सामूहिक कृषक है। मैं विद्यार्थिनी हूं। मैं रूसी में बोलती हूं।"

УРОК 6 # छठा अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
- मृदु व्यंजन (क्रमश:)
- बलरहित e.


व्याकरण:
- संज्ञा का लिंग (क्रमश:)
- क्रिया का प्रत्यय -ет.
- प्रश्नार्थक वाक्य की बनावट
- पूर्ण तथा संक्षिप्त उत्तर

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. मृदु व्यंजन (क्रमश:)

ль

ль वर्ण का उच्चारण हिन्दी के ल से मृदुतर है।



उच्चारण कीजिये:

ль — ля — ле — лё — ли — лю

ель	चीड़
земля́	ज़मीन
лес	जंगल
самолёт	विमान
и́ли	या
лю́ди	जनता, लोग

л — ль; ла — ля; лэ — ле; лу — лю

л के कठोर या मृदु उच्चारण पर शब्द का अर्थ अक्सर निर्भर किया करता है। तुलना कीजिये:

л		ль
мол सेतुबंध	और	моль पतंगा
мел खड़िया	और	мель छिछला पानी
лук प्याज़	और	люк विवर मार्ग

२. बलरहित е

जब बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती बलरहित शब्दांश में मृदु व्यंजन के बाद е वर्ण आता है तब उसका उच्चारण अस्पष्ट किया जाता है और उसकी ध्वनि लगभग и जैसी होती है।

е→ [и]

сестрá	बहन	он лети́т	वह उड़ता है; उड़ रहा है
стенá	दीवाल	земля́	ज़मीन
рекá	नदी		

अन्य बलरहित शब्दांशों में е का उच्चारण और भी हल्का तथा अस्पष्ट होता है;

пóле	खेत	впереди́	सामने
сéвер	उत्तर (दिशा)	не понимáю	(मैं) नहीं समझता-ती

टिप्पणी:

निषेध-वाचक अव्यय не सामान्यत: बलरहित होता है और बाद में आने वाले शब्द के साथ उसका उच्चारण किया जाता है, मानो एक ही शब्द हो।

व्याकरण

१. संज्ञाओं का लिंग

(क्रमश:, चौथा अध्याय देखिये)

१) अन्त में -я वाली बहुतांश संज्ञाएं स्त्रीलिंग होती हैं:

тётя बुआ, मौसी, चाची, मामी, земля́ ज़मीन

पुल्लिंग व्यक्ति सूचित करनेवाली कुछ संज्ञाओं तथा व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के लघुरूपों के अंत में -я रहता है।

дя́дя (चाचा), Вáня

२) अन्त में -е वाली संज्ञाएं नपुंसक-लिंग होती हैं:

пóле खेत

२. क्रिया का प्रत्यय -ет

अन्य पुरुष एकवचन में कई रूसी क्रियाओं के अन्त में बलरहित -ет प्रत्यय होता है:

он рабо́тает वह काम करता है; कर रहा है।

३. प्रश्नार्थक वाक्यों की बनावट

पूर्ण तथा संक्षिप्त उत्तर

प्रश्नार्थक वाक्य निम्न प्रकारों से बनाये जा सकते हैं:

१) प्रश्नार्थक शब्द का प्रयोग करते हुए:

१. **Кто** э́то?	(क)	Э́то мой брат.	यह मेरा भाई है।
यह कौन है?	(ख)	Мой брат.	मेरा भाई।
२. **Где** он?	(क)	Он там.	वह वहाँ है।
वह कहाँ है?	(ख)	Там.	वहाँ।

उपर्युक्त उदाहरणों में प्रश्नार्थक वाक्य, प्रश्नार्थक सर्वनाम **кто?** 'कौन' और प्रश्नार्थक क्रियाविशेषण **где?** 'कहाँ' की सहायता से बनाये गये हैं।

२) प्रश्नार्थक शब्द का प्रयोग न करते हुए:

१. Э́то кни́га?	(क)	Да, э́то кни́га.	जी हाँ, यह पुस्तक है।
यह पुस्तक है?	(ख)	Да, кни́га.	जी हाँ, पुस्तक है।
२. Э́то заво́д?	(क)	Нет, э́то фа́брика.	जी नहीं, यह फ़ैक्टरी है।
यह मिल है?	(ख)	Нет, фа́брика,	जी नहीं, फ़ैक्टरी है।
	(ग)	Нет, э́то не заво́д.	जी नहीं, यह मिल नहीं है।

उपर्युक्त उदाहरणों में प्रश्नार्थक लहजे की सहायता से प्रश्न पूछे गये हैं। ऐसे मामले में वाक्य के शब्दों का क्रम बदलने की आवश्यकता नहीं। तुलना कीजिये:

Э́то кни́га. (विधान का लहजा)

Э́то кни́га? (प्रश्न का लहजा)

प्रश्न जिस शब्द के संबंध में है उसका उच्चारण ऊँची आवाज़ में और ज़ोर से किया जाता है।

विरामचिन्ह: हिन्दी की तरह रूसी में भी प्रश्न के बाद प्रश्नचिन्ह रखा जाता है।

प्रश्नार्थक शब्दसहित या रहित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण (क और ग उदाहरण देखिये) और संक्षिप्त (ख उदाहरण देखिये) हो सकते हैं।

प्रश्न के उत्तर में да 'जी हाँ' और нет 'जी नहीं' शब्द, बोलने में ज़रा रुक कर और लेखन में स्वल्पविराम की सहायता से, बाक़ी वाक्य से पृथक् किये जाते हैं।

पाठ

1. Вот лети́т самолёт. Внизу́ земля́. Внизу́ по́ле, лес и лю́ди. Вот река́. Это Во́лга. Самолёт лети́т на се́вер. Впереди́ Москва́.

2. Это самолёт? Да, э́то самолёт. Он лети́т на се́вер и́ли на юг? Самолёт лети́т на се́вер.

3. Вот ка́рта. Это Москва́? Да, э́то Москва́. Это река́? Нет, э́то кана́л. Это Во́лга? Нет, э́то Москва́-река́. А где Баку́? Баку́ там.

4. Это фа́брика? Да, э́то фа́брика. Здесь моя́ рабо́та. Вот мой стано́к. Кто э́то? Это моя́ сестра́. Она́ те́хник? Да, она́ те́хник.

5. Это кни́га? Да, это кни́га. Это моя́ кни́га. Здесь газе́та. Где бума́га: там и́ли здесь? Она́ здесь. Вот доска́ и мел.

6. Стол там? Да, стол там. Стул там и́ли здесь? Мой стул здесь. Ла́мпа там? Нет. Где ла́мпа? Она́ здесь. Где твоя́ кни́га? Вот она́.

अभ्यास

१. पाठ को फिर से लिखिये।

२. निम्नलिखित संज्ञाओं का लिंग बताइये:

сестра́, самолёт, река́, по́ле, лес, стена́, мел, ня́ня, сло́во

३. निम्नलिखित वाक्यों में से

(क) बलरहित о वाले,

(ख) बलरहित е वाले

शब्द सूचित कीजिये:

1. Самолёт лети́т на се́вер. Впереди́ река́. 2. Где твоя́ сестра́? Она́ рабо́тает.

४. उपर्युक्त वाक्यों को किसी से कहलवाकर लिखिये।


УРОК 7 — सातवाँ अध्याय

> भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:
> स्वर ы.
> व्यंजन ц.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर Ы

हिन्दी में रूसी ы के समान कोई स्वर-ध्वनि नहीं है। कुछ ही अंश तक यह 'इतवार' शब्द की इ ध्वनि जैसी है।



ы का उच्चारण करने के लिये जिह्वा को जितना हो सके उतना पीछे खींच लीजिये; उसको न आगे जाने दीजिये, न ही ज्यादा ऊपर उठने दीजिये जैसा कि и के उच्चारण में करना पड़ता है।

ы और и पृथक् ध्वनियाँ हैं।

हम ы ध्वनि का उच्चारण करते हैं या и ध्वनि का, इस बात पर अक्सर शब्द का अर्थ निर्भर करता है। तुलना कीजिये:

мы	हम	और	ми	संगीत का स्वर (ग)
мы́ло	साबुन	और	ми́ло	सुन्दर, सुंदरता से

ы वर्ण रूसी शब्द के आरंभ में या स्वर के बाद कभी नहीं आता। यह हमेशा कठोर व्यंजन के बाद आता है।

इस वर्ण का नाम उसके उच्चारण जैसा ही है।

ты	तू	ры́нок	बाज़ार
вы	तुम, आप	ры́ба	मछली
мы	हम	сыр	पनीर
сын	पुत्र	ды́ня	तरबूज़
высоко́	ऊँचे	ты́ква	कद्दू
бы́стро	तेज़, तेज़ी से	фру́кты	फल
तुलना कीजिये:		तुलना कीजिये:	

о — ы				а — ы			
дом	घर	дым	धुआँ	бал	नृत्य	был	था
сон	सपना	сын	पुत्र	ма́ло	थोड़ा	мы́ло	साबुन

Где дым, там ого́нь. जहाँ धुआँ वहाँ अग्नि।

पाठ

1. Самолёт лети́т высоко́. Самолёт лети́т бы́стро. Вот река́ Дон. Мой сын лети́т на юг.

2. Ива́н и Ви́ктор, где вы? Мы здесь. Я здесь, ты там. Мой сын здесь.

3. Вот ры́нок. Здесь ры́ба и сыр. Вот ды́ня и ты́ква. Там фру́кты. Это ды́ня? Нет, э́то ты́ква.

4. Вот дом. Это фа́брика. Здесь рабо́тает мой сын.

उच्चारण कीजिये:

о → [a]: самолёт, высоко́, бы́стро, ого́нь

२. व्यंजन Ц

ц ध्वनि को कुछ हद तक т तथा с ध्वनियों का एक ध्वनि के रूप में उच्चारित संयोग माना जा सकता है, लेकिन इस ध्वनि का प्रथम अंश — т —

दूसरे अंश की अपेक्षा अस्पष्ट सुनाई देता है। यह ध्वनि इस प्रकार सूचित की जा सकती है: тс = ц.

इसी के समान ध्वनि हिन्दी के संयुक्ताक्षर त्स में सुनाई देती है (उदाहरणार्थ 'उत्सव', 'वत्स' शब्दों में त्स)।

ц ध्वनि अघोष तथा हमेशा कठोर होती है। इसकी अनुरूप मृदु ध्वनि रूसी में नहीं है।

Цц वर्ण को *цэ* कहते हैं।

цыга́н	जिप्सी	колхо́зница	सामूहिक कृषक स्त्री
оте́ц	पिता	рабо́тница	कामगार स्त्री
кузне́ц	लोहार	столи́ца	राजधानी
бое́ц	सैनिक, योद्धा		

वर्णविचार: १. ц के बाद и और ы का उच्चारण ы जैसा किया जाता है; и वर्ण अधिकतर विदेशी भाषाओं से आये हुए शब्दों में लिखा जाता है।

ци [цы]: ци́фра अंक
на́ция राष्ट्र

जब कभी ц के बाद е वर्ण आता है तब इनके संयोग का उच्चारण हमेशा [цэ] किया जाता है।

це [цэ]: центр केन्द्र
цех वर्कशाप
офице́р अफ़सर

पाठ

1. Вот цех. Здесь рабо́тает мой оте́ц. Мой оте́ц — кузне́ц, и твой брат кузне́ц.

2. Ты кузне́ц. Я студе́нт. Кто твой брат? Мой брат — офице́р. Моя́ мать — колхо́зница. Моя́ сестра́ — рабо́тница. Вот фа́брика. Здесь рабо́тает моя́ сестра́.

3. Вот лети́т самолёт. Он лети́т высоко́? Да, он лети́т высоко́. Самолёт лети́т бы́стро. Впереди́ Москва́. Москва́ — столи́ца СССР. Москва́ — центр СССР.

सुलेखन

ы

Самолёт летит высоко и быстро.

Ц ц

Москва — столица СССР

अभ्यास

१. लिखित अक्षर **ы** तथा **ц** को तीन-तीन बार लिखिये। उपर्युक्त वाक्यों को फिर से लिखिये।

२. ३६ तथा ४० पृष्ठों पर दिये गये पाठ को फिर से लिखिये।

३. रूसी में अनुवाद कीजिये :

१) मैं शिल्पी हूं। मेरी माता कामगार (स्त्री) है। मेरा भाई अफ़सर है। तुम विद्यार्थी हो।

२) यह वर्कशाप है। मेरा पुत्र यहाँ काम करता है। वह धातु का काम करने वाला है।

३) वहाँ विमान ऊँचा उड़ रहा है। वह तेज़ उड़ रहा है।

УРОК 8 — आठवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

व्यंजन ш, ж, ч, щ.

वर्णविचार:

ж, ш, ч, щ के बाद स्वर

व्याकरण:

स्वामित्वसूचक सर्वनाम наш तथा ваш.

ь अन्त्याक्षर वाली संज्ञाएं

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. व्यंजन

Ш

ш का उच्चारण 'शहर' शब्द के श जैसा है। Шш वर्ण को ша कहते हैं।

наш* / на́ша / на́ше	हमारा / हमारी	пи́шет	लिखता (लिखती) है
		де́вушка	लड़की
		Ма́ша	मरीया (एक स्त्री के नाम) का लघुरूप
ваш / ва́ша / ва́ше	तुम्हारा, आपका / तुम्हारी, आपकी	Ми́ша	मिखाइल (एक पुरुष के नाम) का लघुरूप
шко́ла	स्कूल	хорошо́	अच्छा
шкаф	आलमारी	шуми́т	सरसर आवाज़ करता (करती) है
ша́хта	खान,	пшени́ца	गेहूँ
каранда́ш	पेन्सिल	маши́на	मशीन

Вот ваш каранда́ш. Вот наш каранда́ш.
Ма́ша пи́шет. Ми́ша пи́шет хорошо́.

*व्याकरण देखिये।



Пóле. Шумúт пшенúца.

Ж

ж का उच्चारण 'डिवीजन' शब्द के ज जैसा है।

ж का उच्चारण **ш** के उच्चारण की तरह ही किया जाता है लेकिन **ш** अघोष व्यंजन है जब कि **ж** घोष व्यंजन है।

Жж वर्ण का नाम *жэ* है।

журнáл	पत्रिका	тóже	भी
жизнь	जीवन	ужé	पहले ही, अभी
граждани́н	नागरिक	граждáнка	नागरिक स्त्री
инженéр	इंजीनियर	жáрко	गरम (क्रियाविशेषण)

Жи́лин एक कुलनाम

Жéня पुल्लिंग नाम **Евгéний** तथा स्त्रीलिंग नाम **Евгéния** का लघुरूप

Вот журнáл «Наýка и жизнь». यह "विज्ञान तथा जीवन" (नामक) पत्रिका है।

Лéто. Ужé жáрко. (अब) ग्रीष्म ऋतु है। गरमी अभी छा चुकी है।

ч

रूसी ध्वनि ч का उच्चारण 'चमच' शब्द के च जैसा है।

ч अघोष व्यंजन है; यह हमेशा मृदु होता है।

Чч वर्ण को *чэ* कहते हैं।

чай	चाय	рабо́чий	कामगार
часы́	घड़ी	я чита́ю	मैं पढ़ता हूँ; पढ़ रहा हूँ।
сейча́с	अब	он чита́ет	वह पढ़ता है।
о́чень	बहुत	дочь	पुत्री
учени́к	(स्कूली) छात्र	врач	डॉक्टर
учени́ца	" छात्रा	ру́чка	क़लम
учё́бник	पाठ्यपुस्तक	что	क्या
учи́тель	अध्यापक	что э́то?	यह क्या है?
учи́тельница	अध्यापिका		

Учени́к сейча́с чита́ет.

Он чита́ет о́чень хорошо́.

टिप्पणी: что शब्द में ч का उच्चारण अक्सर ш [што] होता है।

Что э́то? Это ру́чка.

щ

हिन्दी में रूसी ध्वनि щ जैसी कोई ध्वनि नहीं है।

щ वर्ण हमेशा मृदु रहता है। इसका उच्चारण लंबे मृदु ш [шьшь] या [шч] जैसा होता है। कुछ हद तक इसका उच्चारण 'निश्चय' शब्द के श्च जैसा और 'अवश्य' शब्द के श्य जैसा होता है।

Щщ वर्ण *ща* कहलाता है।

това́рищ	साथी	защи́та	प्रतिरक्षा
Щу́кин	एक रूसी पुल्लिंग कुलनाम	щель	दरार
вещь	वस्तु	щётка	बुरुश
щи	गोभी का झोल	ещё	अब भी, अधिक

Вот това́рищ Щу́кин.

ж, ч, ш, щ भाषण ध्वनियों के विशिष्ट उच्चारण के कारण उन्हें ऊष्म वर्ण कहा जाता है:

жук жужжи́т झींगुर भनभनाता है।	руче́й журчи́т झरना कलकल करता है।
шёлк шурши́т रेशमी वस्त्र सरसराता है।	ще́пка трещи́т लकड़ी चुरमुराती, कड़कड़ाती है।

स्वर-ध्वनियों के संबंध में कुछ भी नियम क्यों न हो:

(क) ऊष्म वर्ण **ж** और **ш** का कठोर उच्चारण होता है:	(ख) ऊष्म वर्ण **ч** और **щ** का मृदु उच्चारण होता है:
жа, жу, жи, же, жо	ча, чу, чи, че, чо
ша, шу, ши, ше, шо	ща, щу, щи, ще, що

वर्णविचार: १. यद्यपि **ж** और **ш** कठोर ध्वनियाँ हैं तथापि उनके बाद **э** या **ы** वर्ण कभी नहीं आता बल्कि हमेशा **е** या **и** आता है। **ж** और **ш** के बाद **е** वर्ण का उच्चारण [э] जैसा होता है (उदाहरणार्थ инжене́р, пшени́ца शब्दों में) और **и** वर्ण का उच्चारण [ы] जैसा होता है (उदाहरणार्थ жизнь, маши́на शब्दों में)। ऐसे कुछ शब्द हैं, और ये मूलतः विदेशी शब्द हैं, जिनमें **ж** और **ш** का मृदु उच्चारण किया जाता है। इनके संबंध में बाद में विचार किया जाएगा।

२. यद्यपि **ч** और **щ** वर्ण मृदु ध्वनि सूचित करते हैं तथापि उनके बाद **я** और **ю** वर्ण कभी नहीं आते बल्कि उनके बदले **а** या **у** वर्ण आता है:

чай चाय　　　　Щу́кин श्चूकिन

व्याकरण

१. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम наш और ваш

एकवचन स्वामित्व-सूचक सर्वनाम **мой** — 'मेरा' की तरह बहुवचन स्वामित्व-सूचक सर्वनाम **наш** — 'हमारा' और **ваш** — 'तुम्हारा' के भी तीन लिंग होते हैं:

पुल्लिंग	наш брат	ваш оте́ц
स्त्रीलिंग	на́ша сестра́	ва́ша мать
नपुंसक लिंग	на́ше ме́сто	ва́ше сло́во

इन उदाहरणों से स्पष्ट होगा कि उपर्युक्त सर्वनामों के लिंग उनके बाद आनेवाली संज्ञाओं के अनुसार रहते हैं।

ваш — 'आपका' का उपयोग जब आदर-सूचक शब्द के रूप में किया जाता है तब उसका प्रथमाक्षर कभी कभी बड़ा लिखा जाता है।

Это Ва́ша кни́га. यह आपकी पुस्तक है।

२. संज्ञाओं का लिंग। ь अंत्याक्षरवाली संज्ञाएं।

(क्रमशः, चौथा और छठा अध्याय देखिये)

ь अंत्याक्षरवाली संज्ञाएं पुल्लिंग या स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती हैं:

словáрь (पु॰) शब्दकोश, शब्दसंग्रह

учи́тель (पु॰) अध्यापक

мать (स्त्री॰) माता

ऊष्म वर्ण + ь वर्ण जिन संज्ञाओं के अंत में हैं वे संज्ञाएं हमेशा स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती हैं:

дочь (स्त्री॰) पुत्री   вещь (स्त्री॰) वस्तु

जिन संज्ञाओं के अन्त में ऊष्म वर्ण **ж, ч, ш, щ** हैं लेकिन जिनके बाद में ь वर्ण नहीं है वे पुल्लिंग संज्ञाएं होती हैं:

товáрищ (पु॰) साथी, карандáш (पु॰) पेन्सिल, врач (पु॰) डॉक्टर

Товáрищ और **врач** शब्द पुल्लिंग और स्त्रीलिंग व्यक्तियों के बारे में व्यवहार किये जा सकते हैं।

पाठ

1. Инженéр Жи́лин — граждани́н СССР (эсэсэсэ́р). Студéнт Ми́ша — тóже граждани́н СССР. Рабóтница Жéня — граждáнка СССР. Дéвушка Мáша тóже граждáнка СССР.

2. Вот шáхта. Здесь рабóтает мой брат. Мой брат — рабóчий. Мой отéц — врач. Моя́ дочь — учени́ца. Я инженéр. Вот завóд. Здесь я рабóтаю. Вот маши́на. Здесь рабóтает товáрищ Жи́лин. Он рабóчий? Нет, он инженéр. Товáрищ Щу́кин —

рабо́чий. Он хорошо́ рабо́тает? Да, он хорошо́ рабо́тает. Вот твой учени́к Ми́ша и моя́ учени́ца Же́ня.

3. Вот кни́га. Это наш уче́бник. Здесь каранда́ш. Это ваш каранда́ш. Там ва́ша кни́га и газе́та. Вот журна́л «Нау́ка и жизнь». Это ва́ша кни́га? Да, моя́. Я чита́ю. Я чита́ю по-ру́сски. Я чита́ю уже́ хорошо́.

सुलेखन

Жж, Шш, Щщ, Чч

Вот наш журнал.

Товарищ Щукин — наш рабочий.

अभ्यास

१. उपर्युक्त अक्षरों तथा वाक्यों में से प्रत्येक को तीन बार लिखिये।

२. पाठ को फिर से लिखिये।

३. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइये:

а) шко́ла, шкаф, журна́л, уче́бник, цех, по́ле, уро́к

б) кни́га, ру́чка, каранда́ш, ме́сто, вещь, врач

४. उपर्युक्त а) में दिये गये शब्दों के साथ **наш** सर्वनाम के तथा б) में दिये गये शब्दों के साथ **ваш** सर्वनाम के योग्य रूप लिखिये (उदाहरणार्थ **на́ша** шко́ла, **ва́ша** кни́га).

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

१) यह स्कूल है। हमारी माताजी अध्यापिका है।

२) यह खान है। तुम्हारे पिताजी वहाँ हैं। तुम्हारे पिताजी कामगार हैं।

३) यह कौन है? यह साथी श्चूकिन है। वह सोवियत संघ का नागरिक है।

४) मेरा भाई अभी छात्र है। तुम्हारा भाई (पहले ही) इंजीनियर हो चुका है।

УРОК 9— नवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण:

घोष तथा अघोष व्यंजन

घोष व्यंजनों का अघोष में परिवर्तन

पृथक्करण चिन्हों के रूप में ъ और ь.

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. घोष तथा अघोष व्यंजन

रूसी व्यंजनों को घोष तथा अघोष व्यंजनों में विभाजित किया जाता है। रूसी के कुछ घोष व्यंजनों के लिये उनके अनुरूप अघोष व्यंजन हैं:

घोष:	б	в	д	г	—	ж	—	—	з	—	л	м	н	р	й
अघोष:	п	ф	т	к	х	ш	ч	щ	с	ц	—	—	—	—	—

घोष व्यंजन л, м, н, р, й के अनुरूप अघोष व्यंजन रूसी में नहीं है। अघोष व्यंजन х, ц, ч, щ के अनुरूप घोष व्यंजन नहीं है।

२. घोष व्यंजनों का अघोष में परिवर्तन

रूसी उच्चारण की एक खास विशेषता यह है कि शब्दान्त का व्यंजन हमेशा अस्पष्ट ध्वनि वाला रहता है। इसके फलस्वरूप घोष व्यंजनों का अघोष व्यंजनों में परिवर्तन होता है। अत: शब्दान्त में घोष व्यंजन का उच्चारण उसके अनुरूप अघोष व्यंजन जैसा किया जाता है।

उच्चारण कीजिये:

б → [п]	клуб	क्लब	в → [ф]	Ивано́в	एक पुल्लिंग कुलनाम
	хлеб	पावरोटी		Ки́ев	किएव (उक्रइनी सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी)
д → [т]	сад	बग़ीचा	ж → [ш]	нож	छुरी
	заво́д	कारखाना		рожь	राइ
г → [к]	друг	मित्र	з → [с]	колхо́з	सामूहिक फ़ार्म
	юг	दक्षिण		моро́з	पाला

शब्दान्त का व्यंजन कठोर हो या मृदु हो उसका घोष से अघोष में परिवर्तन होता ही है।

जब अघोष व्यंजन के पहले घोष व्यंजन होता है तब शब्द के आरंभ में या मध्य में भी उपर्युक्त परिवर्तन हो सकता है।

उदाहरणार्थ: **всё** (सब) शब्द में **в** का उच्चारण [ф] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **с** के पहले आया है [ф:ё]।

За́втрак (नाश्ता) शब्द में **в** का उच्चारण [ф] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **т** के पहले आया है।

Ло́жка (चमच) शब्द में **ж** का उच्चारण [ш] जैसा किया जाता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन **к** के पहले आया है।

पाठ

1. Вот хлеб, ма́сло и сыр. Там чай? Нет, там ко́фе и молоко́. Вот мёд и са́хар. Это за́втрак? Да, э́то за́втрак. Вот стака́н и ча́шка. Вот ва́ша таре́лка, ва́ша ло́жка, ваш нож и ва́ша ви́лка.

2. Здесь ры́ба, мя́со и о́вощи. Это обе́д? Нет, э́то наш у́жин. Вот ды́ня и фру́кты. Там фру́кты? Нет, там о́вощи.

शब्दसंग्रह *

ви́лка	(स्त्री०) कांटा (खाने का)	**мя́со**	(नपुं०) माँस
за́втрак	(पु०) नाश्ता	**обе́д**	(पु०) मुख्य भोजन
ко́фе	(पु०) कॉफ़ी	**о́вощи****	(ब०व०) तरकारी
ло́жка	(स्त्री०) चमच	**стака́н**	(पु०) गिलास
ма́сло	(नपुं०) मक्खन	**у́жин**	(पु०) दिनान्त भोजन
мёд	(पु०) शहद	**хлеб**	(पु०) पावरोटी
молоко́	(नपुं०) दूध	**ча́шка**	(स्त्री०) कप, प्याला

* शब्दसंग्रह पाठ के बाद दिये जायंगे।

** केवल बहुवचन में प्रयोग की जानेवाली संज्ञाओं का रूसी में कोई लिंग नहीं माना जाता है।

उच्चारण कीजिये

обе́д, молоко́, мя́со, мёд, хлеб, нож, ло́жка

३. पृथक्करण चिन्हों के रूप में ъ और ь

पृथक्करण चिन्ह द्वारा व्यंजन और स्वर के बीच й (य) ध्वनि का अस्तित्व सूचित होता है।

ь "मृदु" चिन्ह केवल व्यंजनों की मृदुता को सूचित करने के लिये प्रयोग किया जाता है सो बात नहीं। यह जब я, е, ё, ю वर्णों के पहले आता है — उदाहरणार्थ семья́ (परिवार) और статья́ (लेख) शब्दों में — तब व्यंजन और स्वर के बीच पार्थक्य सूचित करता है और पृथक्करण चिन्ह का काम देता है।

पृथक्करण चिन्ह का काम देते समय ь उसके पहले के व्यंजन की मृदुता भी सूचित कर सकता है:

семья́	परिवार
статья́	लेख
Татья́на	रूसी स्त्रीलिंग व्यक्तिवाचक नाम
Улья́новск	वोल्गा किनारे का एक शहर

टिप्पणी:

Улья́новск — वोल्गा किनारे का एक बड़ा शहर, व्ला० इ० लेनिन का जन्मस्थान।

दूसरा पृथक्करण चिन्ह है "कठोर" चिन्ह ъ। यह मुख्यतया я, е, ё, ю वर्णों के पहले के उपसर्गों के बाद आता है। उदाहरणार्थ съезд (कांग्रेस), объявле́ние (विज्ञापन)।

съезд शब्द में с- उपसर्ग है और объявле́ние शब्द में об- उपसर्ग है।

पाठ

1. Я е́ду на съезд. Вот клуб. Здесь объявле́ние. Здесь наш съезд. Я иду́ на съезд.

2. Вот моя́ семья́: мать, оте́ц, брат, сестра́. Вот мой сын Никола́й и моя́ дочь Татья́на.

3. Это журна́л. Здесь ва́ша статья́ «Го́род Улья́новск». Вот карти́на «Семья́».

सुलेखन

ъ

Объявление. Съезд.

ь

Статья. Семья.

अभ्यास

१. ъ अक्षर को तीन बार लिखिये और उपर्युक्त शब्दों को फिर से लिखिये।

२. निम्नलिखित शब्दों में घोष तथा अघोष व्यंजन दिखाइये:

дом, газéта, жизнь, шкóла, фáбрика, лáмпа

३. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों के अंतिम व्यंजनों का उच्चारण किस प्रकार होता है:

клуб, съезд, колхóз, завóд

४. निम्नलिखित संज्ञाओं के लिंग बताइये:

хлеб, мáсло, молокó, кóфе, мёд, мя́со, обéд, у́жин, клуб, съезд, объявлéние

५. ऊपर के दो पाठों को फिर से लिखिये और उन अन्त्य व्यंजनों को रेखांकित कीजिये जो घोष व्यंजनों के वर्ग में से हैं लेकिन जिनका उच्चारण अघोष व्यंजनों की तरह किया जाता है।

УРОК 10 — दसवाँ अध्याय

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण: स्वर तथा व्यंजन (सारांश) वर्णविचार: व्यंजनों तथा ц के बाद स्वर э के साथ लिखे जाने वाले शब्द

भाषण ध्वनियाँ तथा वर्ण

१. स्वर तथा व्यंजन (सारांश)

(क) स्वर

१) रूसी में छः स्वर हैं:

а, о, у, э, ы, и

२) सभी बलसहित (साघात) स्वरों का उच्चारण स्पष्ट तथा साफ़ किया जाता है। उनके उच्चारण उनके नामों जैसे ही हैं।

बलरहित (निराघात) शब्दांशों में उनकी ध्वनि कुछ अस्पष्ट रहती है।

(क) बलरहित о और а तथा е और я के उच्चारण की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

जब о या а बलरहित शब्दांश के पहले आते हैं अथवा किसी भी खुले आरंभिक शब्दांश में रहते हैं तब उनका उच्चारण अस्पष्ट а की तरह किया जाता है (तीसरा अध्याय देखिये):

оборóна प्रतिरक्षा

बाक़ी सभी बलरहित शब्दांशों में а और о का उच्चारण और भी अस्पष्ट किया जाता है:

кáрта	नक़्शा	головá	सिर
карандáш	पेंसिल	я́блоко	सेब

(ख) बलरहित शब्दांश के पहले е और я स्वरों की ध्वनि बदल कर и ध्वनि की सी हो जाती है (छठा अध्याय देखिये):

сестрá बहन язы́к भाषा стенá दीवाल

बाक़ी बलरहित शब्दांशों में е और я का उच्चारण इससे भी अस्पष्ट होता है:

по́ле खेत тётя बुआ, मौसी, मामी, चाची

३) (क) शब्दारंभ में अथवा स्वरोत्तर [йа], [йэ], [йо], [йу] ध्वनि-संयोग я, е, ё, ю अक्षरों द्वारा सूचित किये जाते हैं:

я́хта एक क़िस्म की नाव ю́нга जहाज़ी लड़का
мая́к आकाशदीप каю́та जहाज़ का कक्ष

(ख) वही वर्ण я, е, ё, ю जब व्यंजनों के बाद आते हैं तब उनसे [а], [э], [о], [у] ध्वनियाँ सूचित होती है और उनके पहले के व्यंजनों की मृदुता भी:

земля́ ज़मीन дя́дя चाचा
ме́сто जगह самолёт विमान

(ग) и के पहले भी व्यंजनों का मृदु उच्चारण किया जाता है:

кни́га पुस्तक лю́ди लोग

(ख) व्यंजन

१) रूसी में परस्परानुरूप कठोर और मृदु व्यंजनों की पन्द्रह जोड़ियाँ है। तीन ऐसे व्यंजन है जो सामान्यतः कठोर होते हैं और तीन ऐसे व्यंजन हैं जो हमेशा केवल मृदु होते हैं।

ь वर्ण व्यंजन की मृदुता सूचित करता है (नवाँ अध्याय देखिये)।

सामान्यतः कठोर	कठोर और मृदु		हमेशा मृदु
ж ш ц	б	бь	ч щ й
	п	пь	
	д	дь	
	т	ть	
	в	вь	
	ф	фь	
	з	зь	
	с	сь	
	л	ль	
	м	мь	
	н	нь	
	р	рь	
	г	е और и के पहले मृदु	
	к		
	х		

२. वर्णविचार

(क) व्यंजनोत्तर स्वर

१) а, э, о, у, ы वर्ण आम तौर पर कठोर व्यंजनों के बाद आते हैं। उदाहरणार्थ:

ла́мпа, дом

२) я, е, ё, ю, и वर्ण आम तौर पर मृदु व्यंजनों के बाद आते हैं। उदाहरणार्थ:

земля́, лю́ди

३) ж, ч, ш, щ और г, к, х के बाद и, у, а वर्ण हमेशा लिखे जाते हैं लेकिन ы, ю, я वर्ण कभी भी नहीं लिखे जाते, उदाहरणार्थ:

жить रहना　　　　Щу́кин एक पुल्लिंग कुलनाम

अपवाद—मूलत: विदेशी कई शब्द, उदाहरणार्थ: жюри́

४) ц के बाद и या ы लिखा जा सकता है। लेकिन उच्चारण हमेशा [цы] होता है।

अधिकतर शब्दों में ц वर्ण जब शब्द के आरंभ में होता है तब उसके बाद и वर्ण आता है, ы वर्ण नहीं (मूलत: विदेशी शब्दों के बारे में यह नियम विशेष रूप में लागू है):

цирк सरकस　　　　ци́фра अंक

-ция प्रत्यय में ц के बाद हम и लिखते हैं, उदाहरणार्थ:

на́ция राष्ट्र　　　　револю́ция क्रान्ति

शब्दांत में ц के बाद अक्सर ы लिखा जाता है:

отцы́ पिता (बहुवचन)

(ख) वर्ण э

э वर्ण सामान्यत: शब्द के आरंभ में या स्वर के बाद आता है:

эпо́ха युग　　　　аэродро́м हवाई अड्डा

э वर्ण э́тот (यह) शब्द के सभी रूपों में तथा मूलत: विदेशी शब्दों में भी प्रयोग किया जाता है।

व्यंजन के बाद यह शायद ही लिखा जाता है। मूलत: विदेशी शब्द э या е के साथ लिखे जा सकते हैं। देखिये: Мэ́ри और Ме́ри.



पाठ

1. Зима́. Вот лес. Всю́ду снег. Снег блести́т. Он блести́т я́рко. Моро́з. Вот река́. Здесь лёд. Лёд то́же блести́т. Со́лнце све́тит и не гре́ет. Хо́лодно. Очень хо́лодно.

2. Ле́то. Вот по́ле. Как краси́во вокру́г! Как я́рко све́тит со́лнце. Оно́ све́тит и гре́ет. Шуми́т, шуми́т пшени́ца. Тепло́. Очень тепло́. Колхо́зница Ма́ша рабо́тает и поёт. Она́ рабо́тает хорошо́ и поёт то́же хорошо́.

शब्दसंग्रह

блести́т	चमकता-ती चमक रहा-ही है	**гре́ет**	गरमाता-ती है; गरमाहट देता-ती है
вокру́г	इर्द-गिर्द, चारों ओर	**как**	कैसे
всю́ду	सर्वत्र	**колхо́зница**	(स्त्री०) सामूहिक कृषक स्त्री

краси́во	सुन्दर	**со́лнце**	(नपुं०) सूरज
лёд	(पु०) जमी हुई बरफ़	**тепло́**	गरम है
све́тит	जगमगाता-ती है ; जगमगा रहा-ही है	**хо́лодно**	शीतल है
снег	(पु०) हिम, बरफ़	**я́рко**	उज्ज्वलता से, उज्ज्वल, तेज

उच्चारण

г → [к]	снег, вокру́г
в → [ф]	всю́ду
з → [с]	моро́з
д → [т]	лёд, съезд
е → [и]	тепло, блести́т, о́чень

टिप्पणी: л वर्ण **со́лнце** शब्द में अनुच्चारित है।

सुलेखन

Зима. Мороз. Всюду снег и лёд
Ярко блестит снег. Это фабрика.
Здесь работает мой друг Миша Иванов.
Там наш съезд. Вот объявление.
Я еду на съезд.
Там карта. Тут план. Это наш план.

अभ्यास

१. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों में कौनसे व्यंजनों का मृदु उच्चारण होता है और यह स्पष्ट कीजिये कि लेखन में उनकी मृदुता कैसे सूचित की जाती है:

мать, ро́дина, о́чень, лёд, снег, тепло́, дя́дя

२. नीचे दिये गये शब्दों को निम्नलिखित आधार पर दो स्तम्भों में लिखिये:

(क) ऐसे शब्द जिनमें **е, ё, ю, я** वर्ण अस्पष्ट **й** का स्वर के साथ संयोग सूचित करते हैं: **юг, каю́та.**

(ख) ऐसे शब्द जिनमें **е, ё, ю, я** वर्ण उनके पहले के व्यंजन की मृदुता सूचित करते हैं: нéбо.

мая́к, самолёт, дéти, лю́ди, он поёт, я знáю, моя́, éду, я́хта, ёлка

३. यह बताइये कि निम्नलिखित शब्दों में (क) **о** वर्ण का उच्चारण कैसे किया जाता है:

моя́, Москвá, товáрищ, колхóзник, онá, морóз, хорошó, хóлодно

(ख) **е** वर्ण का उच्चारण कैसे किया जाता है:

лети́т, рекá, лéто, земля́, учени́к, дéти

(ग) अन्त्य व्यंजनों का उच्चारण कैसे किया जाता है:

клуб, колхóз, сад, хлеб, Ивано́в, мёд, снег

४. कौनसा वर्ण आवश्यक है:

ы या **и**		**а** या **я**	
ж...знь	जीवन	ч...й	चाय
маш...на	इंजिन	ч...сы́	घड़ी

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

सूरज तेज़ जगमगाता है। पाला (पड़ा) है। हिम चमकता है।

६. वर्णमाला (सभी वर्णों के क्रम तथा नामों) को कंठस्थ कीजिये। (वर्णमाला इस पुस्तक के आरम्भ में दी गई है)

УРОК 11 ग्यारहवाँ अध्याय

पहले भाग का सारांश

(पहले से दसवें अध्याय तक)



पाठ

Это ка́рта СССР. Вот се́вер, юг, восто́к и за́пад. Вот Ленингра́д[1] и река́ Нева́[2]. Здесь река́ Во́лга и река́ Дон. Вот го́род Улья́новск, го́род Сталингра́д и кана́л Во́лга-Дон.

Вот юг, здесь Кавка́з, го́род Тбили́си[3] и гора́ Эльбру́с[4]. Здесь тепло́. Ярко све́тит со́лнце. Вот го́род и порт Оде́сса[5]. Здесь то́же тепло́.

Там се́вер. Там го́род и порт Арха́нгельск[6]. Там ещё зима́, хо́лодно. Всю́ду снег и лёд.

Вот столи́ца СССР. Столи́ца СССР — Москва́.

शब्दसंग्रह

восто́к	(पु०)	पूर्व	**се́вер**	(पु०)	उत्तर
го́род	(पु०)	शहर	**столи́ца**	(स्त्री०)	राजधानी
за́пад	(पु०)	पश्चिम	**юг**	(पु०)	दक्षिण

Примечания. टिप्पणियाँ :

1. Ленингра́д — सोवियत संघ में दूसरे क्रमांक का विशालतम शहर। एक महत्वपूर्ण बंदरगाह।

2. Нева́ — वह नदी जिसके तट पर लेनिनग्राद शहर बसा हुआ है।

3. Тбили́си — जॉर्जियन सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी।

4. Эльбру́с — काकेशस पर्वतमाला में तथा युरोप में सर्वोच्च शिखर।

5. Оде́сса — काला सागर के तट पर स्थित एक बड़ा शहर तथा बंदरगाह।

6. Арха́нгельск — रूस के उत्तर में श्वेत समुद्र के तट पर स्थित एक बड़ा शहर तथा बंदरगाह।

गिनिये :

१ — 1 оди́н, २ — 2 два, ३ — 3 три, ४ — 4 четы́ре, ५ — 5 пять, ६ — 6 шесть, ७ — 7 семь, ८ — 8 во́семь, ९ — 9 де́вять, १० — 10 де́сять, ११ — 11 оди́ннадцать, १२ — 12 двена́дцать.

उच्चारण :

о → अस्पष्ट [а]: оди́н

е → [и]: четы́ре

е → अत्यन्त अस्पष्ट [и]: четы́ре, во́семь

я → अत्यन्त अस्पष्ट [и]: де́вять, де́сять

अभ्यास

१. वर्णमाला को पढ़िये :

а б в г д е ё ж з и й к л м н о п
р с т у ф х ц ч ш щ ъ ы ь э ю я

२. निम्नलिखित भौगोलिक नामों को वर्णमाला के क्रमानुसार लिखिये :
Москва́, Ленингра́д, Сталингра́д, Улья́новск, Алта́й, Кавка́з, Во́лга, Байка́л, Дон, Баку́, Ура́л, Арха́нгельск, Оде́сса, Ялта, Пами́р, Эльбру́с, Ри́га, Тбили́си

३. निम्नलिखित व्यक्तिवाचक संज्ञाओं को वर्णमाला के क्रमानुसार लिखिये :
Юрий, Ива́н, Ви́ктор, Михаи́л, Мари́я, Со́фья, Екатери́на, Анна

४. ऊष्म वर्ण कहलानेवाली रूसी ध्वनियों के नाम बताइये।

५. जिन स्वरों के पहले и ध्वनि सुनी जाती है उनको सूचित करनेवाले वर्णों का नाम बताइये।

६. यह बताइये कि किन वर्णों के पहले (ж, ш, ц को छोड़ कर) व्यंजनों का मृदु उच्चारण किया जाता है।

७. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये और हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये :

1. Вот дом, двор и сад. Это шко́ла. Вот ко́мната. Это класс. Здесь мой сын Ми́ша Ивано́в. Това́рищ Щу́кин — учи́тель. Он даёт уро́к.

2. Здесь кни́га, газе́та и журна́л. Там каранда́ш и бума́га. Вот ка́рта. Здесь го́род Москва́. Москва́ — столи́ца СССР.

3. Самолёт лети́т на юг. Там сейча́с ле́то. Ярко све́тит со́лнце. Там тепло́, о́чень тепло́. Впереди́ го́род и порт Оде́сса.

८. सातवें अभ्यास में दिये गये वाक्यों को किसी से कहलवा कर लिखिये।

९. स्मरण से रूसी वर्णमाला को बड़े और छोटे अक्षरों में लिखिये।
उदाहरणार्थ: Aa

१०. निम्नलिखित संख्याओं में से प्रत्येक का रूसी नाम बताइये और उनको शब्दों में लिखिये:

३, ७, ५, २, ८, ६, ९, ४, १०, १२

ध्वनि संबंधी अभ्यास

(पुनरावृत्ति)

प्रथम भाग में आये हुए निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण कीजिये। जिन शब्दों का अर्थ आप नहीं जानते हैं उन्हें इस पुस्तक के अन्त में दिये गये शब्दसंग्रह में देख लीजिये।

१. स्वर-ध्वनियाँ

о → अस्पष्ट a (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में):

оná, онó, окнó, оди́н, обéд, огóнь, отéц, офицéр, Одéсса, аэродрóм, горá, водá, моя́, моё, твоя́, твоё, пою́, поёт, Москвá, колхóзник, самолёт, боéц, высокó, морóз, товáрищ, солдáт, по-рýсски

तुलना कीजिये:

सहित о		बलरहित о
он	—	онá
мой	—	моя́
твой	—	твоя́
дом	—	домóй
стол	—	столи́ца

о → अत्यन्त अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

э́то, сло́во, не́бо, ме́сто, мо́лот, ма́ло, мы́ло, ми́ло, бы́стро, я́сно, хло́пок, о́вощи, я́блоко, ло́тос, шко́ла

о → अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में)
о → अत्यन्त अस्पष्ट а (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती दूसरे शब्दांश में):

голова́, потоло́к, молоко́, говорю́, говори́т, хорошо́

е → अस्पष्ट **и** (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में):

стена́, сестра́, лети́т, блести́т, река́, земля́, учени́к, учени́ца, сейча́с, тепло́, во́семь, впереди́, блести́т, о́чень

е → अत्यन्त अस्पष्ट **и** (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

по́ле, рабо́тает, се́вер, впереди́

я → अस्पष्ट **и** (बलसहित शब्दांश के पूर्ववर्ती शब्दांश में):
язы́к

я → अत्यन्त अस्पष्ट **и** (बलसहित शब्दांश के बाद के शब्दांश में):

тётя, дя́дя, де́вять, де́сять

ы (बलसहित तथा बलरहित शब्दांश में केवल कठोर व्यंजन के बाद):

мы, вы, ты, сын, дым, сыр, ды́ня, ты́ква, высоко́, бы́стро, ры́нок, язы́к, часы́, камы́ш

तुलना कीजिये:

व्यंजन + **и**		व्यंजन + **ы**
мир	—	мы
ми́ло	—	мы́ло
винт	—	вы
оди́н	—	дым
зима́	—	язы́к

२. व्यंजन-ध्वनियाँ

कठोर л

ла — ла́мпа, план, сла́ва, тала́нт, сала́т, хала́т, шко́ла

ло — ло́тос, плот, слон, флот, молоко́, я́блоко, потоло́к

ло [ла] — голова́, молоко́, хо́лодно, я́блоко

лу — лук, клуб, луна́

л — стол, стул, пол, мол, бал, был, зал, кана́л, футбо́л, вокза́л, Ура́л, Байка́л, Алта́й, Во́лга, шёлк, холм, колхо́з, таре́лка, ви́лка

मृदु л

ля — земля́

ле — лес, ле́то, хлеб, объявле́ние

ле [ли] — лети́т, блести́т, по́ле

ли — и́ли, Сталингра́д

лю — люк, лю́ди, револю́ция

ль — моль, соль, учи́тель, учи́тельница, Эльбру́с, Арха́нгельск, Улья́новск

तुलना कीजिये :

मृदु л	कठोर л
мель	мел
люк	лук
земля́	шко́ла
столи́ца	стол

मृदु д

дя — дя́дя, Воло́дя

де — де́ти, здесь, студе́нт, студе́нтка, где, де́вять, де́сять, де́ньги

ди — ро́дина, лю́ди, впереди́

дю — дюйм

дь — сва́дьба

मृदु т

тя — тётя, Ви́тя

те — оте́ц

тё — тётя

ти — карти́на, Ники́тин, лети́т

тю — костю́м

ть — мать, Татья́на, статья́, пять, шесть, де́вять, де́сять

मृदु н

ня — ня́ня, Со́ня, Ва́ня, Та́ня, Же́ня, дыня

не — не́бо, нет, кузне́ц, инжене́р

нё — нёбо

ни — те́хник, колхо́зник, понима́ю, граждани́н

ню — Ню́ра

нь — ого́нь, де́ньги, жизнь, о́чень

मृदु м

мя — мя́со, зна́мя

ме — мел, ме́сто

мё — мёд

ми — мир, шуми́т

мь — семь, во́семь

मृदु в

ве — ве́тка, ве́ра, вещь, све́тит

ви — винт, ви́лка

मृदु з

зи — зима́

зе — газе́та, земля́ (е- > и)

मृदु с

си — си́ла, краси́во

се — се́но, семь, се́вер

сь — здесь

ж — हमेशा कठोर

жа — жа́рко

же — Же́ня, уже́, то́же (е अस्पष्ट है), инжене́р

жи — Жи́лин, у́жин, жизнь

жу — жук, жужжи́т, журна́л

ж — гражданин, гражда́нка

कठोर р

ра — ра́ма, рабо́чий, рабо́тает, трава́, фра́за, брат, страна́, грамм, рабо́тница, граждани́н, гражда́нка, гора́, врач, краси́во, сестра́, ци́фра, каранда́ш, Ура́л

ро — ро́за, ро́дина, рот, оборо́на, доро́га, гром, уро́к, хорошо́

ру — рука́, руче́й, вокру́г, ру́чка, фру́кты, Эльбру́с, друг

ры — ры́нок, ры́ба

р — двор, па́рта, спорт, фо́рма, ка́рта, мир, центр, сыр, офице́р, жа́рко, журна́л, инжене́р

मृदु р

ре — таре́лка, гре́ет

ри — три, говори́т, фа́брика

рю — трюм, говорю́

щ — हमेशा मृदु

ще — ще́пка, щель

щё — щётка, ещё

щи — защи́та, о́вощи, трещи́т

щу — Щу́кин

щ — вещь, това́рищ

ц — हमेशा कठोर

ца — пшени́ца, столи́ца, рабо́тница, колхо́зница, пти́ца

це — центр, цех, офице́р

ц отéц, кузнéц, боéц

कठोर **х**

ха — хала́т, са́хар

хо — холм, хор, хо́лодно

х я́хта, бу́хта, хлеб, хло́пок, те́хник

хи — хи́мик

хе — схе́ма

अघोषीकृत व्यंजन

शब्द के अन्त में: клуб, хлеб, сад, заво́д, го́род, друг, юг, снег, вокру́г, лёд, съезд, обе́д, мёд, Ивано́в, Ки́ев, нож, рожь, колхо́з, моро́з, Кавка́з

अन्य अघोषीकृत व्यंजन से पहले (शब्दारंभ में या शब्द के बीच में): всё, всю́ду, за́втрак, Кавка́з, Улья́новск

दूसरा भाग

УРОК 12a

व्याकरण :

प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाएं
संज्ञाओं का लिंग (सारांश)
अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
शब्द का मूल रूप तथा विभक्ति
Нет और **не** के साथ वाक्यरचना
विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तर प्राप्त करने वाला प्रश्न

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाएं

रूसी व्याकरण में प्राणिवाचक तथा अप्राणिवाचक संज्ञाएं हैं। प्राणिवाचक संज्ञाएं व्यक्तियों तथा मनुष्येतर प्राणियों को सूचित करती हैं :

брат भाई   лéбедь राजहंस

अप्राणिवाचक संज्ञाएं वस्तुओं तथा भाववाचक कल्पनाओं को सूचित करती हैं :

кни́га पुस्तक   знáние ज्ञान

प्रश्न जब मनुष्यों या मनुष्येतर प्राणियों से संबंधित होता है तब **кто?**— कौन? प्रश्नार्थक सर्वनाम का उपयोग किया जाता है।

Кто́ это?—Мой брат.   यह कौन है? (यह) मेरा भाई (है)।

वस्तुओं से संबंधित (और कभी-कभी प्राणियों से संबंधित) प्रश्न में **что?**— क्या? प्रश्नार्थक सर्वनाम का उपयोग किया जाता है।

Что́ это?—Кни́га.   यह क्या है? (यह) पुस्तक (है)।

२. संज्ञाओं का लिंग (सारांश)

१. रूसी भाषा में तीन लिंग हैं: पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक-लिंग।

२. बहुतांश प्राणिवाचक संज्ञाओं का लिंग उनके द्वारा सूचित व्यक्तियों तथा मनुष्येतर प्राणियों की जाति के अनुसार निश्चित होता है, उदाहरणार्थ:

студéнт (पु०) विद्यार्थी студéнтка (स्त्री०) विद्यार्थिनी
актёр (पु०) अभिनेता актрúса (स्त्री०) अभिनेत्री

३. रूसी संज्ञा का लिंग संबंधित संज्ञा के एकवचन के अन्त्याक्षर के अनुसार भी निश्चित किया जा सकता है; खास कर अप्राणिवाचक संज्ञाओं के बारे में यह बात विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसी संज्ञाओं में लिंग-सूचक और कोई चिन्ह नहीं रहता है।

अन्त्याक्षर के अनुसार संज्ञाओं को आगे की तरह पुल्लिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक-लिंग संज्ञाओं में विभाजित किया जाता है:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
अन्त्याक्षर :	अन्त्याक्षर :	अन्त्याक्षर :
१. व्यंजन	-а	-о
студéнт विद्यार्थी	странá देश	окнó खिड़की
стол मेज़	кнúга पुस्तक	слóво शब्द
труд श्रम	сестрá बहन	мéсто जगह
२. व्यंजन + ь	-я	-е
учúтель अध्यापक	землÿ ज़मीन	пóле खेत
день दिन	фамúлия कुलनाम	знáние ज्ञान
путь मार्ग	семьÿ परिवार	
३. -й	व्यंजन + ь	-мя
май मई	жизнь जीवन	úмя नाम
чай चाय	дочь पुत्री	знáмя पताका
герóй नायक; वीर	нóвость समाचार	врéмя समय

पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाओं से प्राणी तथा जड़ वस्तुएं सूचित हो सकती हैं

брат (पु०) भाई потолóк (पु०) छत
сестрá (स्त्री०) बहन стенá (स्त्री०) दीवाल

कुछ ही अपवादों को छोड़ कर लगभग सभी नपुंसक-लिंग संज्ञाओं से जड़ वस्तुएं या भाववाचक कल्पनाएं सूचित होती हैं:

по́ле खेत   вре́мя समय

४. व्यंजन + ь जिन संज्ञाओं के अन्त में हैं वे संज्ञाएं पुल्लिंग या स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती हैं। ध्यान रखिये कि:

(क) जब ь वर्ण के पहले कोई ऊष्म वर्ण (ж, ч, ш, щ) होता है तब वह संज्ञा स्त्रीलिंग होती है: ночь रात, рожь राइ, вещь वस्तु, мышь चूहा।

(ख) जिनके अन्त में -сть वर्ण होते हैं वे संज्ञाएं लगभग हमेशा स्त्रीलिंग संज्ञाएं होती हैं: но́вость समाचार, честь सम्मान (इस नियम का अपवाद है гость अतिथि शब्द जो पुल्लिंग है)

५. (क) पुरुष जाति सूचक कुछ संज्ञाओं के अन्त में -а या -я होता है। ऐसी संज्ञाओं का लिंग जाति के अनुसार निश्चित होता है:

мужчи́на पुरुष   дя́дя चाचा

(ख) कुछ पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं तथा पुल्लिंग व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के कई लघुरूपों के अन्त में भी -а या -я वर्ण हो सकता है:

Ники́та
Ми́ша — Михаи́л का लघुरूप
Ко́ля — Никола́й का लघुरूप
Воло́дя — Влади́мир का लघुरूप

(ग) अन्त्याक्षर -ин और -ов वाले रूसी कुलनामों (ये रूसी में अत्यधिक प्रचलित हैं) के पुल्लिंग और स्त्रीलिंग में भिन्न रूप होते हैं: पुल्लिंग रूप के अन्त में -а जोड़ कर स्त्रीलिंग रूप बनाया जाता है:

पुल्लिंग रूप	स्त्रीलिंग रूप
Ники́тин, Ивано́в	Ники́тина, Ивано́ва

६. रूसी भाषा में -мя अन्त्याक्षर वाली दस नपुंसक-लिंग संज्ञाएं हैं। इनमें से अधिक प्रचलित संज्ञाएं पृष्ठ ६८ पर की सारणी में दी गई हैं।

७. कुछ रूसी संज्ञाओं का उपयोग पुरुष या स्त्री जाति के व्यक्तियों के बारे में (समान रूप में) किया जा सकता है, उदाहरणार्थ: това́рищ साथी, врач डॉक्टर, агроно́м कृषिशास्त्रज्ञ।

३. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

रूसी में एक ही अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम से प्राणी तथा जड़ वस्तुएं सूचित होती हैं, इस सर्वनाम के लिंगानुसार तीन रूप होते हैं: **он** पु०, **онá** स्त्री०, **онó** नपुं०।

Вот **стол**. **Он** здесь. (पुल्लिंग) यह मेज़ है। वह यहाँ है।

Где **кнúга**? **Онá** там. (स्त्रीलिंग) पुस्तक कहाँ है? वह वहाँ है।

Где **перó**? Вот **онó**. (नपुंसक-लिंग) निब कहाँ है? यह है।

४. शब्द का मूल रूप तथा विभक्ति

रूसी भाषा के विद्यार्थी को शब्द के मूल रूप तथा विभक्ति का अन्तर ठीक समझ लेना चाहिये।

शब्द का वह अंतिम हिस्सा जिसके कारण शब्द का व्याकरण संबंधी रूप स्पष्ट होता है और जिसका रूपांतर हो सकता है, विभक्ति कहलाता है। विभक्ति, वाक्य में एक शब्द का दूसरे शब्द से संबंध दिखाती है। उदाहरणार्थ, संज्ञाओं के अन्त्याक्षर o और a विभक्तियाँ हैं। -a विभक्ति दिखा सकती है कि **кнúга** संज्ञा स्त्रीलिंग, एकवचन में है; -o विभक्ति दिखा सकती है कि **слóво** संज्ञा नपुंसक-लिंग, एकवचन में है। संज्ञाओं में विभक्ति के अभाव से भी उनका व्याकरण संबंधी रूप पहचानने में सहायता मिलती है। उदाहरणार्थ, विभक्ति के अभाव से स्पष्ट होता है कि **стол** संज्ञा पुल्लिंग है।

शब्द का मूल रूप है विभक्ति रहित पूर्ण शब्द। उदाहरणार्थ, **кнúга** और **слóво** शब्दों में मूल रूप है **книг-** और **слов-** । **дом** शब्द में विभक्ति नहीं है --अतः पूरा शब्द ही मूल रूप है।

५. **нет** और **не** के साथ वाक्यरचना

нет हिन्दी 'नहीं' के समान है।

не हिन्दी 'नहीं', 'न', 'मत' के समान है।

нет शब्द का अर्थ **да** शब्द के विरुद्ध है। तुलना कीजिये:

Это кнúга?	क्या यह पुस्तक है?
Да, э́то кнúга.	जी हाँ, यह पुस्तक है।
Нет, э́то не кнúга.	जी नहीं, यह पुस्तक नहीं है।
Это не кнúга, а журнáл.	यह पुस्तक नहीं है, यह पत्रिका है।

निषेधवाचक प्रश्न के उत्तर में нет शब्द हिन्दी 'हाँ' के अर्थ में प्रयुक्त होता है, उदाहरणार्थ:

Вы не студéнт? क्या तुम विद्यार्थी नहीं हो?

Нет, я студéнт. क्यों नहीं, (जी हाँ) मैं विद्यार्थी हूँ।

६. विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तर प्राप्त करने वाला प्रश्न

विधानार्थक या निषेधवाचक उत्तरापेक्षी प्रश्न रूसी में वाक्य के उच्चारण के प्रश्नार्थक लहजे से सूचित किया जाता है; वाक्य में शब्दों का क्रम अपरिवर्तित रहता है। तुलना कीजिये:

Он читáет. वह पढ़ रहा है।
Это клуб. यह क्लब है। } (विधान का लहजा)

Он читáет? Это клуб? (प्रश्न का लहजा)

वाक्य में शब्दों का क्रम बदला जा सकता है लेकिन ऐसा करना आवश्यक नहीं है। उल्टे शब्दक्रम के साथ वही प्रश्न:

Читáет он? (क्या) वह पढ़ रहा है?

Клуб это? (क्या) यह क्लब है?

Произношéние उच्चारण

д, т और н का मृदु उच्चारण कीजिये:

д [дь] дя́дя, Волóдя, день

т [ть] путь, гость, нóвость

н [нь] конь, день, жизнь, знáние

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

агронóм (पु०) कृषिशास्त्रज्ञ
актёр (पु०) अभिनेता
актри́са (स्त्री०) अभिनेत्री
врéмя (नपुं०) समय
герóй (पु०) नायक; वीर
гость (पु०) अतिथि
двенáдцать 12 बारह
день (पु०) दिन
знáние (नपुं०) ज्ञान
и́мя (नपुं०) नाम
конь (पु०) घोड़ा
лéбедь (पु०) राजहंस

мужчи́на (पु॰) पुरुष	путь (पु॰) मार्ग
мышь (स्त्री॰) चूहा	труд (पु॰) श्रम
но́вость (स्त्री॰) समाचार	фами́лия (स्त्री॰) कुलनाम
ночь (स्त्री॰) रात	флаг (पु॰) ध्वज
перо́ (नपुं॰) निब	честь (स्त्री॰) सम्मान

Примечание टिप्पणी

Флаг — ध्वज और **зна́мя** — पताका शब्दों में गड़बड़ न कीजिये।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(ख) प्राणियों, वस्तुओं तथा भाववाचक कल्पनाओं को सूचित करने वाली संज्ञाएं बताइये।

учени́к, ша́хта, ры́ба, ды́ня, ме́сто, самолёт, по́ле, лес, река́, клуб, колхо́зница, страна́, нау́ка, не́бо, земля́, оте́ц, де́вушка, фа́брика, заво́д, сло́во, хлеб, ма́сло, чай, са́хар, ко́фе, молоко́, кни́га, бума́га, зна́ние, план, уро́к, бу́ква, сын, столи́ца, това́рищ, объявле́ние, дя́дя, жизнь, ночь, врач, журна́л, каранда́ш, рожь, карти́на, мать, зима́, ле́то, май, статья́, студе́нтка, бу́хта, пол, стена́, потоло́к

२. अभ्यास १ में दी गई संज्ञाओं का लिंगानुसार वर्गीकरण कीजिये। उदाहरण:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
дом	ко́мната	окно́

३. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) यह पाठशाला है? जी हाँ। (२) यह फ़ैक्टरी है? जी नहीं, यह फ़ैक्टरी नहीं है, यह पाठशाला है। (३) साथी इवूकिन कामगार नहीं है, (क्या) है वह कामगार? जी हाँ, वह कामगार है। (४) यह पत्रिका नहीं है, (क्या) है यह पत्रिका? जी हाँ, यह पत्रिका है। (५) आप अध्यापक हैं? जी नहीं, मैं अध्यापक नहीं हूँ, मैं इंजीनियर हूँ।

४. खाली जगहों में अर्थानुसार **Ивано́в, Ники́тин** कुलनामों के पुल्लिंग या स्त्रीलिंग रूप रखिये:

1. Това́рищ ... — инжене́р. 2. Ве́ра ... — студе́нтка. 3. Вот мой брат Никола́й ... . 4. Со́ня ... — рабо́тница. 5. Ви́тя ... — мой това́рищ.

УРОК 12б

> शब्द-साधन :
>
> शब्द का धातु
>
> प्रत्यय
>
> कर्तृवाचक संज्ञा-प्रत्यय

ТЕКСТ पाठ

I

Вот граждани́н Ивано́в. Он ру́сский. Там гражда́нка Ивано́ва. Она́ то́же ру́сская. Кто э́то? Э́то това́рищ Луки́н. Он учи́тель? Нет, он инжене́р. Кто э́то? Э́то това́рищ Лукина́. Она́ врач? Нет, она́ агроно́м. Где она́? Она́ до́ма. Това́рищ Луки́н не ру́сский? Нет, он ру́сский. Он коммуни́ст. Това́рищ Лукина́ то́же коммуни́стка. Студе́нт Ми́ша — комсомо́лец. Студе́нтка Та́ня — комсомо́лка.

II

Арун Гупта — студе́нт. Он инди́ец. Тара Рой индиа́нка. Она́ студе́нтка? Нет, она́ журнали́стка. Она́ до́ма? Нет, она́ здесь. Рабо́чий Цой — коре́ец. Коре́ец Ким рабо́чий? Нет, он крестья́нин. Рабо́тница Ли — китая́нка. Она́ коммуни́стка. Ли Сюн — кита́ец? Да, он кита́ец. Он журнали́ст? Нет, он инжене́р. Он изуча́ет ру́сский язы́к.

Джон америка́нец. Мэ́ри америка́нка. Джим англича́нин. Его́ жена́ Кэт то́же англича́нка.

Моё и́мя Никола́й. Моя́ фами́лия Ивано́в.

III

Вот ко́мната. Пря́мо окно́. Нале́во дверь. Напра́во стои́т дива́н. Шкаф стои́т то́же напра́во. Посереди́не стои́т стол. Где стои́т дива́н? Он стои́т напра́во. Где стои́т шкаф? Он стои́т то́же напра́во. Где стои́т стол? Он стои́т посереди́не.

IV

Вот стол. Посередúне стоúт лáмпа. Напрáво лежúт журнáл «Знáние». Налéво лежúт журнáл «Наýка и жизнь». Где газéта «Прáвда»? Вот онá. Где газéта «Труд»? Онá там. Где письмó? Вот онó. Это учéбник? Нет, э́то ромáн «Войнá и мир». А э́то тóже ромáн? Нет, э́то не ромáн, э́то пóвесть. Это пóвесть «Счáстье». Кнúга лежúт úли стоúт? Онá стоúт. Журнáл лежúт úли стоúт? Он лежúт. Здесь лежúт ещё письмó и тетрáдь. Там лежúт учéбник.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

америкáнец (पु०) अमरीकन
америкáнка (स्त्री०) अमरीकन स्त्री
англичáнин (पु०) अंग्रेज़
англичáнка (स्त्री०) अंग्रेज स्त्री
войнá (स्त्री०) युद्ध
дверь (स्त्री०) दरवाज़ा, द्वार
дивáн (पु०) सोफ़ा
дóма क्रियावि० घर पर
домóй क्रियावि० घर को
журналúст (पु०) पत्रकार
журналúстка (स्त्री०) पत्रकार स्त्री
изучáть पढ़ना, अध्ययन करना
индиáнка (स्त्री०) भारतीय स्त्री
индúец (पु०) भारतीय पुरुष
китáец (पु०) चीनी पुरुष
китаянка (स्त्री०) चीनी स्त्री
коммунúст (पु०) कम्युनिस्ट
коммунúстка (स्त्री०) कम्युनिस्ट स्त्री
комсомóлец (पु०) कोम्सोमोल* सदस्य
«Знáние» (नपुं०) "ज़्नानिये" (एक सोवियत पत्रिका का नाम)
комсомóлка (स्त्री०) कोम्सोमोल सदस्या
корéец (पु०) कोरियन
крестья́нин (पु०) किसान
крестья́нка (स्त्री०) किसान स्त्री
лежúт पड़ा (पड़ी) है
мир (पु०) शान्ति
налéво क्रियावि० बायें
напрáво क्रियावि० दायें
письмó (नपुं०) पत्र
пóвесть (स्त्री०) कहानी, उपन्यास
посередúне क्रियावि० बीच में
«Прáвда» (स्त्री०) "प्राव्दा" (एक सोवियत समाचारपत्र का नाम)
пря́мо क्रियावि० सामने
ромáн (पु०) उपन्यास
рýсский (पु०) रूसी
стоúт खड़ा रहना-ती है; खड़ा रह रहा-ही है।
счáстье (नपुं०) सुख
тетрáдь (स्त्री०) कापी, बही
«Труд» (पु०) "त्रूद" (एक सोवियत समाचारपत्र का नाम)

*कोम्सोमोल: (कम्युनिस्ट युवक संघ) का संक्षेप।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ शब्द-साधन

१. शब्द का धातु

हिन्दी की तरह रूसी में भी धातु, शब्द का वह भाग है जिसमें उसका शाब्दिक अर्थ रहता है। कई शब्दों का धातु एक ही हो सकता है। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित शब्दों में уч- धातु है: учи́ть पढ़ाना; уче́ние अध्ययन; учи́тель अध्यापक; учени́к छात्र; уче́бник पाठ्यपुस्तक; изуча́ю मैं अध्ययन करता-ती हूं।

शब्द के धातु तथा मूल रूप में अन्तर होता है (बारहवाँ अध्याय देखिये): कुछ शब्दों में धातु और मूल रूप एक ही हो सकते हैं, उदाहरणार्थ, стол और сло́во शब्दों में। लेकिन मूल रूप में प्रत्यय या उपसर्ग या दोनों का समावेश हो सकता है।

धातु तथा प्रत्यय सहित मूल रूप: кита́-ец
" " उपसर्ग " (और विभक्ति): на-пра́в-о
" उपसर्ग, प्रत्यय " " (और विभक्ति): объ-явл-е́ни-е

२. प्रत्यय

शब्द में धातु तथा विभक्ति या अन्य चरम प्रत्यय के बीच के भाग को (यदि शब्द में विभक्ति न हो तो धातु के साथ जोड़े गये भाग को) प्रत्यय कहते हैं। प्रत्येक प्रत्यय शब्द के धातु के अर्थ का पूरक होता है। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित प्रत्ययों से संबंधित संज्ञाओं द्वारा सूचित व्यक्तियों के व्यवसाय, सामाजिक स्तर, दल-सदस्यत्व, राष्ट्रीयत्व आदि को समझ लेने में सहायता मिलती है। संज्ञा का लिंग पहचानने में भी प्रत्ययों से सहायता मिलती है।

३. कर्तृवाचक संज्ञा-प्रत्यय

पुल्लिंग		स्त्रीलिंग	
-ец	комсомо́лец	**-к-а**	комсомо́лка
	инди́ец	**-анк-а**	индиа́нка
	кита́ец	**-янк-а**	китая́нка
-анец	америка́нец	**-анк-а**	америка́нка

-анин	граждани́н; англича́нин	-анк-а	гражда́нка; англича́нка
-янин	крестья́нин	-янк-а	крестья́нка
-ник	колхо́зник	-ниц-а	колхо́зница
-тель	учи́тель	-ниц-а	учи́тельница
-ист	коммуни́ст	-ист-к-а	коммуни́стка
	студе́нт	-к-а	студе́нтка

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित पुल्लिंग संज्ञाओं के स्त्रीलिंग रूप लिखिये। पुल्लिंग या स्त्रीलिंग रूप सूचित करनेवाले प्रत्ययों को रेखांकित कीजिये:

उदाहरण: граждани́н—гражда́нка

англича́нин, америка́нец, кита́ец, не́мец, коммуни́ст, комсомо́лец, пионе́р, учени́к, крестья́нин, колхо́зник, журнали́ст

२. इस अध्याय के तीसरे और चौथे पाठ में आई हुई संज्ञाओं के लिंग बताइये।

३. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) यह कौन है? यह साथी इवानोव है। यह क्या है? यह हमारी पाठ्यपुस्तक है।

(२) यह पत्रिका है?
- जी हाँ।
- जी नहीं, यह पाठ्यपुस्तक है।
- यह पत्रिका नहीं है, यह पाठ्यपुस्तक है।

(३) आपका नाम क्या है? मेरा नाम अरुण गुप्त है। और आपका नाम क्या है? मेरा नाम इवान है, मेरा कुलनाम निकितिन है।

४. निम्नलिखित शब्दों को फिर से लिखिये और उनके धातु बताइये:

उदाहरण: учу́, учени́к — уч-

1) сло́во, слова́рь; 2) дом, до́ма, домо́й; 3) учё́бник, изуча́ю

УРОК 13[a]

व्याकरण :

संज्ञाओं का बहुवचन

अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का बहुवचन

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. संज्ञाओं का बहुवचन

(क) बहुवचन कैसे बनाया जाता है

बहुवचन संज्ञाओं में निम्नलिखित विभक्तियाँ लगती हैं:

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
-ы	-ы	-а
студéнт—студéнты	газéта—газéты	слóво—словá
завóд—завóды	странá—стрáны	окнó—óкна
мужчи́на—мужчи́ны	сестрá—сёстры	мéсто—местá
-и	-и	-я
а) урóк—урóки	кни́га—кни́ги	пóле—поля́
нож—ножи́	кры́ша—кры́ши	мóре—моря́
б) герóй—герóи	земля́—зéмли	знáние—знáния
в) гость—гóсти	фами́лия—фами́лии	
автомоби́ль—автомоби́ли	статья́—статьи́	
г) дя́дя—дя́ди	нóвость—нóвости	
	ночь—нóчи	
	вещь—вéщи	

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि रूसी संज्ञाओं के बहुवचन में -ы, -и या -а, -я विभक्तियाँ लगती हैं:

१. व्यंजनान्त (г, к, х और ж, ч, ш, щ को छोड़ कर) पुल्लिंग संज्ञाओं में बहुवचन की -ы विभक्ति लगती है: завóд—завóды

(ख) -а अन्त्याक्षरवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं का बहुवचन करते समय -а -ы में परिवर्तित होता है और उनमें बहुवचन की -ы विभक्ति ही लगती है (उन

मामलों को छोड़ कर जहाँ अन्तिम शब्दांश में г, к, х और ж, ч, ш, щ वर्ण होते हैं): газéта—газéты।

टिप्पणी: विद्यार्थी को ध्यान रखना चाहिये कि -ы वर्ण г, к, х तथा ж, ч, ш, щ के बाद कभी नहीं लिखा जाता (दसवाँ अध्याय देखिये)।

२. बाक़ी सब पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -и विभक्ति लगती है। ये संज्ञाएं इस प्रकार हैं:

(क) वे पुल्लिंग संज्ञाएं जिनके अन्त में г, к, х और ж, ч, ш, щ होते हैं (урóк—урóки);

(ख) वे स्त्रीलिंग संज्ञाएं जिनके अन्त में -а होता है और जिनके उपान्त्य अक्षर г, к, х या ж, ч, ш, щ होते हैं;

(ग) वे पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग संज्ञाएं जिनके एकवचन के अन्त में -я, -й, -ь होते हैं (земля́—зéмли, дя́дя—дя́ди, герóй—герóи, нóвость—нóвости)।

३. एकवचन में -о अन्त्याक्षर वाली नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -о के स्थान पर -а आता है: слóво—слова́।

४. -е अन्त्याक्षर वाली नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -е के स्थान पर -я आता है: пóле—поля́।

टिप्पणी: ж, ч, ш, щ, ц व्यंजनों के बाद -я वर्ण कभी नहीं आता।

(ख) पुल्लिंग संज्ञाओं के बहुवचन के विशेष रूप

१. कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में -а विभक्ति लगती है: дом—дома́, гóрод—города́, лес—леса́। कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं में -я विभक्ति लगती है: учи́тель—учителя́ (учи́тели), край—края́। बहुवचन में पुल्लिंग संज्ञाओं की -а और -я विभक्तियाँ बलसहित रहती हैं।

२. -ец (отéц) प्रत्यय वाली बहुतांश पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन -е स्वर को हटाकर तथा -ы जोड़कर बनता है (отцы́)।

३. -анин, -янин (граждани́н, крестья́нин) प्रत्यय वाली पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन हमेशा अन्तिम शब्दांश -ин को -е में परिवर्तित करके ही होता है: граждани́н—гра́ждане, крестья́нин—крестья́не।

४. **Ру́сский, рабо́чий** संज्ञाओं के बहुवचन हैं **ру́сские, рабо́чие**।

Това́рищи Ивано́в и Ники́тин ру́сские.	साथी इवानोव और निकितिन रूसी हैं।
Петро́в и Па́влов рабо́чие.	पेत्रोव और पावलोव कामगार हैं।

(ग) बहुवचन संज्ञाओं में बल की स्थिति

कुछ संज्ञाओं के बहुवचन में बल की स्थिति वही रहती है जो उनके एकवचन में होती है; जब कि कुछ संज्ञाओं में उसका स्थानान्तरण होता है।

१. जब एकवचन संज्ञा में संज्ञा के प्रथम या अन्तिम शब्दांश पर बल नहीं होता तब बहुवचन में वह अपरिवर्तित रहता है:

това́рищ—това́рищи	साथी—साथी (ब० व०)
газе́та—газе́ты	समाचारपत्र—समाचारपत्र (ब० व०)

इस नियम के कुछ अपवाद हैं, जहाँ संज्ञा के एकवचन में प्रथम या अन्तिम शब्दांश पर बल के होते हुए भी बहुवचन में वह अपरिवर्तित रहता है:

студе́нт—студе́нты	विद्यार्थी—विद्यार्थी (ब० व०)
кни́га—кни́ги	पुस्तक—पुस्तकें

२. (क) एक-शब्दांशवाली कई पुल्लिंग संज्ञाओं का बहुवचन करते समय बल को अन्तिम शब्दांश पर स्थानांतरित किया जाता है:

стол—столы́	मेज—मेजें
мост—мосты́	पुल—पुल (ब० व०)

(ख) अनेक शब्दांश वाली कई पुल्लिंग तथा नपुंसक-लिंग संज्ञाओं में भी बल को अन्तिम शब्दांशों पर स्थानांतरित किया जाता है:

каранда́ш—карандаши́	पेन्सिल—पेन्सिलें
сло́во—слова́	शब्द—शब्द (ब० व०)

(ग) जब पुल्लिंग संज्ञाओं में बहुवचन की -а, -я विभक्तियाँ लगती हैं तब बल को निरपवाद रीति से अन्तिम शब्दांश पर स्थानांतरित किया जाता है:

дом—домá घर — घर (ब० व०)

край—края́ धार — धारें

३. कुछ पुल्लिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक-लिंग संज्ञाओं के बहुवचन में बल को प्रथम शब्दांश पर स्थानांतरित किया जाता है:

рукá — ру́ки हाथ — हाथ (ब० व०)

стенá — сте́ны दीवाल — दीवालें

окнó — óкна खिड़की — खिड़कियाँ

(घ) -ов और -ин अन्त्याक्षर वाले रूसी कुलनामों का बहुवचन

-ов और -ин अन्त्याक्षर वाले (Ивано́в और Ники́тин जैसे) रूसी कुलनामों के बहुवचन में -ы विभक्ति लगती है:

сёстры Иванóвы इवानोव बहनें

брат и сестрá Ники́тины निकितिन भाई तथा बहन

२. अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम का बहुवचन

बहुवचन संज्ञा के स्थान पर तीनों लिंगों में они́ — वे का उपयोग किया जाता है:

Николáй ру́сский निकोलाई रूसी है।

Ольга тóже ру́сская. ओल्गा भी रूसी है।

Они́ ру́сские. वे रूसी हैं।

Где кни́ги? Они́ здесь. पुस्तकें कहाँ हैं? वे यहाँ हैं।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

автомоби́ль (पु०) मोटर गाड़ी	**мóре** (नपुं०) समुद्र
край (पु०) धार	**они́** वे
кры́ша (स्त्री०) छप्पर	**тринáдцать** 13 तेरह

Произношение उच्चारण

(क) निम्नलिखित शब्दों में -ы के उच्चारण पर ध्यान दीजिये:

студе́нты, заво́ды, газе́ты, стра́ны

(ख) निम्नलिखित शब्दों में -и तथा -я के पूर्ववर्ती मृदु व्यंजनों के उच्चारण पर ध्यान दीजिये:

пути́, автомоби́ли, но́вости, ды́ни, поля́, моря́

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित संज्ञाओं के बहुवचन लिखिये और उनमें बल की स्थिति सूचित कीजिये:

(क) बल अपरिवर्तित:

उदाहरण: ка́рта — ка́рты

столи́ца, план, самолёт, колхо́з, шко́ла, маши́на, кни́га, нау́ка, фа́брика, уро́к, зна́ние, но́вость, ночь, ла́мпа, фами́лия

(ख) बल शब्दान्त पर स्थानान्तरित:

उदाहरण: сто́л — столы́

учени́к, сад, двор, мост, сло́во, ме́сто, по́ле, мо́ре, лес, дом

(ग) बल प्रथम शब्दांश पर स्थानान्तरित:

उदाहरण: страна́ — стра́ны

река́, земля́, гора́, окно́

२. यह सूचित कीजिये कि -ец विभक्ति वाली निम्नलिखित संज्ञाओं का बहुवचन करते समय किस स्वर को हटाया गया है:

америка́нец — америка́нцы; кита́ец — кита́йцы; комсомо́лец — комсомо́льцы; оте́ц — отцы́

३. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन दीजिये:

उदाहरण: граждани́н — гра́ждане

англича́нин, крестья́нин

४. बाईं ओर के वाक्यों के रूसी कुलनामों से रिक्तपूर्ति कीजिये:


1. Влади́мир **Ивано́в** — студе́нт. Влади́мир и Никола́й ... — студе́нты.
2. **Та́ня Ники́тина** — комсомо́лка. Та́ня и Ве́ра ... — комсомо́лки.
3. Това́рищ **Щу́кин** — рабо́чий. Брат и сестра́ ... — рабо́чие.
4. Инжене́р **Жи́лин** — ру́сский. Ко́ля и Ва́ся ... — ру́сские.

УРОК 13б

ТЕКСТ

I. КАРТА

Это ка́рта СССР, вот го́род Москва́. Москва́ — столи́ца СССР. Здесь у́лицы и пло́щади, фа́брики и заво́ды, институ́ты и шко́лы, теа́тры и музе́и.





Вот Ленингра́д. Вот Сталингра́д. Вот Севасто́поль и Оде́сса. Это города́-геро́и. Там моря́. Вот ре́ки: Во́лга и Дон.

Это Кавка́з. Это Ура́л. Здесь го́ры и доли́ны, ре́ки и озёра, поля́ и леса́. Здесь города́ и колхо́зы, фа́брики и заво́ды, ша́хты.

II

Это ко́мната. Напра́во о́кна, нале́во две́ри, посереди́не стои́т стол.

Вот кни́ги, тетра́ди, ру́чки. Это уче́бник. Здесь те́ксты, грамма́тика, словари́ и упражне́ния.

III

Мы студе́нты. Сёстры Ивано́вы — учи́тельницы. Брат и сестра́ Па́вловы — колхо́зники.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

грамма́тика (स्त्री०) व्याकरण
доли́на (स्त्री०) घाटी
институ́т (पु०) उच्च विद्यालय
музе́й (पु०) संग्रहालय
о́зеро (नपुं०) (ब० व० **озёра**) सरोवर
пло́щадь (स्त्री०) चौक, मैदान
теа́тр (पु०) नाट्यशाला, थिएटर
текст (पु०) पाठ
у́лица (स्त्री०) सड़क
упражне́ние (नपुं०) अभ्यास

Произношение उच्चारण

निम्नलिखित ध्वनि-संयोगों का उच्चारण ध्यान में रखिये :

कठोर व्यंजन + ы	मृदु व्यंजन + и
заво́ды	пло́щади
те́ксты	пути́
столы́	автомоби́ли
го́ры	две́ри
доли́ны	они́

Примечание टिप्पणी:

Севасто́поль — काले समुद्र का एक महत्वपूर्ण बंदरगाह।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. पाठ में आई हुई बहुवचन संज्ञाओं को फिर से लिखिये और उनके एकवचन रूप दीजिये। उनके लिंग बताइये।

उदाहरण : студе́нты — студе́нт (पु०)

२. निम्नलिखित वाक्यों की संज्ञाओं तथा पुरुषवाचक सर्वनामों के एकवचन दीजिये :

1. Где учё́бники? Они́ здесь. 2. Где пи́сьма? Они́ там. 3. Где газе́ты? Вот они́.

३. तर्कसंगत संज्ञाओं से रिक्तपूर्ति कीजिये।

उदाहरण : газе́ты и журна́лы

заво́ды и ..., институ́ты и ..., теа́тры и ..., ре́ки и ..., города́ и ..., леса́ и ..., у́лицы и ..., кни́ги и ..., те́ксты и ..., брат и ...

УРОК 14*

व्याकरण :

- पुरुषवाचक सर्वनाम (सारांश)
- क्रिया का साधारण रूप
- क्रिया का वर्तमान काल; प्रथम तथा द्वितीय गण
- समुच्चयबोधक но तथा а
- निषेधवाचक वाक्य
- प्रश्नार्थक वाक्य (क्रमश:)
- संक्षिप्त उत्तर (क्रमश:)

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. पुरुषवाचक सर्वनाम (सारांश)

हिन्दी की तरह रूसी में भी उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम я, мы बोलने वाले या बोलने वालों के लिये प्रयोग किये जाते हैं। मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम ты, вы उनके लिये आते हैं जिनसे बात की जा रही हो। अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम он, онá, онó, они́ उस व्यक्ति या वस्तु के लिए आते हैं जिसके बारे में बात की जा रही हो।

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	я मैं	мы हम
मध्यम	ты* तू	вы तुम, आप
अन्य	он वह (पु०) онá » (स्त्री०) онó » (नपुं०)	они́ वे

* Ты हिन्दी 'तू' का समानार्थक शब्द है। रूसी में ты सर्वनाम सामान्यत: प्रयोग किया जाता है।

किसी व्यक्ति को नम्रतापूर्वक संबोधन करते समय **вы** (आदरसूचक) सर्वनाम का उपयोग किया जा सकता है:

Товáрищи Ивано́в и Лáпин, что **вы** дéлаете?	साथी इवानोव और लापिन तुम (आप) क्या कर रहे हो (हैं)?
Товáрищ Ивано́в, что **вы** дéлаете?	साथी इवानोव तुम (आप) क्या कर रहे हो (हैं)?

आदरसूचक संबोधन के रूप में **вы** सर्वनाम को वाक्य में बड़े अक्षर में लिखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में यह हिन्दी सर्वनाम "आप" का समानार्थक शब्द है।

२. क्रिया का साधारण रूप

१. क्रिया के साधारण रूप में अधिकांश रूसी क्रियाओं के अंत में **-ть** रहता है:

читáть पढ़ना   петь गाना   говори́ть बोलना

२. कुछ क्रियाओं के साधारण रूप में **-чь** अन्त्याक्षर रहते हैं; उदाहरणार्थ **мочь** "सकना" जिसके बारे में अध्याय 20ª में विचार किया जायगा।

३. क्रिया का वर्तमान काल

रूसी भाषा में वर्तमान काल का एक ही रूप रहता है। यह रूप हिन्दी भाषा के वर्तमान काल के उन दो रूपों के समान है जो निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त हैं:

वह पढ़ता है—और—वह पढ़ रहा है।

Сейчáс он читáет.	वह इस समय पढ़ रहा है।
Он читáет по-рýсски хорошó.	वह रूसी अच्छी तरह से पढ़ता है।

रूसी में वर्तमान काल में क्रियाओं के प्रत्यय पुरुष तथा वचन के अनुसार परिवर्तित होते हैं। प्रत्येक पुरुष में एकवचन तथा बहुवचन के अनुरूप क्रिया-प्रत्यय होते हैं। इन प्रत्ययों के अनुसार रूसी क्रियाओं को प्रथम गण तथा द्वितीय गण, इस प्रकार दो गणों में विभाजित किया जाता है। (ऐसी भी कई क्रियाएं हैं जिनमें मिश्रित प्रत्यय होते हैं।)

प्रथम गण

क्रिया का साधारण रूप: читáть पढ़ना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я читáю	मैं पढ़ता-ती हूँ, पढ़ रहा-ही हूँ	мы читáем	हम पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
मध्यम	ты читáешь	तू पढ़ता-ती है, पढ़ रहा-ही है	вы читáете	तुम पढ़ते-ती हो, पढ़ रहे-ही हो आप पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
अन्य	он / онá / оно́ } читáет	वह पढ़ता-ती है, पढ़ रहा-ही है	они́ читáют	वे पढ़ते-ती हैं, पढ़ रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю, -ешь, -ет, -ем, -ете, -ют				

क्रिया का साधारण रूप: петь गाना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я пою́	मैं गाता-ती हूँ, गा रहा-ही हूँ	мы поём	हम गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
मध्यम	ты поёшь	तू गाता-ती है, गा रहा-ही है	вы поёте	तुम गाते-ती हो, गा रहे-ही हो आप गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
अन्य	он / онá / оно́ } поёт	वह गाता-ती है, गा रहा-ही है	они́ пою́т	वे गाते-ती हैं, गा रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю, -ёшь, -ёт, -ём, -ёте, -ю́т				

द्वितीय गण

क्रिया का साधारण रूप: говори́ть बोलना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я говорю́	मैं बोलता-ती हूं, बोल रहा-ही हूं	мы говори́м	हम बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
मध्यम	ты говори́шь	तू बोलता-ती है, बोल रहा-ही है	вы говори́те	तुम बोलते-ती हो, बोल रहे-ही हो आप बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
अन्य	он / она́ / оно́ } говори́т	वह बोलता-ती है, बोल रहा-ही है	они́ говоря́т	वे बोलते-ती हैं, बोल रहे-ही हैं
प्रत्यय: -ю, -и́шь, -и́т, -и́м, -и́те, -я́т				

टिप्पणी: मध्यम तथा अन्य पुरुषों के प्रत्ययों से पता चलता है कि क्रिया कौनसे गण की है।

क्रिया के साधारण रूप का मूल रूप तथा वर्तमान काल का मूल रूप—

१. प्रत्यय को हटा कर क्रिया के साधारण रूप का मूल रूप मिलता है:

говори́-ть — говори́-

пе-ть — пе-

२. विभक्ति को हटा कर वर्तमान काल का मूल रूप मिलता है:

говор-ю́ — говор-

по-ю́ — по-

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि क्रिया के साधारण रूप के तथा वर्तमान काल के मूल रूप भिन्न हो सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है, क्योंकि जैसा कि आगे देखा जायगा कुछ क्रियाएं क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप से मिलती हैं जब कि अन्य क्रियाएं वर्तमान काल के मूल रूप से।

४. समुच्चयबोधक но और а

१. समुच्चयबोधक но का उपयोग भिन्नता दिखाने के लिये किया जाता है:

Я не говорю́ по-ру́сски, но понима́ю.	मैं रूसी बोलता नहीं लेकिन समझता हूं।

२. समुच्चयबोधक а से भी भिन्नता सूचित होती है:

Он поёт, а я нет.	वह गाता (गा सकता) है, और (लेकिन) मैं नहीं (गाता, गा सकता)।
Это стол, а то — стул.	यह मेज़ है और (पर) वह कुर्सी है।

फिर भी समुच्चयबोधक а का उपयोग संयोजक के रूप में भी किया जा सकता है और तब उसका अर्थ समुच्चयबोधक и (और) के समान होता है:

Вы поёте, а я чита́ю.	आप गा रहे हैं और मैं पढ़ रहा हूं।

५. निषेधवाचक वाक्य

निषेधवाचक वाक्यों में क्रिया के पहले не का उपयोग किया जाता है:

Он не чита́ет.	वह नहीं पढ़ता है।
Я не понима́ю.	मैं नहीं समझता हूं।

भिन्नता सूचक वाक्य में क्रिया को दोहराने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि उसके बजाय нет शब्द रखा ज.

Он чита́ет, а я—нет(=я не чита́ю).	वह पढ़ता है लेकिन मैं नहीं (पढ़ता हूं)।

६. प्रश्नार्थक वाक्य

(क्रमशः)

वर्तमान काल में де́лать करना क्रिया का उपयोग करते हुए प्रश्न पूछा जा सकता है:

Что ты де́лаешь?	तू क्या कर रहा है?
Что он де́лает?	वह क्या कर रहा है?
Что де́лают Ве́ра и Ко́ля?	वेरा और कोल्या क्या कर रहे हैं?
Что вы де́лаете?	तुम क्या कर रहे हो? / आप क्या कर रहे हैं?

७. संक्षिप्त उत्तर

(क्रमश:)

१. कर्ता से संबंधित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तरों में क्रिया छोड़ दी जा सकती है:

Кто говори́т по-ру́сски? — Я (=я говорю́).
Кто понима́ет по-хи́нди? — Мы (=мы понима́ем).
Кто рабо́тает хорошо́? — Ве́ра (=Ве́ра рабо́тает хорошо́).

२. प्रश्न जब क्रिया के संबंध में होता है तब संक्षिप्त उत्तर में पुरुषवाचक सर्वनाम छोड़ दिया जा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित पुरुष क्रिया के प्रत्यय से सूचित होता है:

Вы говори́те по-ру́сски? — Говорю́ (=я говорю́).
Что он де́лает? — Чита́ет (=он чита́ет).

उपर्युक्त उदाहरणों में я, он सर्वनाम छोड़ दिये गये हैं।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

говори́ть (говорю́, говори́шь) द्वि० ग० बोलना
де́лать (де́лаю, де́лаешь) प्र० ग० करना
но लेकिन
петь (пою́, поёшь) प्र० ग० गाना
писа́ть (пишу́, пи́шешь) प्र० ग० लिखना
понима́ть (понима́ю, понима́ешь) प्र० ग० समझना, जानना
уме́ть (уме́ю, уме́ешь) प्र० ग० सकना
четы́рнадцать 14 चौदह
чита́ть (чита́ю, чита́ешь) प्र० ग० पढ़ना

Произношение उच्चारण

मोटे टाइप में मुद्रित स्वरों तथा व्यंजनों के उच्चारणों को ध्यान में रखिये:

е → [и]: чита́ешь, чита́ет, чита́ем, чита́ете
изуча́ешь, изуча́ет, изуча́ем, изуча́ете

е → [и]: не чита́ю, не понима́ю, не уме́ю

о → अस्पष्ट [а]: говорю́, хорошо́, понима́ю, по-ру́сски

ш: говори́шь, понима́ешь, пи́шешь, чита́ешь

टिप्पणी: **-ешь, -ишь** प्रत्ययों में ь अक्षर यह नहीं सूचित करता कि ш व्यंजन का मृदु उच्चारण होता है।

वाक्य के शब्दों का उच्चारण सुसंबद्ध रीति से करना चाहिये:

Я уме́ю говори́ть по-ру́сски.
Мы хорошо́ понима́ем по-хи́нди.

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये;

(ख) हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये;

(ग) वर्तमानकालिक क्रियाओं के पुरुष तथा वचन बताइये:

1. Вы **чита́ете** по-ру́сски. 2. Мы **говори́м** по-англи́йски. 3. Ве́ра и Ко́ля **говоря́т** по-англи́йски. 4. Вы **уме́ете** петь? 5. Да, **уме́ю.** 6. Что **де́лает** това́рищ Ивано́в? 7. Он **рабо́тает.** 8. Что **де́лаешь** ты? 9. Я **чита́ю.** 10. Кто здесь хорошо́ **понима́ет** по-ру́сски? 11. Мы **понима́ем** хорошо́. 12. Я **понима́ю** по-ру́сски, а он нет. 13. Как **рабо́тают** това́рищ Ивано́в и Ники́тин? 14. Они́ **рабо́тают** хорошо́. 15. Что вы **де́лаете?** 16. Мы **чита́ем.**

२. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पहले विधान के लहजे में (बाईं ओर का स्तंभ) और बाद में प्रश्न के लहजे में (दाहिनी ओर का स्तंभ) पढ़िये; (ख) हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये (बारहवाँ अध्याय देखिये);

१. (क) Вы понима́ете по-ру́сски.	(ख) Вы понима́ете по-ру́сски?
२. (क) Това́рищ Ивано́в чита́ет.	(ख) Това́рищ Ивано́в чита́ет?
३. (क) Вы уме́ете петь.	(ख) Вы уме́ете петь?

३. उपर्युक्त वाक्यों को निषेधवाचक बनाइये और उनको पढ़िये:

उदाहरण: Вы чита́ете. — Вы не чита́ете.

४. Уме́ть क्रिया के योग्य रूपों का उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Я ... чита́ть. 2. Ты ... петь. 3. Мы ... чита́ть. 4. Вы ... петь. 5. Они́ ... говори́ть по-ру́сски.

५. Рабо́тать (प्रथम गण) काम करना तथा говори́ть (द्वितीय गण) बोलना क्रियाओं के रूप चलाइये।

६. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) आप क्या कर रहे हैं? हम काम कर रहे हैं। (२) साथी इवानोव क्या कर रहा है? वह पढ़ रहा है। (३) क्या वह रूसी पढ़ रहा है? जी नहीं, वह अंग्रेज़ी पढ़ रहा है। (४) क्या कोल्या और वेरा गा सकते हैं? कोल्या गा सकता है लेकिन वेरा नहीं (गा सकती)। (५) यहाँ अंग्रेज़ी कौन जानता है? साथी निकितिन और मैं।

УРОК 14б

ТЕКСТ

I

Я **индиец.** Я **говорю** на хинди. Тепéрь я **изучáю** рýсский язы́к. Я ужé немнóго понимáю и говорю́ по-рýсски.

Ты тóже **изучáешь** рýсский язы́к. Тепéрь ты тóже немнóго **понимáешь** и **говори́шь** по-рýсски.

Мой брат хорошó **говори́т** по-англи́йски, он **умéет** читáть по-немéцки. Моя́ сестрá умéет говори́ть по-францýзски.

— А вы **говори́те** по-францýзски? — Нет, не говорю́, но понимáю.

II

— Товáрищи, что вы сейчáс **дéлаете?**

— **Читáем.**

— Вы читáете по-англи́йски?

— Нет, по-рýсски. Мы изучáем рýсский язы́к

— Вы ужé понимáете по-рýсски?

— Да, немнóжко.

— Вы знáете, как по-рýсски слóво मातृभूमि?

— Знáю. Это «рóдина» и́ли «отéчество».

— А как по-рýсски слóво साथी?

— По-рýсски э́то «товáрищ».

III

Вот фáбрика. Здесь **рабóтает** товáрищ Иванóв. Он рабóтает по-нóвому.

Рабóтница Ники́тина тóже рабóтает по-нóвому. Товáрищи Иванóв и Ники́тина **рабóтают** по-нóвому.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

немно́го कुछ
немно́жко कुछ
оте́чество (नपुं०) पितृभूमि
по-англи́йски अंग्रेजी, अंग्रेजी में
по-неме́цки जर्मन, जर्मन में
по-но́вому नई पद्धति से
по-францу́зски फ्रेंच, फ्रेंच में
тепе́рь अब

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. इस अध्याय के पाठ में जिन क्रियाओं के प्रत्यय मोटे टाइप में छपे हुए हैं उन्हें फिर से लिखिये। उनके पुरुष, वचन तथा गण बताइये।

२. पुरुषवाचक सर्वनामों के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. ... понима́ешь по-ру́сски? 2. ... рабо́таем. 3. ... чита́ют 4. ... понима́ете по-англи́йски. 5. ... зна́ете, как по-ру́сски сло́во भाषा? 6. ... зна́ете, как по-хи́нди сло́во «страна́»?

३. योग्य प्रत्यय जोड़कर निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. Я понима- по-ру́сски. 2. Мы говор- по-англи́йски. 3. Мой това́рищ уме́- чита́ть по-ру́сски. 4. Моя́ сестра́ хорошо́ понима́- по-францу́зски. 5. Что де́ла- сейча́с де́ти?

४. निम्नलिखित वाक्य में понима́ть क्रिया के रूप चलाइये:

Я понима́ю по-ру́сски.

५. निम्नलिखित वाक्य में говори́ть क्रिया के रूप चलाइये:

Я говорю́ по-англи́йски.

६. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) मेरी बहन रूसी बोलती है। (२) हम रूसी सीख रहे हैं। (३) विद्यार्थी चंद्रा और नारायण जर्मन अच्छी तरह बोलते हैं। (४) आप रूसी तथा फ्रेंच पढ़ सकते हैं। (५) विद्यार्थी पावलोव तथा निकितिन हिन्दी जानते हैं।

УРОК 15*

व्याकरण :

क्रिया का साधारण रूप (क्रमश:)
क्रिया का वर्तमान काल (क्रमश:)
आज्ञार्थ
प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण где? और куда́?
स्थानवाचक क्रियाविशेषण

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. क्रिया का साधारण रूप (क्रमश:)

कुछ क्रियाओं के साधारण रूप के अंत में **-ти** अक्षर होते हैं। **идти́** 'जाना, चलना' क्रिया उनमें से एक है।

२. क्रिया का वर्तमान काल (क्रमश:)

१. प्रथम गण की कई क्रियाओं में वर्तमान काल उत्तम पुरुष एकवचन में -у प्रत्यय लगता है: **Я** иду́ मैं जाता-ती हूं, जा रहा-ही हूं; और अन्य पुरुष बहुवचन में -ут प्रत्यय लगता है: Они́ иду́т वे जाते-ती हैं; जा रहे-ही हैं।

क्रिया का साधारण रूप: **идти́ I** जाना, चलना

वर्तमान काल

पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я иду́	मैं जाता-ती हूं, जा रहा-ही हूं	мы идём	हम जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं
मध्यम	ты идёшь	तू जाता-ती है, जा रहा-ही है	вы идёте	तुम जाते-ती हो, जा रहे-ही हो आप जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं
अन्य	он / она́ / оно́ } идёт	वह जाता-ती है, जा रहा-ही है	они́ иду́т	वे जाते-ती हैं, जा रहे-ही हैं

प्रत्यय : -у́, -ёшь, -ёт, -ём, -ёте, -у́т (हमेशा बलसहित)

ऊष्म वर्ण ж, ч, ш, щ के बाद उत्तम पुरुष एकवचन के लिये हमेशा -у प्रत्यय रहता है пишу́, अन्य पुरुष बहुवचन के लिये -ут प्रत्यय रहता है (ऊष्म वर्णोत्तर स्वरों के लेखन सम्बन्धी नियम देखिये)।

क्रिया का साधारण रूप: писа́ть I लिखना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я пишу́	मैं लिखता-ती हूँ, लिख रहा-ही हूँ	мы пи́шем	हम लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं
मध्यम	ты пи́шешь	तू लिखता-ती है, लिख रहा-ही है	вы пи́шете	तुम लिखते-ती हो, लिख रहे-ही हो आप लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं
अन्य	он / она́ / оно́ } пи́шет	वह लिखता-ती है, लिख रहा-ही है	они́ пи́шут	वे लिखते-ती हैं, लिख रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -ешь, -ет, -ем, -ете, -ут (बलरहित)				

Писа́ть क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप में हमें с व्यंजन दिखाई देता है जब कि वर्तमान काल के मूल रूप में ш (пишу́) व्यंजन दिखाई देता है। ऐसी कुछ क्रियाएं हैं जिनके रूपों को चलाते समय с और ш व्यंजनों में अदल-बदल होता है।

२. द्वितीय गण की कुछ क्रियाओं के उत्तम पुरुष में भी -у प्रत्यय लगता है: я учу́ मैं सीखता-ती हूँ, सीख रहा-ही हूँ; और अन्य पुरुष बहुवचन में -ат प्रत्यय लगता है: они́ у́чат वे सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं।

क्रिया का साधारण रूप: учи́ть II सीखना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я учу́	मैं सीखता-ती हूं, सीख रहा-ही हूं	мы у́чим	हम सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं
मध्यम	ты у́чишь	तू सीखता-ती है, सीख रहा-ही है	вы у́чите	तुम सीखते-ती हो, सीख रहे-ही हो आप सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं
अन्य	он, она́, оно́ у́чит	वह सीखता-ती है, सीख रहा-ही है	они́ у́чат	वे सीखते-ती हैं, सीख रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -ишь, -ит, -им, -ите, -ат				

क्रिया का साधारण रूप сиде́ть II बैठना

वर्तमान काल				
पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	я сижу́	मैं बैठता-ती हूं, बैठ रहा-ही हूं	мы сиди́м	हम बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं
मध्यम	ты сиди́шь	तू बैठता-ती है, बैठ रहा-ही है	вы сиди́те	तुम बैठते-ती हो, बैठ रहे-ही हो आप बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं
अन्य	он, она́, оно́ сиди́т	वह बैठता-ती है, बैठ रहा-ही है	они́ сидя́т	वे बैठते-ती हैं, बैठ रहे-ही हैं
प्रत्यय: -у́, -и́шь, -и́т, -и́м, -и́те, -я́т				

Сидéть क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप में д व्यंजन है किन्तु वर्तमान काल के मूल रूप में ж और д दोनों हैं: сиж-ý, сид-ишь। कुछ रूसी क्रियाओं के रूप चलाते समय д-ж-д व्यंजनों में इस प्रकार अदल-बदल होता है।

३. आज्ञार्थ

रूसी में आज्ञार्थ के सर्वसाधारण रूप मध्यम पुरुष के एकवचन तथा बहुवचन के रूप होते हैं।

एकवचन		बहुवचन	
читáй	पढ़	читáйте	पढ़ो, पढ़िये
пой	गा	пóйте	गाओ, गाइये
иди́	जा	иди́те	जाओ, जाइये
говори́	बोल	говори́те	बोलो, बोलिये
готóвь	तैयार कर	готóвьте	तैयार करो, तैयार कीजिये

प्रथम तथा द्वितीय गण की क्रियाओं का आज्ञार्थ वर्तमान काल के मूल रूप से बनाया जाता है। आज्ञार्थ एकवचन का रूप प्राप्त करने के लिए वर्तमान काल मध्यम पुरुष एकवचन (या अन्य पुरुष बहुवचन) का प्रत्यय हटा दीजिये और वर्तमान काल के मूल रूप में निम्नलिखित अक्षरों में से उपयुक्त अक्षर जोड़ दीजिये:

(क) स्वरों के बाद — अक्षर й:

читá(ешь) + й — читáй　　पढ़

по(ёшь) + й — пой　　गा

(ख) व्यंजनों के बाद, प्रत्यय -и:

ид(ёшь) + и — иди́　　जा

говор(и́шь) + и — говори́　　बोल

ýч(ишь) + и — учи́　　सीख

(ग) कुछ क्रियाओं के अंत में ь अक्षर आता है:

готóв(ишь) + ь — готóвь　तैयार कर

आज्ञार्थ के बहुवचन रूप के लिये उसके एकवचन रूप में -те प्रत्यय लगाया जाता है:

читáй + те — читáйте   говорú + те — говорúте
пой + те — пóйте   учú + те — учúте
идú + те — идúте

४. प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण **где?** और **кудá?**

स्थानवाचक क्रियाविशेषण

रूसी क्रियाविशेषण **где?** और **кудá?** हिन्दी 'कहाँ' के समानार्थक हैं। उदाहरणार्थ:

Где вы рабóтаете?   तुम कहाँ काम करते हो?
Кудá вы идёте?   तुम कहाँ (किधर) जा रहे हो?

जिस स्थान में वस्तु स्थित है उस स्थान से सम्बन्धित प्रश्नों में प्रश्नवाचक क्रियाविशेषण **где?** का उपयोग किया जाता है।

Где? के साथ पूछे गये प्रश्न का उत्तर **здесь** यहाँ या **там** वहाँ शब्द से दिया जाता है:

Где он сидúт?   वह कहाँ बैठा है?
Он сидúт **там.**   वह वहाँ बैठा है।

Кудá? का उपयोग क्रिया की दिशा से सम्बन्धित प्रश्नों में किया जाता है। **Кудá?** शब्द के साथ पूछे गये प्रश्न का उत्तर **тудá** वहाँ (उधर) या **сюдá** यहाँ (इधर) शब्द से दिया जाता है:

Кудá он идёт?   वह कहाँ जा रहा है?
Он идёт **тудá.**   वह वहाँ जा रहा है।

Где, кудá, тудá, сюдá, здесь, там स्थानवाचक क्रियाविशेषण हैं।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

готóвить II* (**готóвлю, готóвишь**) तैयार करना
идтú I (**идý, идёшь**) जाना, चलना
кудá क्रियावि० कहाँ
пожáлуйста कृपया
пятнáдцать 15 पंद्रह
сидéть II (**сижý, сидúшь**) बैठा होना
сюдá क्रियावि० यहाँ, इधर
тудá क्रियावि० वहाँ, उधर
учúть II (**учý, ýчишь**) सीखना, सिखाना, पढ़ाना

* I — प्रथम गण; II — द्वितीय गण

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. (क) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये तथा हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये।

(ख) क्रियाओं के पुरुष, वचन तथा गण बताइये।

1. Я **иду́** домо́й. 2. Това́рищи Ивано́в и Па́влов **рабо́тают** здесь. 3. Вы хорошо́ **пи́шете** по-ру́сски. 4. Мы **чита́ем**. 5. Я немно́го **понима́ю** и **говорю́** по-ру́сски. 6. Что вы **у́чите?** 6. Кто **зна́ет**, как по-ру́сски сло́во शहर? 8. Что ты **де́лаешь?**

२. निम्नलिखित क्रियाओं को बहुवचन में लिखिये:

उदाहरण: он чита́ет — они́ чита́ют

1. Я пишу́ по-ру́сски. Мы ... по-ру́сски.
2. Он идёт домо́й. Они́ ... домо́й.
3. Ты поёшь хорошо́. Вы ... хорошо́.
4. Я сижу́ и чита́ю. Мы ... и ... .
5. Куда́ ты идёшь? Куда́ вы ...?
6. Что она́ де́лает? Что они́ ...?
7. Ма́ша говори́т по-англи́йски. Ма́ша и Та́ня ... по-англи́йски.
8. Он сиди́т и пи́шет. Они́ ... и ... .
9. Я понима́ю по-ру́сски. Мы ... по-ру́сски.
10. Това́рищ идёт и поёт. Това́рищи ... и ... .

३. निम्नलिखित क्रियाओं के आज्ञार्थ एकवचन तथा बहुवचन के रूप दीजिये:

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

альпини́ст (पु०), **альпини́стка** (स्त्री०) पर्वतारोही

бе́гать I (**бе́гаю, бе́гаешь**) दौड़ना

весёл||ый, -ая, -ое; -ые (संक्षिप्त रूप **ве́сел, -а́, -о; -ы**) आनंदी

во́лосы (ब० व०) बाल, केश

всегда́ क्रियावि० हमेशा

высо́к||ий, -ая, -ое; -ие ऊँचा

гео́лог (पु०) भूतत्त्व शास्त्रज्ञ

гла́вн||ый, -ая, -ое; -ые मुख्य, प्रमुख, प्रधान

глаз (पु०) (ब० व० **глаза́**) आँख

го́лос (पु०) (ब० व० **голоса́**) आवाज़

дру́жн||ый, -ая, -ое; -ые (संक्षिप्त रूप **дру́жен, дружна́, дру́жно, дружны́**) मैत्रीपूर्ण

заня́тие (नपुं०) व्यवसाय; पाठ; (ब० व० **заня́тия**) अध्ययन, विद्याभ्यास

кро́ме того́ (के) अलावा
лицо́ (नपुं०) (ब० व० ли́ца) चेहरा
люби́м||ый, -ая, -ое; -ые प्रिय
остроу́мн||ый, -ая, -ое; -ые परिहास-जनक, ठिठोलिया
пла́вать I (пла́ва||ю, -ешь) तैरना
све́тл||ый, -ая, -ое; -ые प्रकाशमान; све́тлые во́лосы सुनहरे बाल
се́р||ый, -ая, -ое; -ые भूरा
серьёзн||ый, -ая, -ое; -ые गंभीर
сме́л||ый, -ая, -ое; -ые शूर
тёмн||ый, -ая, -ое; -ые अंधकारपूर्ण
те́ннис (पु०) टेनिस
успе́шно क्रियावि० सफलतापूर्वक
фило́лог (पु०) भाषाशास्त्रज्ञ
цель (स्त्री०) लक्ष्य
ша́хматы (ब० व०) शतरंज
энерги́чн||ый, -ая, -ое; -ые उत्साही

Выражения वाक्व्यवहार

заня́тия иду́т успе́шно	अध्ययन में हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं।
игра́ть в ша́хматы	शतरंज खेलना
игра́ть в футбо́л	फ़ुटबॉल खेलना
игра́ть в те́ннис	टेनिस खेलना

Произношение उच्चारण

в → [ф]: всегда́, все

л "कठोर": ло́вок, смел, ве́сел, футбо́л, журна́л, фило́лог, гео́лог, го́лос, глаза́, во́лосы, весела́, смела́, ловка́

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. यह बताइये कि निम्नलिखित विधानों में से कौनसी बातें इस अध्याय के पाठ में दिये गये संबंधित वाक्यों से मेल नहीं खातीं:

Мой брат — футболи́ст. Он невысо́кий, у него́ све́тлые во́лосы и си́ние глаза́. Он фи́зик. Моя́ сестра́ — альпини́стка. Она́ хорошо́ игра́ет в ша́хматы. У неё чёрные во́лосы и се́рые глаза́. Я филоло́г и альпини́ст.

२. निम्नलिखित शब्दों से विशेषणों के संक्षिप्त रूप दीजिये:

उदाहरण: а) молодóй — мóлод, молодá, мóлодо; мóлоды

краси́вый, нóвый, высóкий, хорóший, ширóкий, зелёный, весёлый

उदाहरण: б) крáсный — крáсен, краснá, краснó; красны́

я́сный, свéтлый, тёмный, чёрный, остроу́мный, энерги́чный, дру́жный, серьёзный

३. नीचे दिये गये शब्दों में से योग्य विशेषण चुन कर उनसे रिक्तपूर्ति कीजिये:

я́сно, мóлод, остроу́мен, зéлен, умнá, широкá, широкó, высóк, смéлы, краси́ва, хорóш

1. Мой брат .... 2. Моя́ сестрá .... 3. Сегóдня нéбо .... 4. Наш сад .... 5. Рекá Вóлга óчень .... 6. Э́тот дом .... 7. Колхóзное пóле .... 8. Мой товáрищ ещё .... 9. Э́ти лю́ди .... 10. Весéнний день ....

४. विशेषणों के संक्षिप्त रूप के स्थान में पूर्ण रूप दीजिये:

उदाहरण: Егó сестрá умнá. Егó сестрá у́мная.

1. Товáрищ Ивано́в — спортсмéн, он **лóвок** и **смел.** 2. Дéти сегóдня **вéселы.** 3. Э́та кни́га óчень **интерéсна.** 4. Рóза óчень **краси́ва.** 5. Мой брат óчень **энерги́чен.**

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) हमारे पास रोचक रूसी पुस्तकें हैं। (२) यहां "विज्ञान और जीवन" (नामक) पत्रिका है। (३) तुम्हारे पास कौनसा शब्दकोष है? (४) मेरे पास रूसी-हिन्दी शब्दकोष है। (५) अब हमारा पाठ चल रहा है। (६) विक्तर तथा निकोलाई बहुत कुछ पढ़ते हैं; उनके पास हमेशा ताजे समाचारपत्र तथा पत्रिकाएं रहती हैं। (७) वेरा इंजीनियर है; उसका काम रोचक है। (शब्दशः, उसके पास रोचक काम है)

УРОК 20ª

व्याकरण:

क्रियाविधि सूचक शब्द: до́лжен, мо́жно, ну́жно, нельзя́; мочь, хоте́ть.

ГРАММАТИКА व्याकरण

रूसी में संभावना, आवश्यकता, वांछनीयता आदि क्रियाविधियाँ (अर्थ) विभिन्न प्रकार से व्यक्त की जाती हैं।

(क) до́лжен शब्द

до́лжен अवश्य चाहिये का रूप संक्षिप्त विशेषण जैसा होता है और संक्षिप्त विशेषण की तरह लिंग तथा वचन के अनुसार उसमें परिवर्तन होता है:

एकवचन		बहुवचन	
я до́лжен, должна́	मुझे अवश्य चाहिये	мы должны́	हमें अवश्य चाहिये
ты до́лжен, должна́	तुझे " "	вы должны́	तुम्हें " "
он до́лжен	उसे " "	они́ должны́	उन्हें " "
она́ должна́ (स्त्री०)	" " "		" " "
оно́ должно́ (नपुं०)	" " "		" " "

निषेध-सूचक वाक्यों में **до́лжен** के पहले **не** जोड़ा जाता है:

до́лжен शब्द के सभी रूपों के बाद क्रिया का साधारण रूप आता है:

Я до́лжен **рабо́тать** здесь.	मुझे यहाँ अवश्य काम करना चाहिये।
Она́ должна́ **писа́ть.**	उसे अवश्य लिखना चाहिये।

(ख) мо́жно, ну́жно, нельзя́ शब्द

Мо́жно सकना, संभव होना, आज्ञा पाना, **ну́жно** अवश्य चाहिये, **нельзя́** नहीं चाहिये शब्द हमेशा क्रिया के साधारण रूप के साथ प्रयोग किये

जाते हैं। इन शब्दों में से किसी एक का क्रिया के मूल रूप के साथ प्रयोग सामान्यत: अकर्तृक वाक्य रचनाओं में (याने जिन वाक्यों में रूसी में कर्ता नहीं रहता है उनमें) विधेय का काम देता है:

Сего́дня **мо́жно** игра́ть в футбо́л. आज फ़ुटबॉल खेलना संभव है।
Ну́жно учи́ть уро́ки. पाठ अवश्य पढ़ने चाहियें।
Здесь **нельзя́** шуме́ть. यहाँ शोर नहीं मचाना चाहिये।

(ग) क्रियाविधि सूचक क्रियाएं

क्रिया का मूल रूप: **мочь** I 'सकना'

वर्तमान काल			
एकवचन		बहुवचन	
я могу́	मैं सकता-ती हूं	мы мо́жем	हम सकते-ती हैं
ты мо́жешь	तू सकता-ती है	вы мо́жете	तुम सकते-ती हो
он / она́ / оно́ может	वह सकता है वह सकती है	они́ мо́гут	वे सकते हैं वे सकती हैं

Мочь सकना क्रिया के रूप चलाते समय ध्यान रखना चाहिये कि उत्तम पुरुष एकवचन में तथा अन्य पुरुष बहुवचन में क्रिया के मूल रूप में г व्यंजन रहता है जबकि बाक़ी सब पुरुषों में मूल रूप में **ж** व्यंजन रहता है।

г और **ж** ध्वनियों का यह अदल-बदल कई रूसी क्रियाओं में पाया जाता है।

Мочь क्रिया का आज्ञार्थ रूप लगभग अप्रचलित है।

Мочь और **уме́ть** क्रियाओं का फ़र्क ध्यान में रखिये। **Уме́ть** क्रिया, ज्ञान से प्राप्त शक्यता सूचित करती है:

Я **уме́ю** чита́ть по-ру́сски. मैं रूसी पढ़ सकता हूं।

Мочь क्रिया किसी काम को करने की योग्यता (मानसिक या शारीरिक) सूचित करती है।

Я **могу́** мно́го чита́ть. मैं बहुत कुछ पढ़ सकता हूं।

२. Хотéть क्रिया

रूसी में कुछ क्रियाएं मिश्र गण की हैं। इनके रूप चलाते समय उनमें प्रथम तथा द्वितीय गण के प्रत्यय लगते हैं। इनमें से एक क्रिया है хотéть चाहना, जोकि एकवचन में प्रथम गण के अनुसार चलती है और बहुवचन में द्वितीय गण के अनुसार:

क्रिया का साधारण रूप: хотéть I 'चाहना'

वर्तमान काल			
एकवचन		बहुवचन	
я хочý	मैं चाहता-ती हूं	мы хотúм	हम चाहते-ती हैं
ты хóчешь	तू चाहता-ती है	вы хотúте	तुम चाहते-ती हो
он / онá / онó } хóчет	वह चाहता है वह चाहती है	онú хотя́т	वे चाहते हैं वे चाहती हैं

हम देखते हैं कि хотéть क्रिया के रूप चलाते समय उसके धातु में т—ч—т अक्षर अदल-बदल कर आते हैं। कुछ रूसी क्रियाओं के चलाने में т—ч—т का यह अदल-बदल होता है।

Хотéть क्रिया आज्ञार्थ में प्रयोग नहीं होती।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

двáдцать 20 बीस

дóлжен, должн||á, -ó; -ы́ अवश्य चाहिये

мóжно सकना, संभव होना, आज्ञा पाना

мочь I (могý, мóжешь) सकना

нельзя́ नहीं चाहिये

нýжно अवश्य चाहिये

хотéть I (хочý, хóчешь ...хотúм...) मिश्र गण चाहना

Произношение उच्चारण

बलरहित स्वर о और е के उच्चारण पर ध्यान दीजिये।

о [а]: хочý, хотúм, могý, должнá, должны́

о अत्यंत अस्पष्ट [а] мóжно, нýжно

е [и]: нельзя́, немнóго

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. पढ़िये तथा हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Сего́дня хоро́шая пого́да — **мо́жно** игра́ть в те́ннис. 2. Я **не могу́** игра́ть: я **до́лжен** учи́ть уро́к. 3. Вы **уме́ете** игра́ть в ша́хматы? Да, немно́го. 4. Здесь **нельзя́** гро́мко говори́ть: все рабо́тают. 5. Я **уме́ю** чита́ть по-ру́сски. 6. Мы **хоти́м** хорошо́ говори́ть по-ру́сски. 7. Ве́ра **уме́ет** петь; у неё хоро́ший го́лос. 8. Мой оте́ц **не мо́жет** ходи́ть бы́стро. 9. У нас сейча́с уро́к: мы **не должны́** шуме́ть. 10. Это **ну́жно** хорошо́ знать.

२. (क) उपर्युक्त अभ्यास के अकर्तृक वाक्य बताइये।

(ख) до́лжен शब्द का लिंग तथा वचन बताइये।

(ग) мо́чь, уме́ть और хоте́ть क्रियाओं का पुरुष तथा वचन बताइये।

उदाहरण: мо́жно петь अकर्तृक

я должна́ (स्त्री०) उत्तम पुरुष एकवचन
вы уме́ете मध्यम पुरुष बहुवचन

३. до́лжен शब्द के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Сейча́с идёт уро́к: ученики́ ... сиде́ть ти́хо. 2. Учи́тель дикту́ет, а мы ... писа́ть. 3. Я ... повторя́ть уро́к. 4. Перо́ ... лежа́ть здесь, а ла́мпа ... стоя́ть там. 5. Моя́ сестра́ сего́дня ... рабо́тать. 6. Что Вы ... сего́дня де́лать? 7. Куда́ ты ... сейча́с идти́? 8. Учи́тель спра́шивает, мы ... отвеча́ть.

४. निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये और мочь क्रिया के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Я ... рабо́тать.	4. Мы ... говори́ть гро́мко.
2. Ты ... игра́ть.	5. Вы ... идти́ бы́стро.
3. Он ... петь.	6. Они́ ... чита́ть ти́хо.

५. चौथे अभ्यास की खाली जगहों में хоте́ть क्रिया के योग्य रूप रखिये।

६. До́лжен शब्द तथा хоте́ть और мочь क्रियाओं के किसी भी रूप का उपयोग करते हुए वाक्य बनाइये।

УРОК 20[б]

ТЕКСТ

МОЙ ТОВАРИЩ БОЛЕН

Мой това́рищ обы́чно ве́сел и здоро́в. Но сего́дня он бо́лен и не мо́жет рабо́тать. У него́ жар. Голова́ у него́ горя́чая, а ру́ки и но́ги холо́дные.

Прихо́дит до́ктор и спра́шивает:

—Что у Вас боли́т?

—У меня́ боли́т го́рло и голова́, я не могу́ глота́ть,—отвеча́ет больно́й. Боли́т всё те́ло.

—Кака́я у Вас температу́ра?

—Высо́кая.

—Есть у Вас на́сморк и ка́шель?

—Ка́шель небольшо́й, а на́сморк си́льный.

—У Вас грипп и анги́на. Это не опа́сно: у Вас се́рдце рабо́тает хорошо́. Но вы должны́ лежа́ть.

—Зна́чит, ходи́ть и рабо́тать пока́ нельзя́?

—Коне́чно. Ну́жно споко́йно лежа́ть и принима́ть лека́рство. Вот реце́пт и больни́чный лист До свида́ния.

—Спаси́бо, до́ктор. До свида́ния.

До́ктор ухо́дит. Ско́ро больно́й засыпа́ет.

कहावत: У кого́ что боли́т, тот про то и говори́т.
(शब्दश:—जिसको कोई दु:ख होता है वह उसे ही कह सुनाता है।)

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

анги́на (स्त्री०) गले की पीड़ा, गले की गिल्टियों की सूजन, घांटी की सूजन

бо́лен, больн||а́; -ы́ (больно́й आदि का संक्षिप्त रूप) बीमार (है)

боле́ть II (боли́т) दर्द होना, बीमार होना

больни́чный лист बीमारी के अवकाश का प्रमाण-पत्र (टिप्पणी देखिये)

больн||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е अस्वस्थ, बीमार

больн||о́й (पु०), **-а́я** (स्त्री०) रुग्ण, मरीज़

весь, вся, всё; все पूर्ण, सब

глота́ть I (глота́||ю, -ешь) निगलना

го́рло (नपुं०) (ब० व० नहीं) गला

грипп (पु०) शीत ज्वर

до́ктор (पु०) (ब० व० **доктора́**) डॉक्टर

жар (पु०) ज्वर, उच्च तापमान, बुख़ार

засыпа́ть I (засыпа́||ю, -ешь) सो जाना

здоро́в||ый, -ая, -ое; -ые स्वस्थ; संक्षिप्त रूप здоро́в, -а, -о; -ы

зна́чить अर्थ होना; зна́чит इसका अर्थ है

ка́шель (पु०) (ब० व० नहीं) खाँसी

коне́чно अवश्य, ज़रूर

лежа́ть II (леж||у́, -и́шь) बिस्तर में पड़े रहना

лека́рство (नपुं०) दवा

на́сморк (पु०) (ब० व० नहीं) ज़ुकाम, नज़ला

небольш||о́й, -а́я, -о́е; -и́е थोड़ा-सा, कुछ

ничего́ सर्वनाम कुछ नहीं, कोई बात नहीं

обы́чно क्रियावि० सामान्यत:

опа́сн||ый, -ая, -ое; -ые भयंकर, खतरनाक;

пока́ फिलहाल के लिये

пло́хо क्रियावि० बुरा, बुरी तरह से

принима́ть I (принима́||ю, -ешь) (दवा) लेना, खाना, पीना

приходи́ть II (прихожу́, прихо́дишь) आना

реце́пт (पु०) औषधि-पत्र

се́рдце (नपुं०) (बहुवचन сердца́) हृदय

си́льн||ый, -ая, -ое; -ые ज़ोरदार; си́льный на́сморк ज़ोरदार नज़ला ज़ुकाम (सिर में)

те́ло (नपुं०) शरीर

температу́ра (स्त्री०) तापमान, बुखार

уходи́ть II (ухожу́, ухо́дишь) चल देना, छोड़ना

холо́дн||ый, -ая, -ое; -ые शीत, ठंडा

ходи́ть II (хожу́, хо́дишь) जाना, चलना

Выражения वाक्व्यवहार

У кого́ боли́т...? किसको दर्द हो रहा है?

У меня́ У тебя́ У него́ У неё У нас У вас У них	боли́т голова́, боля́т глаза́.	मुझे तुझे उसे उसे हमें तुम्हें उन्हें	सिर में दर्द हो रहा । आँख की पीड़ा हो रही है।

Что у вас боли́т? तुम्हें क्या पीड़ा हो रही है?

У меня́ ничего́ не боли́т. मुझे कुछ भी पीड़ा नहीं है।
मुझे कोई दर्द नहीं है।

Примечания टिप्पणियाँ

१. निम्नलिखित शब्दों का फ़र्क ध्यान में रखिये:

Больно́й (संज्ञा) रुग्ण, मरीज़; бо́лен (विशेषण) बीमार (है); боли́т (क्रिया) दर्द होता है।

२. सोवियत संघ में कामगारों तथा अन्य कर्मचारियों को बीमारी की हालत में निःशुल्क वैद्यकीय सहायता मिलती है। डॉक्टर उन्हें **больни́чный лист** प्रमाण-पत्र देते हैं जिससे वे बीमारी संबंधी भत्ते के अधिकारी हो जाते हैं।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. यह बताइये कि निम्नलिखित विधानों में से कौनसी बातें इस अध्याय के पाठ में दिये गये संबंधित वाक्यों से मेल नहीं खातीं:

1. Това́рищ Ивано́в сего́дня здоро́в. 2. Он сиди́т и рабо́тает. 3. Голова́ у него́ не боли́т, но се́рдце рабо́тает пло́хо. 4. Он до́лжен мно́го ходи́ть.

२. खाली जगहों में у меня́ боли́т या боля́т वाक्व्यवहार का उपयोग कीजिये। ध्यान रहे कि वाक्व्यवहार वचन तथा पुरुष की दृष्टि से संबंधित क्रिया के अनुरूप होना चाहिये।

1. Я не могу́ чита́ть, у .. ... голова́. 2. Вы больны́, у ... ... го́рло. 3. Мой брат сего́дня не рабо́тает, у ... ... глаза́. 4. Ве́ра не мо́жет сего́дня игра́ть в те́ннис, у ... ... рука́. 5. Ты не мо́жешь идти́ бы́стро, у ... ... но́ги. 6. Воло́дя и Ви́тя здоро́вы: у ... ничего́ не ... . 7. Мы здоро́вы, у ... то́же ничего́ не ... .

३. यह बताइये कि कौनसे वाक्यों में आपने боля́т रूप लिखा है और क्यों?

४. निम्नलिखित क्रियाओं का पुरुष, वचन तथा गण बताइये:

1. До́ктор **спра́шивает**: «Что у вас **боли́т?**» 2. Ты **принима́ешь** лека́рство. 3. Мы мно́го **хо́дим**. 4. Куда́ вы **ухо́дите?** 5. Това́рищ Ивано́в бо́лен, он **лежи́т**. 6. Он **хо́чет** чита́ть и не **мо́жет**. 7. Что вы **хоти́те** знать?

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) मैं अच्छा हूं, मुझे कुछ पीड़ा नहीं है। (२) मैं बहुत चल सकता हूं। (३) तुम्हारे भाई को आज क्या करना चाहिये? उसे अवश्य काम करना चाहिये। (४) आज हवा अच्छी है, हम तैरने के लिये जा सकते हैं। (५) क्या तुम्हारी बहन बीमार है? उसे क्या पीड़ा हो रही है? (६) वह शीत ज्वर तथा गले की गिल्टियों की सूजन से बीमार है; उसे बिस्तर में पड़े रहना चाहिये। (७) यहां बीमार व्यक्ति है — शोर नहीं मचाना चाहिये।

УРОК 21а

व्याकरण :
क्रिया का भूत काल
वाक्यांश у меня́ был आदि
सहकारी क्रिया के रूप में был.

ГРАММАТИКА व्याकरण

१. क्रिया का भूत काल

१. रूसी में एक ही भूत काल, सामान्य भूत काल है। हिन्दी के भूत काल के विविध रूपों में इसका उपयोग किया जा सकता है।

Вчера́ мой брат был до́ма.	कल मेरा भाई घर पर था।
Он мно́го чита́л по-ру́сски.	उसने रूसी में बहुत कुछ पढ़ा।
Вчера́ он чита́л.	कल वह पढ़ रहा था।

Был, чита́л भूत काल के रूप हैं।

२. क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप में भूत काल का **-л** प्रत्यय लगा कर भूत काल बनाया जाता है। भूत काल बनाते समय क्रिया के साधारण रूप का **-ть** या **-ти** प्रत्यय हटाया जाता है और **-л** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है, जैसे :

чита́||ть+л=чита́л

говори́||ть+л=говори́л

бы||ть+л=был

३. भूत काल में रूसी क्रियाएं पुरुष के अनुसार नहीं बदलती बल्कि केवल लिंग (एकवचन में) और वचन (एकवचन तथा बहुवचन में) के अनुसार उनमें परिवर्तन होता है।

पुल्लिंग में **-л** प्रत्यय के बाद कोई और प्रत्यय नहीं लगता, स्त्रीलिंग में **-а** प्रत्यय लगता है और नपुंसक-लिंग में **-о** प्रत्यय; बहुवचन में तीनों लिंगों के लिये **-и** प्रत्यय है :

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
-л	-л+а	-л+о
читáл	читáла	читáло
говорúл	говорúла	говорúло
был	былá	бы́ло

भूत काल में क्रियाएं गण के अनुसार नहीं पहचानी जा सकतीं। उनमें से बहुतांश क्रियाओं के रूप आगे की तरह चलाये जाते हैं:

क्रिया का साधारण रूप: читáть पढ़ना

भूत काल	
एकवचन	बहुवचन
я читáл पु०, читáла स्त्री०	мы читáли
ты читáл पु०, читáла स्त्री०	вы читáли
он читáл	
онá читáла	онú читáли
онó читáло	

क्रिया का साधारण रूप: быть होना

भूत काल	
एकवचन	बहुवचन
я был पु०, былá स्त्री०	мы бы́ли
ты был पु०, былá स्त्री०	вы бы́ли
он был	
онá былá	онú бы́ли
онó бы́ло	

२. वाक्यांश у меня́ был आदि

वर्तमान काल में प्रयोग किये जाने वाले у меня́ есть आदि (अध्याय 19[a] देखिये) वाक्यांश के लिये भूत काल में अनुरूप वाक्यांश हैं у меня́ был आदि।

एकवचन

उत्तम पुरुष	у меня́ был (-á, -о, -и)	मेरे पास था
मध्यम पुरुष	у тебя́ был (-á, -о, -и)	तेरे पास था
अन्य पुरुष पु०	у него́ был (-á, -о, -и)	उसके पास था
स्त्री०	у неё был (-á, -о, -и)	उसके पास था
नपुं०	у него́ был (-á, -о, -и)	

बहुवचन

उत्तम पुरुष	у нас был (-á, -о, -и)	हमारे पास था
मध्यम पुरुष	у вас был (-á, -о, -и)	तुम्हारे पास था
अन्य पुरुष	у них был (-á, -о, -и)	उनके पास था

१. उपर्युक्त वाक्यांशों में **был** क्रिया संबंधित संज्ञा के वचन तथा लिंग के अनुसार बदलती है:

у нас **был уро́к** (पु०) हमारा पाठ हुआ।

у **него́ бы́ли но́вые кни́ги.** (ब० व०) उसके पास नई पुस्तकें थीं।

२. **У меня́ был** आदि वाक्यांशों का अर्थ हो सकता है: मेरे घर पर या मेरे साथ था, थी, थे, थीं आदि:

Това́рищ Ивано́в был у меня́. साथी इवानोव मेरे यहाँ था।

Вчера́ у нас бы́ли го́сти. कल हमारे यहाँ मेहमान थे।

३. **У меня́ был** आदि वाक्यांशों से **у кого́ был (-á, -о, -и)?** प्रश्न का उत्तर मिलता है:

У кого́ бы́ли го́сти вчера́? कल किसके यहाँ मेहमान थे?

У кого́ был уро́к? किसका पाठ हुआ?

४. जैसा कि उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है, **у меня́ был** प्रकार के रूसी वाक्यांश के सदृश हिन्दी में निम्नलिखित जैसे कई वाक्यांश है:

मेरे पास .... था

मेरे यहाँ .... था

मेरे .... था आदि

३. सहकारी क्रिया के रूप में был

१. यद्यपि रूसी में वर्तमान काल में सहकारी क्रिया शायद ही प्रयोग की जाती है तथापि भूत काल में वह सामान्यत: प्रयोग की जाती है:

Моя́ мать была́ учи́тельница. मेरी माताजी अध्यापिका थीं।

Оте́ц был стар. पिताजी वृद्ध थे।

Кни́ги бы́ли интере́сные. पुस्तकें रोचक थीं।

२. जब भूत काल में до́лжен शब्द был सहकारी क्रिया के साथ प्रयोग किया जाता है तब वह भूतकालिक क्रिया की आवश्यकता या अनिवार्यता सूचित करता है:

Вчера́ мы должны́ бы́ли учи́ть уро́к. कल हमें पाठ पढ़ना पड़ा था।

Та́ня должна́ была́ рабо́тать. तान्या को काम करना पड़ा था।

३. Бы́ло хорошо́, бы́ло тепло́, бы́ло ну́жно, бы́ло нельзя́ इत्यादि जैसे अकर्तृक वाक्यों में सहकारी क्रिया नपुंसक-लिंग में रखी जाती है।

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

вчера́ क्रियावि० कल

два́дцать оди́н 21 इक्कीस

дли́нн||ый, -ая, -ое; -ые लंबा

жа́рк||ий, -ая, -ое; -ие उष्ण

коро́тк||ий, -ая, -ое; -ие छोटा, नाटा

тёпл||ый, -ая, -ое; -ые गरम

у меня́ был मेरे पास था (व्याकरण देखिये)

Произношение उच्चारण

भूत काल एकवचन में л का कठोर उच्चारण किया जाता है:

чита́л, был, говори́л
чита́ла, была́, говори́ла
чита́ло, бы́ло, говори́ло

भूत काल बहुवचन में л का मृदु उच्चारण किया जाता है:

л=[ль] чита́ли, бы́ли, говори́ли

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िये तथा हिन्दी में उनका अनुवाद कीजिये:

1. Вчера́ **была́** хоро́шая пого́да. 2. Колхо́зники **паха́ли** и **се́яли**. 3. Ярко **свети́ло** со́лнце. 4. Я **был** вчера́ до́ма. 5. Что ты вчера́ **де́лала**?

भूतकालिक क्रियाओं का लिंग तथा वचन बताइये:

उदाहरण: читáл — पु० एकवचन

२. उपर्युक्त वाक्यों में से भूतकालिक क्रियाओं को फिर से लिखिये और क्रियाओं के जिन साधारण रूपों से वे बनी हैं उनको सूचित कीजिये।

उदाहरण: читáл — читáть

३. निम्नलिखित क्रियाओं का भूत काल दीजिये:

рабóтать, слýшать, петь, игрáть, изучáть, умéть

उदाहरण: читáть—читáл, читáла, читáло; читáли

४. दाहिनी ओर के स्तंभ में दी गई क्रियाओं के योग्य भूतकालिक रूपों का उपयोग करते हुए बाईं ओर के स्तंभ में रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Вчерá у нас ... урóк.	быть
2. Мы мнóго ... по-рýсски.	говорить
3. Наш учи́тель	диктовáть
4. Я ... и	слýшать, писáть
5. Моя́ мать хорошó	петь
6. Что вы вчерá ...?	дéлать
7. Где ... э́то письмó?	лежáть
8. Дéти ... дóма.	игрáть
9. Газéта ... интерéсная.	быть
10. Цветы́ ... там.	стоя́ть
11. У нас ... нóвые журнáлы.	быть
12. Мой отéц ... инженéр.	быть
13. Дéвушка хорошó	рабóтать
14. Онá ... говори́ть по-инди́йски.	умéть
15. Слóво ... нóвое.	быть

५. निम्नलिखित विशेषणों से क्रियाविशेषण बनाइये:

उदाहरण: хорóший—хорошó

холóдный, тёплый, горя́чий, жáркий, дли́нный, корóткий, свéжий

६. वे विशेषण सूचित कीजिये जिनसे निम्नलिखित क्रियाविशेषण बने हैं:

उदाहरण: хорошó—хорóший

я́сно, я́рко, бы́стро, мéдленно, высокó, грóмко, ти́хо

УРОК 21[б]

ЗИМОЙ И ЛЕТОМ

Тепе́рь зима́. Дни стоя́т коро́ткие, а но́чи дли́нные. Ча́сто идёт снег. Стои́т холо́дная зи́мняя пого́да. Коньки́ и лы́жи—хоро́ший спорт зимо́й.

Зимо́й у нас быва́ют си́льные моро́зы. Вчера́ и позавчера́ был си́льный моро́з. Бы́ло хо́лодно, но прия́тно. Во́здух был чи́стый, све́жий.

Ещё не так давно́ бы́ло ле́то. Тогда́ бы́ло тепло́ и да́же жа́рко, дни бы́ли дли́нные, а но́чи коро́ткие. Стоя́ла хоро́шая ле́тняя пого́да. Не́бо бы́ло си́нее-си́нее. Всю́ду цвели́ цветы́: и кра́сные, и бе́лые, и жёлтые, и лило́вые. Трава́ была́ густа́я и зелёная. Высоко́ лета́ли пти́цы. Я́рко свети́ло со́лнце. Поспева́ли о́вощи, я́годы и фру́кты.

Ле́том я и мои́ това́рищи-студе́нты отдыха́ли за́ городом. У нас бы́ли кани́кулы. Мы хорошо́ проводи́ли вре́мя: мно́го пла́вали, гуля́ли, мно́го ходи́ли пешко́м. Мы хоро́шие тури́сты.

Мой това́рищ Воло́дя, молодо́й инжене́р,—то́же тури́ст. Ле́том он до́лжен был рабо́тать, а тепе́рь у него́ о́тпуск. Он лю́бит отдыха́ть зимо́й.

СЛОВАРЬ शब्दसंग्रह

быва́ть I (**быва́ет**) होना
во́здух (पु०) हवा (ब० व० नहीं)
гуля́ть I (**гуля́||ю, -ешь**) घूमने जाना
густ||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е घना
давно́ क्रियावि० बहुत पहले
да́же भी
за́ городом देहाती इलाके में, उपनगर में
зимо́й क्रियावि० शिशिर में
кани́кулы (ब० व०) छुट्टियाँ
коньки́ (ब० व०) स्केट्स
лета́ть I (**лета́||ю, -ешь**) उड़ना
ле́тн||ий, -яя, -ее; -ие ग्रीष्मकालीन
лы́жи (ब० व०) स्कीज़
люби́ть II (**люблю́, лю́бишь**) प्रेम करना, पसंद आना
о́тпуск (पु०) (ब० व० **отпуска́**) अवकाश, छुट्टी
пешко́м क्रियावि० पैदल
плох||о́й, -а́я, -о́е; -и́е बुरा
позавчера́ क्रियावि० परसों (दो दिन पहले)
поспева́ть I (**поспева́ет**) पकना
прия́тно (लघु रूप नपुं०) सुखकर है

приятный, -ая, -ое; -ые सुखकर, सुहावना
проводи́ть II (провожу́, прово́дишь) बिताना
пти́ца (स्त्री०) पंछी
си́льный моро́з कड़ाके का जाड़ा
так ऐसा, यह बात
тогда́ क्रियावि० तब, उस समय
тури́ст (पु०) पर्यटक
ча́сто क्रियावि० अक्सर
чи́ст||ый, -ая, -ое; -ые स्वच्छ, साफ़

Выражения वाक्व्यवहार

дни стоя́т коро́ткие	दिन छोटे हैं
идёт снег	बरफ़ पड़ रही है
стои́т холо́дная пого́да	मौसम सर्द है
у нас быва́ют...	हमारे पास (समय समय पर) होते हैं...; यहाँ होते हैं
ещё не так давно́	कुछ ही समय पहले
ходи́ть пешко́м	चलना, पैदल चलना
проводи́ть (II) вре́мя	समय बिताना

Примечания टिप्पणियाँ

Горя́чий 'उष्ण', **тёплый** 'मंदोष्ण', तथा **жа́ркий** 'गरम' शब्दों का अंतर ध्यान में रखिये। हवा के संदर्भ में **тёплый** और **жа́ркий** का उपयोग किया जा सकता है जब कि खाद्य तथा पेय पदार्थों के बारे में केवल **горя́чий** और **тёплый** का।

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. इस अध्याय के पाठ में से वर्तमान तथा भूत काल की क्रियाओं को लिख लीजिये और आगे की तरह उनका विश्लेषण कीजिये:

क्रिया	काल	पुरुष (वर्तमानकालिक क्रिया के लिये)	लिंग (भूतकालिक क्रिया के लिये)	वचन
стои́т	वर्तमान	३	—	ए० व०
стоя́л	भूत	—	पु०	ए० व०
стоя́ли	भूत	—	—	ब० व०

टिप्पणी: ध्यान रहे कि वर्तमानकालिक क्रियाओं के रूप लिंगानुसार नहीं बदलते और भूतकालिक क्रियाओं में पुरुष के अनुसार परिवर्तन नहीं होता (वे केवल एकवचन में लिंगानुसार बदलते हैं)।

२. (क) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(ख) यह बताइये कि मोटे टाइप में छपे शब्द विशेषणों (पूर्ण या लघु रूप) के रूप में प्रयोग किये गये हैं या क्रियाविशेषणों के रूप में।

1. а) Мы **хорошó** провóдим врéмя. б) Лéтом здесь **хорошó.** 2. а) Сегóдня стоит **холóдная** погóда. б) Сегóдня **хóлодно.** 3. а) Дéти сидéли **тíхо.** б) Было **тíхо.** 4. а) Вы говорúли **ясно.** б) Это было **ясно.** 5. а) Вóздух был **свéжий.** б) Вчерá было **свежó.** 6. а) Мой товáрищ **приятно** поёт. б) Это **приятно.**

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

1. Какáя сегóдня погóда: хорóшая или плохáя?
2. Сегóдня хóлодно или теплó?
3. Какóе сегóдня нéбо: сúнее или сéрое?
4. Какáя вчерá былá погóда?
5. Какóе вчерá было нéбо?
6. Вчерá было хóлодно или теплó?

४. निम्नलिखित वाक्यों की वर्तमानकालिक क्रियाओं के भूतकालिक रूप दीजिये:

1. Зимóй дни стоят корóткие. 2. Бывáют сúльные морóзы. 3. Хóлодно. 4. Лéтом теплó. 5. Нéбо сúнее. 6. Ярко свéтит сóлнце. 7. Цветýт цветы. 8. Травá густáя и зелёная. 9. Поспевáют óвощи и фрýкты. 10. Студéнты лéтом отдыхáют.

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(क) अब हमारा पाठ चल रहा है। अध्यापक रूसी में इमला लिखा रहे हैं। हम रूसी लिख रहे हैं। हम अच्छी तरह रूसी पढ़ते, लिखते और बोलते हैं।

(ख) कल हमारा पाठ हुआ। अध्यापक रूसी में इमला लिखा रहे थे। हम रूसी लिख रहे थे। हमने अच्छी तरह पढ़ा, लिखा और बात की।

УРОК 22

दूसरे भाग का सारांश
(१२ वें अध्याय से २१ वें अध्याय तक)

АРУН И ВЛАДИМИР

Арун—индийский спортсме́н. У него́ тёмные во́лосы и чёрные глаза́. Его́ родно́й язы́к хи́нди. Он говори́т та́кже по-англи́йски и понима́ет по-ру́сски. Он стара́тельно изуча́л ру́сский язы́к це́лый год. У него́ была́ о́пытная учи́тельница—Еле́на Никола́евна. Тепе́рь Арун изуча́ет ру́сский язы́к самостоя́тельно. Он мно́го чита́ет по-ру́сски. У него́ всегда́ есть ру́сские газе́ты и журна́лы. Он слу́шает та́кже моско́вские переда́чи по ра́дио.

Влади́мир—ру́сский спортсме́н. Он высо́к, у него́ све́тлые во́лосы и си́ние глаза́. Влади́мир изуча́ет язы́к хи́нди. У него́ о́пытный учи́тель. Влади́мир чита́ет, пи́шет и немно́го говори́т по-хи́нди. По ра́дио ча́сто мо́жно слу́шать инди́йские пе́сни. Это о́чень краси́вые пе́сни. Влади́мир лю́бит слу́шать э́ти пе́сни.

Арун и Влади́мир—хоро́шие спортсме́ны. Они́ мо́лоды и сильны́. Оба хорошо́ игра́ют в футбо́л. Футбо́л—их люби́мый спорт. Арун и Влади́мир как спортсме́ны уже́ немно́го зна́ют друг дру́га. У них была́ одна́ спорти́вная встре́ча. Они́ говори́ли тогда́ по-хи́нди и по-ру́сски и хорошо́ понима́ли друг дру́га.

СЛОВАРЬ

встре́ча (स्त्री०) मैच, मुक़ाबला

год (पु०) (ब० व० **го́ды** या **года́**) वर्ष

о́пытн||ый, -ая, -ое; -ые अनुभवी

переда́ча (स्त्री०) प्रसारण, ब्राडकास्ट

ра́дио (नपुं०) (ब० व० नहीं, अपरिवर्तनीय) रेडियो; **по ра́дио** रेडियो पर

родн||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е देशी; **родно́й язы́к** मातृभाषा

самостоя́тельно क्रियावि० बिना सहायता के, ख़ुद

спорти́вн||ый, -ая, -ое; -ые खेल-कूद संबंधी

футбо́л (पु०) फ़ुटबाल

це́л||ый, -ая, -ое; -ые सारा

ю́жн||ый. -ая, -ое; -ые दक्षिण, दक्षिणी

Выражение वाक्व्यवहार

друг дрýга एक-दूसरा, परस्पर

УПРАЖНЕНИЯ अभ्यास

१. इस अध्याय के पाठ की सभी संज्ञाओं को लिंग के अनुसार वर्गीकरण करके लिखिये।

२. पाठ की बहुवचन संज्ञाएं सूचित कीजिये। उनकी विभक्तियों को स्पष्ट कीजिये। इन संज्ञाओं के तथा उनके विशेषणों के एकवचन रूप दीजिये।

३. इस अध्याय के पाठ में प्रयुक्त वर्तमानकालिक क्रियाओं के पुरुष, वचन तथा गण बताइये और भूतकालिक क्रियाओं के लिंग, वचन तथा गण बताइये।

४. पाठ में प्रयुक्त लघु विशेषण बताइये।

५. पाठ में प्रयुक्त क्रियाविशेषण बताइये।

६. निम्नलिखित विशेषणों में से संज्ञाओं के अनुकूल विशेषण चुन कर रिक्तपूर्ति कीजिये (सभी सभव रूप दीजिये):

широ́кий, зелёный, огро́мный, ю́жный, жёлтый, весе́нний, ле́тний, густо́й, голубо́й, я́сный, си́ний, я́ркий, большо́й, высо́кий

лес ..., о́зеро ..., трава́ ..., со́лнце ..., не́бо ..., река́ ..., гора́ ..., цветы́ ...

उदाहरण: по́ле широ́кое, зелёное, огро́мное, жёлтое, большо́е

७. निम्नलिखित क्रियाओं तथा क्रियाविशेषणों के सभी संभव रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

по-ру́сски, мно́го, хорошо́, бы́стро, ме́дленно, гро́мко, ти́хо

я иду́ ...; ты поёшь ...; он говори́т ...; вы бе́гаете ...; мы пи́шем ...; они́ отвеча́ют ...; петь ...; отвеча́ть ...; идти́ ...; писа́ть ...

उदाहरण: говори́ть гро́мко आदि।

८. निम्नलिखित क्रियाओं में से योग्य क्रियाएं चुन कर उनके वर्तमानकालिक रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

лежáть, стоя́ть, читáть, рабóтать, пахáть, игрáть, диктовáть, легáть, писáть, светить

1. Здесь ... книга. 2. Там ... лáмпа. 3. Товáрищ сидит и .... 4. Вы ... по-рýсски. 5. Учитель диктýет, а дéти .... 6. Мой брат хорошó ... в футбóл. 7. Вот пóле, здесь ... нóвые трáкторы. 8. Комбáйн ... хорошó. 9. Самолёт ... высокó. 10. Сóлнце ... я́рко.

९. मोटे टाइप में दिये गये क्रियाविशेषणों तथा विशेषणों के विरुद्ध अर्थ वाले शब्द दीजिये:

а) 1. Вы идёте **быстро.** 2. Он говорит **тихо.** 3. Вчерá былá **тёмная** ночь. 4. Сегóдня дéти **мáло** пишут.

б) 1. Тепéрь стоя́т **холóдные** дни. 2. Напрáво стоит **стáрый** дом. 3. Налéво **большóй** двор. 4. Посередине **молодóй** сад.

१०. निम्नलिखित क्रियाओं के आज्ञार्थ एकवचन तथा बहुवचन रूप दीजिये:

стоя́ть, идти, говорить, отвечáть, смотрéть, игрáть, петь, рабóтать

११. आज्ञार्थ एकवचन या बहुवचन में योग्य क्रिया का उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

... смéло, ... пря́мо, ... грóмко, ... спокóйно, ... мéдленно

१२. यह सूचित कीजिये कि मोटे टाइप में छपे हुए शब्द कोष्ठक में दिये गये किन प्रश्नों के उत्तर हैं:

(प्रश्न: ктó э́то?, чтó э́то?, что он дéлает?, что мы дéлаем?, как?, где?, чья э́то?, какáя э́то?)

а) 1. Это **товáрищ Ивaнóв.** 2. Он **рабóтает.** 3. Он рабóтает **по-нóвому.** 4. Мы **читáем** хорошó.

б) 1. Это **нáша книга.** 2. **Там** лежит журнáл. 3. Это **рýсская** газéта.

१३. विशेषण के पूर्ण रूप के बदले लघु रूप लिखिये।

उदाहरण: Цветы́ хорóшие. Цветы́ хороши́.

1. Горá высóкая. 2. Всё пóле зелёное. 3. Вид краси́вый. 4. Рекá ширóкая. 5. День хорóший. 6. Нéбо я́сное. 7. Дéвушка краси́вая.

१४. हिन्दी में अनुवाद कीजिये और निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त पूर्ण तथा लघु रूप विशेषणों के विविध कार्य सूचित कीजिये:

1. Тёмная ночь. Ночь темна́.
2. Но́вые высо́кие дома́. Но́вые дома́ высоки́.
3. Это широ́кое по́ле Это по́ле широко́.
4. Наш краси́вый горо́д. Наш го́род краси́в.

१५. कोष्ठक में दी गई क्रियाओं के योग्य वर्तमानकालिक रूपों का उपयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. Учи́тель (спра́шивать) уро́к. 2. Учени́к (отвеча́ть) уро́к хорошо́. 3. Мы (ходи́ть) на уро́к ка́ждый день. 4. Учи́тельница (объясня́ть) уро́к. 5. Я (гото́вить) уро́ки стара́тельно.

१६. क्रियाओं के योग्य भूतकालिक रूपों का उपयोग करते हुए १५ वें अभ्यास के वाक्यों को फिर से लिखिये।

१७. बाईं ओर दिये गये विशेषणों के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Вчера́ была́ ... пого́да.
2. Не́бо бы́ло ... .
3. Позавчера́ шёл ... дождь.
4. Ту́чи бы́ли ... .
5. Сего́дня во́здух ... .
6. ... со́лнце све́тит я́рко.

си́льный, я́сный, прия́тный, све́жий, ле́тний, тёмный

१८. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) हम रूसी पढ़ते हैं। (२) हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। (३) हम हर रोज पढ़ते हैं। (४) मेरा साथी रूसी पढ़ सकता है। (५) उसकी आवाज़ ज़ोरदार है, वह ज़ोर से पढ़ सकता है। (६) साथी इवानोव हिन्दी बोल सकता है। (७) उसने बहुत दिन पहले हिन्दी सीखी। (८) उसके अध्यापक अनुभवी थे।

१९. निम्नलिखित शब्दों को फिर से लिखिये और उनके धातुओं को रेखांकित कीजिये:

напра́во, пра́вило, пра́вильно, поправля́ть; я́сно, объясня́ть; даёт, задава́ть; Индия, инди́ец, инди́йский, индиа́нка

तीसरा भाग

УРОК 23ª

व्याकरण:

संज्ञाओं की कारक-रचना: सामान्य निरूपण
कर्ता कारक। वाक्य में कर्ता
कारक की संज्ञा के कार्य
संबंध-सूचकीय कारक: उसका अर्थ तथा
उपयोग
идти́ क्रिया का भूत काल

ГРАММАТИКА

१. संज्ञाओं की कारक-रचना
सामान्य निरूपण

जब कि हिन्दी भाषा में वाक्य के किसी शब्दभेद तथा संज्ञा के बीच के संबंध विभक्तियों की सहायता से सूचित किये जाते हैं, रूसी भाषा में ये संबंध विभक्ति परिवर्तन द्वारा और संबंध सूचकों की सहायता से भी व्यक्त किये जाते हैं:

उदाहरणार्थ, 'भाई की किताब' शब्द रूसी кни́га бра́та के समानार्थक हैं। यहाँ бра́та शब्द की -а विभक्ति से स्वामित्व सूचित होता है जो कि हिन्दी में 'की' विभक्ति द्वारा व्यक्त होता है।

'मैं भाई से बोलता हूँ' वाक्य का रूसी अनुवाद है я говорю́ с бра́том, हिन्दी विभक्ति 'से' का अर्थ रूसी में संबंध-सूचक с और विभक्ति **-ом** से व्यक्त होता है।

रूसी में छः कारक हैं। प्रत्येक कारक का अपना अलग नाम है और वह एक निश्चित प्रश्न का उत्तर देता है, जैसे:

Падéж	Вопрóс	कारक	प्रश्न
1. Именúтельный	кто? что?	कर्ता	कौन? क्या?
2. Родúтельный	когó? чегó?	संबंध	किसका? किनका?
3. Дáтельный	комý? чемý?	संप्रदान	किसको? किनको?
4. Винúтельный	когó? что?	कर्म	किसको? किनको? क्या?
5. Творúтельный	кем? чем?	करण	किसने? किससे?
6. Предлóжный	о ком? о чём?	संबंध-सूचकीय	किसके बारे में?

प्रत्येक कारक की संज्ञा जिस बुनियादी प्रश्नार्थक शब्द का उत्तर देती है उस शब्द के अलावा संदर्भानुसार कुछ अन्य शब्दों का भी उत्तर संज्ञा से मिल सकता है। उदाहरणार्थ: **чей? где? кудá? для когó?** किस (व्यक्ति) के लिये? **для чегó?** किस (वस्तु) के लिये? इत्यादि।

प्रत्येक पृथक् कारक का तथा कारक विभक्तियों का कार्य जानना अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

इस पाठ्यपुस्तक में संज्ञाओं के कारकों का विचार परंपरागत क्रम (जैसा कि ऊपर दिखाया गया है) से नहीं बल्कि उनकी कठिनता के अनुसार और रूसी भाषा के अध्ययन की हमारी प्रगति की आवश्यकता के अनुसार किया जायगा। इस अध्याय में हम कर्ता तथा संबंध-सूचकीय (परंपरागत क्रम के अनुसार पहला तथा छठा कारक) कारकों का विचार करेंगे।

२. कर्ता कारक

क) कर्ता कारक के एकवचन में संज्ञाओं की विभक्तियाँ

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
कर्ता	стол -	кóмната -а	

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
कर्ता	учúтель -	землá -я	пóле -е

ख) वाक्य में कर्ता कारक की संज्ञा के कार्य

१. कर्ता वह प्राथमिक कारक रूप है जिससे संज्ञा किसी व्यक्ति, वस्तु अथवा भाववाचक कल्पना का नाम सूचित करती है।

२. वाक्य में निम्नलिखित कार्यों के लिये संज्ञा कर्ता कारक में रखी जाती है।

(क) कर्ता सूचित करने के लिये:

Това́рищ чита́ет.	साथी पढ़ रहा है।
Кни́га лежи́т здесь.	पुस्तक यहाँ पड़ी है।

(ख) संज्ञा-रूप विधेय सूचित करने के लिये:

Студе́нт Ивано́в — **мой това́рищ.**	विद्यार्थी इवानोव मेरा साथी है।

(ग) संबोधनार्थक रूपों में:

Това́рищ Ивано́в, где вы рабо́таете?	साथी इवानोव, तुम कहाँ काम करते हो?

३. कर्ता कारक की संज्ञा खुद एक पूरा वाक्य हो सकती है (तथाकथित कर्ता कारक वाक्य):

Зима́. Моро́з.	जाड़ों के दिन। पाला पड़ा है।

४. कर्ता कारक की संज्ञा **кто?** 'कौन?' **что?** 'क्या?' प्रश्नों के उत्तर देती है:

Кто чита́ет? — Това́рищ.

Что лежи́т здесь? — Кни́га.

Кто ваш това́рищ? — Студе́нт Ивано́в.

३. संबंध-सूचकीय कारक

(क) संबंध-सूचकीय कारक के एकवचन में संज्ञा की विभक्तियाँ

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
संबंध-सूचकीय	(о) (на) } столе́	(о) (в) } ко́мнате	(об) (на) } окне́

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
संबंध-सूचकीय	(об) учи́теле	(о) (на) (в) } земле́	(о) (на) (в) } по́ле

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि **стол, ко́мната, окно́** जैसी संज्ञाओं के संबंध-सूचकीय कारक में सभी लिंगों में एक ही विभक्ति **-е** रहती है।

(ख) संबंध-सूचकीय कारक का अर्थ तथा प्रयोग

अपने नामानुसार इस कारक का प्रयोग केवल संबंध-सूचक के साथ होता है।

१. संबंध-सूचकीय कारक का उपयोग **о (об)** संबंध-सूचक के साथ तब किया जाता है जब संज्ञा से संबंधित क्रिया विचार अथवा भाषण सूचित करती है, उदाहरणार्थ: **чита́ть, говори́ть, ду́мать, расска́зывать, писа́ть** इत्यादि जैसी क्रियाएं:

Мы *говори́м* **о** пого́де. — हम मौसम के बारे में बोल रहे हैं।
Я *ду́маю* **о** кни́ге. — मैं पुस्तक के बारे में सोच रहा हूं।
Учи́тель *расска́зывал* **о** колхо́зе. — अध्यापक हमें कोलखोज़ (सामूहिक खेत) के बारे में बता रहे थे।

संबंध-सूचक **о** जब ऐसे शब्द से पहले आता है जिसका आरंभ स्वर से होता है तब वह **об** में परिवर्तित होता है जिससे उच्चारण में सुविधा होती है। **о** तथा **об** के अर्थ में कोई भेद नहीं है:

Мой брат *ду́мает* **об** отце́. — मेरा भाई पिताजी के बारे में सोच रहा है।
Мы *говори́м* **об** уро́ке. — हम पाठ के बारे में बोल रहे हैं।

हिन्दी संबंध-सूचक 'के बारे में' तथा 'के विषय में' रूसी संबंध-सूचक о (об) के समानार्थक हैं।

२. जब स्थान सूचित करना होता है तब संबंध-सूचकीय कारक का उपयोग **в** और **на** संबंध-सूचकों के साथ किया जाता है। हिन्दी में इनके समानार्थक विभक्तियाँ हैं 'में, पर':

Наш го́род **на се́вере.**	हमारा शहर उत्तर **में** है।
В го́роде краси́вые у́лицы.	शहर में सुंदर सड़कें हैं।

३. संबंध-सूचकीय कारक से निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मिलते हैं:

о ком? о чём?	किसके बारे में?
на ком? на чём? } где?	किस पर? } कहाँ?
в ком? в чём? } где?	किसमें? } कहाँ?
О чём они́ говоря́т? — О пого́де.	वे किसके बारे में बोल रहे हैं? मौसम के बारे में।
На чём он пи́шет? — На бума́ге.	वह किस पर लिख रहा है? कागज़ पर।
Где живёт ваш брат? — На ю́ге.	तुम्हारा भाई कहाँ रहता है? दक्षिण में।

४. **идти́** क्रिया का भूत काल

Идти́ जाना क्रिया के भूत काल का मूल रूप वर्तमान काल तथा क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप से भिन्न है।

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
उत्तम	я шёл, шла	мы шли
मध्यम	ты шёл, шла	вы шли
अन्य	он шёл	
	она́ шла	они́ шли
	оно́ шло	

СЛОВАРЬ

библиотéка (स्त्री०) पुस्तकालय
в (+संबंध-सूचकीय कारक) में, पर
двáдцать три 23 तेईस
дýмать I (дýма||ю, -ешь) सोचना
на (+ संबंध-सूचकीय कारक) पर; **на юге** दक्षिण में (स्थान)
о, об (+ संबंध-सूचकीय कारक) के बारे में, का
подокóнник (पु०) खिड़की की पटिया
пóезд (पु०) (ब० व० поездá) ट्रेन, रेलगाड़ी
рассkáзывать I (рассkáзыва||ю, -ешь) बयान करना, बताना
с, со संबंध-सूचक (+ करण कारक) से, के साथ
урожáй (पु०) फ़सल

Произношение

बाद में आने वाले शब्द के साथ संबंध-सूचक का उच्चारण कीजिये। निम्नलिखित संबंध-सूचकों के उच्चारणों पर विशेष ध्यान दीजिये:

о → [а] अस्पष्ट: о клúмате, о погóде

в → [ф] (अघोष व्यंजनों के पहले): в кóмнате

УПРАЖНЕНИЯ

१. पढ़िये और हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Наш учéбник лежúт **на столé**. 2. **В учéбнике** есть тéксты и упражнéния. 3. У нас **в шкóле** хорóшая библиотéка. 4. Мы сидúм **в** егó **кóмнате**. 5. **На подокóннике** стоят цветы́. 6. Вчерá мы говорúли **о Москвé**. 7. Наш учúтель расскáзывал **о Вóлге**. 8. Сегóдня **на нéбе** яркое сóлнце. 9. Вчерá **на ýлице** бы́ло хóлодно. 10. Я мнóго дýмал **об урóке**. 11. Как хорошó бы́ло **на юге**! 12. Дéвушки пéли пéсни **об урожáе**. 13. **О чём** вы спрáшиваете? 14. **О ком** вы дýмаете?

२. ऊपर वाले अभ्यास में से कर्ता कारक की (एकवचन तथा बहुवचन) और संबंध-सूचकीय कारक की (एकवचन) संज्ञाएं सूचित कीजिये।

३. в, на और о संबंध-सूचकों से रिक्तपूर्ति कीजिये :

1. ... Ленингра́де широ́кие у́лицы. 2. Вчера́ ... не́бе бы́ли тёмные ту́чи. 3. Учи́тельница расска́зывала ... Москве́. 4. Мы бы́ли ... шко́ле. 5. ... уро́ке ученики́ сиде́ли ти́хо. 6. Наш учё́бник лежи́т ... столе́. 7. ... учё́бнике есть те́ксты и упражне́ния. 8. Я ду́мал ... Воло́де. 9. Мы лете́ли ... самолёте. 10. Колхо́зники говори́ли ... урожа́е.

४. दाहिनी ओर के स्तंभ में दी गई संज्ञाओं में से योग्य संज्ञा के आवश्यक रूप से रिक्तपूर्ति कीजिये :

а) 1. Арха́нгельск — на ... СССР.
2. В ... больша́я гидроэлектроста́нция.
3. Де́ти изуча́ют ру́сский язы́к в ... .
4. Зима́. На ... лежи́т снег.
5. Ле́том мы бы́ли в ... .
6. На ... свети́ло я́ркое со́лнце.
7. В ... поспева́ла пшени́ца.

шко́ла, не́бо, земля́, колхо́з, се́вер, по́ле, дере́вня

б) 1. Бы́ло интере́сно чита́ть о ... .
2. Де́ти расска́зывали об ... .
3. Они́ спра́шивали о ... «това́рищ».
4. Студе́нты говори́ли о ... .
5. Колхо́зники ду́мали об ... .
6. Газе́та «Пра́вда» писа́ла о ... .
7. Де́вушки пе́ли пе́сни о ... .

Москва́, сло́во, уро́к, спорт, весна́, урожа́й, мир

५. Идти́ क्रिया के भूत काल के सही रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये :

1. Я ... домо́й. 2. Мы ... бы́стро. 3. Де́ти ... ме́дленно. 4. По́езд ... на юг. 5. Вчера́ ... снег. 6. Ты ... домо́й?

УРОК 23

शब्द-साधन: विशेषण प्रत्यय-н-(क्रमश:)

О КЛИМАТЕ

Сего́дня на уро́ке мы чита́ли о кли́мате СССР.

СССР — огро́мная страна́. Кли́мат на се́вере и на ю́ге, на за́паде и восто́ке совсе́м ра́зный.

Ча́сто быва́ет так: на Кавка́зе наступа́ет весна́; све́тит я́ркое со́лнце, цветёт минда́ль, пою́т пти́цы: всю́ду зелёная трава́. А на се́вере СССР, наприме́р, в Арха́нгельске, ещё зима́. Там хо́лодно. Всю́ду лежи́т снег. Лёд на реке́ ещё не та́ет.

Быва́ет ещё так: в Ри́ге (1) идёт си́льный дождь; на не́бе тёмные ту́чи. На у́лице сы́ро; ду́ет холо́дный ве́тер; летя́т жёлтые ли́стья; наступа́ет о́сень. А в Ташке́нте (2) жа́рко и су́хо. На не́бе све́тит ю́жное со́лнце.

Неда́вно в газе́те мы чита́ли о пого́де в Ирку́тске (3) и Ялте: в Ялте стоя́ла прекра́сная пого́да. Не́бо бы́ло голубо́е; на со́лнце зре́ли прекра́сные ю́жные фру́кты: виногра́д, я́блоки, гру́ши, сли́вы.



Вода́ в мо́ре была́ ещё тёплая. А на восто́ке СССР, в Ирку́тске, уже́ шёл пе́рвый снег. Дул холо́дный ве́тер. Наступа́ли зи́мние моро́зы. Бы́ло хо́лодно.

СЛОВАРЬ

быва́ет संदर्भ में: होता है

ве́тер (पु०) (ब० व० **ве́тры**) हवा, वायु

восто́чн||ый, -ая, -ое; -ые पूर्वी

дуть I (**ду́||ю, -ешь**) बहना, चलना

за́падн||ый, -ая, -ое; -ые पश्चिमी

зре́ть I (**зре́ет**) पकना

кли́мат (पु०) (ब० व० नहीं) हवा, मौसम, जलवायु

лист (पु०) (ब० व० **ли́стья**) पत्ता, पत्ती

минда́ль (पु०) (ब०व० नहीं) बादाम का पेड़

на восто́ке पूर्व में

на за́паде पश्चिम में

на Кавка́зе काकेशस में

наприме́р उदाहरणार्थ

на се́вере उत्तर में

наступа́ть I (**наступа́ет**) हो जाना, आ जाना

неда́вно क्रियावि० हाल ही में

огро́мн||ый, -ая, -ое; -ые भव्य, विशाल

о́сень (स्त्री०) (ब०व० नहीं) शरद ऋतु

се́верн||ый, -ая, -ое; -ые उत्तरी

сли́ва (स्त्री०) स्लिवा, एक प्रकार का बेर

совсе́м क्रियावि० पूर्णतया, बिलकुल

сух||о́й, -а́я, -о́е; -и́е सूखा; **су́хо** (लघु रूप, नपुं०) सूखा है

сыр||о́й, -а́я, -о́е; -ы́е गीला, नम; **сы́ро** (लघु रूप, नपुं०) गीला, नम है

та́ять I (**та́ет**) पिघलना, गलना

хо́лодно सर्द है; **бы́ло хо́лодно** सर्द था

ю́жн||ый, -ая, -ое; -ые दक्षिण, दक्षिणी

Выражения

идёт дождь	पानी बरसता है, बरस रहा है।
шёл дождь	पानी बरसा, बरस रहा था।

Примечания

1. Ри́га — लतविया सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी। बाल्टिक सागर के रिगा आखात पर स्थित एक महत्वपूर्ण बंदरगाह।

2. Ташке́нт — उज्बेक सोवियत समाजवादी जनतंत्र की राजधानी।

3. Ирку́тск — पूर्वी साइबेरिया का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा सांस्कृतिक केन्द्र।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ

विशेषण प्रत्यय -н-(क्रमश:)

Се́вер, юг, восто́к, за́пад संज्ञाओं में -н- प्रत्यय लगा कर विशेषण बनाये जाते हैं:

се́вер	उत्तर	се́верный	उत्तरी
за́пад	पश्चिम	за́падный	पश्चिमी
юг	दक्षिण	ю́жный	दक्षिणी
восто́к	पूर्व	восто́чный	पूर्वी

г अन्त्याक्षरवाली संज्ञाओं से बनाये गये विशेषणों में г व्यंजन के स्थान पर ж व्यंजन आता है: юг — ю́жный; और к अन्त्याक्षरवाली संज्ञाओं से बनाये गये विशेषणों में к व्यंजन के स्थान पर ч व्यंजन आता है восто́к — восто́чный।

Произношение

इनके उच्चारणों पर विशेष ध्यान दीजिये:

(क) बलरहित о:

о → अस्पष्ट а: пого́да, огро́мный, холо́дный

(ख) मृदु व्यंजन:

на Кавка́зе, на за́паде, на ю́ге, в Ри́ге, на се́вере, на восто́ке, в Ташке́нте, минда́ль, о́сень, дождь, ли́стья, тёмный, тёплый

УПРАЖНЕНИЯ

१. इस अध्याय के पाठ से ऐसे उदाहरण सूचित कीजिये जिनमें संज्ञाओं के कर्ता कारक का उपयोग (क) कर्ता की तरह, (ख) विधेय के नाममात्र अंग की तरह किया गया है।

२. पाठ में से संबंध-सूचकीय कारक की सभी संज्ञाओं को फिर से लिखिये और आगे की तरह उनका वर्गीकरण कीजिये: (क) в संबंध-सूचक सहित संज्ञाएं, (ख) на संबंध-सूचक सहित संज्ञाएं, (ग) о संबंध-सूचक सहित संज्ञाएं। संज्ञाओं के साथ प्रयुक्त प्रश्नार्थक शब्द बताइये।

३. फिर से लिखी गई संज्ञाओं को कर्ता कारक में रखिये और उनके लिंग बताइये।

४. निम्नलिखित वाक्यों को इस तरह परिवर्तित कीजिये जिससे वे पाठ के वाक्यों के साथ मेल खायें।

1. В **Арха́нгельске** ле́то; вода́ в мо́ре тёплая; всю́ду зелёная трава́.

2. В **Ташке́нте** зима́; на земле́ лежи́т снег; лёд на реке́ ещё не та́ет. Моро́з.

3. В **Ирку́тске**, на восто́ке СССР, жа́рко и су́хо.

4. На **Кавка́зе** наступа́ет о́сень. Ду́ет холо́дный ве́тер. Идёт дождь. Летя́т жёлтые ли́стья.

5. В **Ри́ге** стои́т хоро́шая пого́да. Всю́ду зелёная трава́. На не́бе све́тит я́ркое со́лнце. В го́роде тепло́.

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) हमारा शहर दक्षिण में है। हमारे यहाँ गरमी रहती है। (२) शहर में एक बड़ा बग़ीचा है। (३) आज मौसम अच्छा है। पानी नहीं बरस रहा है। रास्ते सूखे हैं। गरम हवा बह रही है। आसमान में सफ़ेद बादल हैं।

УРОК 24[a]

व्याकरण:
संबंध-सूचकीय कारक (क्रमश:)
पुल्लिंग संज्ञाओं का, у विभक्तिवाला संबंध-सूचकीय कारक
पुल्लिंग संज्ञाओं की कारक रचना में е, ё, о स्वरों का लोप
Мой, твой स्वामित्व सूचक सर्वनामों के अर्थ में **у меня́, у тебя́** इत्यादि वाक्यांशों का उपयोग
Жить और **висе́ть** क्रियाओं की काल-रचना की विशेषताएं
ли अव्यय सहित प्रश्न

ГРАММАТИКА

१. у विभक्ति के साथ संबंध-सूचकीय कारक

कुछ पुल्लिंग संज्ञाएं **в** तथा **на** संबध-सूचकों के बाद संबध-सूचकीय कारक में **у** विभक्ति लेती हैं। इनमें आम तौर पर एक शब्दांशवाली संज्ञाओं का समावेश होता है:

лес	जंगल	сад	बग़ीचा	мост	पुल	бе́рег	तट
пол	फ़र्श	глаз	आँख	год	वर्ष	час	घंटा

हम कहते हैं: в лесу́, в саду́, на мосту́, на берегу́, на полу́, в углу́, в глазу́, в году́, в часу́.

संबंध-सूचकीय कारक की **у** विभक्ति हमेशा बलसहित रहती है।

ध्यान रखिये कि यह विभक्ति तभी आती है जब किसी वस्तु का स्थान या समय सूचित किया जाता है याने जब **где?** कहाँ? या **когда́?** कब?

प्रश्न पूछा जा सकता है। बाक़ी सब उदाहरणों में सामान्य विभक्ति -е का प्रयोग किया जाता है। तुलना करके देखिये:

о шкáфе	आलमारी के बारे में	в шкафý	आलमारी में
о гóде	वर्ष के बारे में	в годý	वर्ष में

२. पुल्लिंग संज्ञाओं की कारक रचना में е, ё, о स्वरों का लोप

कुछ पुल्लिंग संज्ञाओं के कारक रूप बनाते समय е, ё, о स्वरों का लोप होता है। इन स्वरों को अस्थायी स्वर कहते हैं। तुलना करके देखिये:

Мой **отéц** живёт в дерéвне.	Мы говорúм об **отцé.**
मेरे पिताजी देहात में रहते हैं।	हम पिताजी के बारे में बोल रहे हैं।
Вот большóй **ковёр.**	Дéти игрáют на **коврé.**
यह एक बड़ा कालीन है।	बच्चे कालीन पर खेल रहे हैं।
Там **ýгол.**	Стол стоúт в **углý.**
वहां एक कोना है।	मेज़ कोने में है।

जैसा कि आप आगे चलकर देख लेंगे, अन्य कारकों में भी यही होता है।

३. स्वामित्व-सूचक सर्वनाम **мой** के अर्थ में **у меня́** वाक्यांश का उपयोग

मेरे पास है, तुम्हारे पास है इत्यादि के अर्थ में प्रयुक्त **у меня́, у тебя́** इत्यादि वाक्यांशों को **мой** मेरा, **твой** तुम्हारा आदि के अर्थ में भी प्रयोग किया जा सकता है, ख़ासकर बोलचाल की भाषा में।

उदाहरणार्थ:

Кни́га лежи́т **у меня́** на столé.	किताब मेरी मेज़ पर (पड़ी) है।
У нас в кóмнате стои́т шкаф.	हमारे कमरे में एक आलमारी है।

४. **Жить** और **висéть** क्रियाओं की कालरचना की विशेषताएं

१. **Жить** (जीना, रहना) क्रिया की कालरचना की कुछ विशेषताएं हैं। इसके भूतकालिक रूप सामान्य नियम (21 वां अध्याय देखिये) के अनुसार

बनाये जाते हैं लेकिन वर्तमान काल के सभी पुरुषों में तथा आज्ञार्थ में в जोड़ दिया जाता है।

२. **Висéть** (टँगना, टाँगना) का प्रथम पुरुष एकवचन रूप **вишý** होता है।

वर्तमान काल	
एकवचन	बहुवचन
я живý	мы живём
ты живёшь	вы живёте
он / онá / онó } живёт	они́ живýт

५. Ли अव्यय सहित प्रश्न

पहले तथा 12[a] वें अध्यायों में बताया गया था कि रूसी में वाक्य के शब्दों का क्रम परिवर्तित किये बिना केवल उच्चारण के प्रश्नार्थक लहजे के सहारे प्रश्न सूचित किया जा सकता है।

प्रश्नार्थक अव्यय **ли** की सहायता से भी प्रश्न सूचित किया जा सकता है:
Бы́ли **ли** вы в шко́ле сего́дня? क्या आज तुम स्कूल गये थे?

ऐसे स्थानों में, प्रश्न जिस शब्द से संबंधित रहता है वह शब्द वाक्य के आरंभ में रखा जाता है और उसके बाद अव्यय **ли** आता है।

निम्नलिखित उदाहरण देखिये:

Идёте ли вы сего́дня в шко́лу?	क्या तुम आज स्कूल जा रहे हो?
В шко́лу ли вы идёте сего́дня?	क्या स्कूल जा रहे हो तुम आज?
Сего́дня ли вы идёте в шко́лу?	क्या आज तुम स्कूल जा रहे हो?
Шко́ла ли э́то?	क्या यह स्कूल है?
Но́вая ли э́то шко́ла?	क्या यह स्कूल नया है?

СЛОВАРЬ

бéрег (पु०) (ब०व० берегá) तट
двáдцать четы́ре 24 चौबीस
ковёр (पु०) (ब०व० ковры́) कालीन
когдá कब
ли प्रश्नार्थक अव्यय, यदि, या
парк (पु०) पार्क, उद्यान
портфéль (पु०) हाथ-बैग
расти́ I (раст||ý, -ёшь) बढ़ना, बड़ा हो जाना
ýгол (पु०) (ब०व० углы́) कोना
час (पु०) (ब०व० часы́) घंटा

УПРАЖНЕНИЯ

१. (क) निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये। मोटे टाइप में छपे शब्दों की विभक्तियों को रेखांकित कीजिये।

(ख) मोटे टाइप में छपे शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Кни́ги стоя́т **в шкафý**. 2. Мы говори́м **о шкáфе**. 3. Ковёр лежи́т **на полý**. 4. Что лежи́т **на столé**? 5. Мы гуля́ем **в лесý**. 6. Что вы знáете **о лéсе**?

२. दाहिनी ओर दी गई पुल्लिंग संज्ञाओं का संबंध-सूचकीय कारक में उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये। यह बताइये कि कौनसी विभक्ति आवश्यक है -е या -у?

1. В ... стои́т стол.	ýгол
2. Кни́ги лежáт в	шкаф
3. У нас в ... хорошó.	кóмната
4. Мы живём на	сéвер
5. В ... растýт я́блоки.	сад
6. Мы говори́м о	сад
7. Кто стои́т там на ... ?	мост
8. Мы бы́ли на	урóк
9. Что там лежи́т на ... ?	пол
10. Как ти́хо в	лес
11. Мы читáем о	лес
12. Учи́тель расскáзывает о	кли́мат

३. निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये और निम्नलिखित क्रियाओं में से योग्य क्रियाओं का वर्तमान काल में उपयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

жить, рабо́тать, игра́ть, сиде́ть, стоя́ть, висе́ть, лежа́ть

1. На столе́ ... газе́та. 2. Карти́на ... на стене́. 3. Ковёр ... на полу́. 4. Цветы́ ... на подоко́ннике. 5. На́ша семья́ ... в го́роде. 6. Мой брат ... на заво́де. 7. Де́ти ... в саду́. 8. Я ... на дива́не. 9. Кни́ги ... в шкафу́.

४. तीसरे अभ्यास के लिये लिखे गये वाक्यों को भूत काल में लिखिये।

५. Ли अव्यय के साथ ऐसे प्रश्न बनाइये जिनके उत्तर मोटे टाइप में छपे हुए शब्द हों।

उदाहरणार्थ: Это **интере́сная** кни́га. **Интере́сная** ли э́то кни́га?

1. Вы **уме́ете** говори́ть по-ру́сски. 2. **Вчера́** у вас **был** уро́к. 3. Вы **мно́го** чита́ли о Москве́. 4. У меня́ **есть** ру́сские газе́ты. 5. У нас в го́роде **больши́е** па́рки. 6. Вчера́ **бы́ло тепло́**. 7. Сего́дня **хоро́шая** пого́да. 8. Вы **бы́ли** на Кавка́зе. 9. Во́лга **о́чень** широка́. 10. Вы **игра́ете** в те́ннис?

६. हिन्दी में अनुवाद कीजिये। एक ही वाक्यांश के अलग अलग अनुवाद का फ़र्क स्पष्ट कीजिये:

1. **У меня́** большо́й стол. Кни́га лежи́т **у меня́** на столе́.

2. **У вас** хоро́шая ко́мната. Большо́й ковёр лежи́т **у вас** в ко́мнате.

3. **У нас** **большо́й** сад. Эти я́блоки расту́т **у нас** в саду́.

4. **У тебя́** но́вый портфе́ль. Уче́бник лежи́т **у тебя́** в портфе́ле.

5. **У них** но́вая шко́ла. Я был на уро́ке **у них** в шко́ле.

७. योग्य संबंध-सूचकों से रिक्तपूर्ति करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. Наш го́род ... ю́ге. 2. Мы живём ... го́роде. 3. Наш го́род стои́т ... реке́. 4. Мы жи́ли ... дере́вне. 5. Мой брат рабо́тает ... заво́де. 6. Я изуча́л ру́сский язы́к ... шко́ле. 7. Эта карти́на висе́ла ... стене́. 8. Что вы чита́ли ... Кавка́зе? 9. Бы́ли ли вы ... Кавка́зе? 10. Го́род Улья́новск стои́т ... Во́лге.

УРОК 24б

У МЕНЯ В КОМНАТЕ

Я инжене́р. Моя́ фами́лия Моро́зов.

Моя́ семья́ живёт в Москве́ неда́вно. Здесь у нас небольша́я, но хоро́шая кварти́ра. В кварти́ре есть де́тская, спа́льня, столо́вая, мой рабо́чий кабине́т, ва́нная, ку́хня и пере́дняя.

У меня́ в кабине́те стои́т пи́сьменный стол и удо́бное кре́сло. Здесь я обы́чно чита́ю и пишу́. У меня́ на столе́ лежа́т бума́ги, кни́ги, газе́ты, а та́кже стоя́т часы́, календа́рь и телефо́н.

В ко́мнате большо́е окно́. На окне́ вися́т занаве́ски. В ко́мнате удо́бная и краси́вая ме́бель. Напра́во стои́т дива́н и ещё одно́ кре́сло. Нале́во дверь, в углу́ стои́т шкаф. В шкафу́ мои́ кни́ги. На стене́ вися́т карти́ны.

На полу́ посереди́не лежи́т краси́вый ковёр. На потолке́ виси́т больша́я ла́мпа, друга́я стои́т у меня́ на столе́.

В де́тстве я жил в Ки́еве. Там у нас то́же была́ удо́бная и све́тлая кварти́ра.

СЛОВАРЬ

бума́ги (स्त्री०, ब० व०) कागज़ात, दस्तावेज़

ва́нная (स्त्री०) स्नानगृह, गुसलखाना

7. Я бегу́ на ... . 8. Я люблю́ плáвать в	рекá
9. Иди́те на ... . 10. Как хорошó лéтом на	óзеро

५. पाठ में से कालवाचक क्रियाविशेषणों को सूचित कीजिये।

६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

(क) पाठ से संबंधित प्रश्न:

1. Кудá иду́т тури́сты?
2. Что вы знáете об Абрáмцеве?
3. Что хотя́т там ви́деть тури́сты?
4. Где они́ останáвливаются на ночлéг?
5. Что они́ дéлают вéчером?
6. Когдá тури́сты просыпáются?
7. Что они́ дéлают у́тром?

(ख) पाठ से संबंध न रखने वाले प्रश्न:

1. Когдá вы встаёте: рáно и́ли пóздно?
2. Дéлаете ли вы у́тром гимнáстику?
3. Лю́бите ли вы плáвать в мóре?
4. Мнóго ли вы гуля́ете?
5. Игрáете ли вы в шáхматы?
6. Лю́бите ли вы рабóтать в саду́?
7. Как вы себя́ чу́вствуете сегóдня?
8. Хорошó ли вы спи́те нóчью?
9. Спи́те ли вы днём?
10. Кудá вы éздите лéтом?
11. Где вы лю́бите отдыхáть?

७. मोटे टाइप में दिये हुए शब्दों में **ли** अव्यय जोड़ कर निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नार्थक रूप दीजिए। शब्दों का क्रम बदल दीजिये:

उदाहरण: Вы **чита́ете** по-ру́сски? **Чита́ете** ли вы по-ру́сски?

а) Сего́дня **хоро́шая** пого́да. Со́лнце **све́тит**. Не́бо **я́сное**. Мо́ре **споко́йно**. На у́лице **тепло́**. **Ско́ро** наступа́ет весна́.

б) Вы **изуча́ете** ру́сский язы́к. Ваш брат **мно́го** чита́ет по-ру́сски. Он **игра́ет** в ша́хматы. Ва́ша сестра́ **хорошо́** поёт, у неё **хоро́ший** го́лос.

८. रूसी में अनुवाद कीजिये:

आज ग्रीष्म ऋतु का एक अच्छा दिन है। हम खेत की सैर कर रहे हैं। शाम हो रही है। सूरज डूब रहा है। हम देहात (को) वापस आ रहे हैं। शाम को हमारा परिवार एकत्र होता है। गरमियों में हम बग़ीचे में रात का भोजन करते हैं। रात हो रही है। मैं सोने जाता हूं। रात गरम है। रात को मैं गहरी नींद सोता हूं। मैं सवेरे जाग उठता हूं और कसरत करता हूं। मुझे अच्छा लगता है।

УРОК 28а

व्याकरण :

-ся (-сь) अन्तवाली क्रियाएं (क्रमश:)

-ся (-сь) अन्त सहित कर्मवाच्य क्रियाएं

-ся (-сь) अन्तवाली क्रियाओं का भूत काल

-евать, -овать तथा -ивать, -ывать अन्तवाली क्रियाएं

१. -ся अन्तवाली क्रियाएं (क्रमश:)

(क) -ся अन्त सहित कर्मवाच्य क्रियाएं

Стро́иться बनाया जाना, **добыва́ться** निकाला जाना, **перераба́тываться** प्रक्रिया किया जाना इत्यादि जैसी -ся अन्तवाली कुछ क्रियाओं में कर्मवाच्य का अर्थ रहता है। ऐसी क्रियाओं में -ся प्रत्यय दिखाता है कि कोई व्यक्ति या वस्तु खुद कुछ व्यापार नहीं करते किन्तु दूसरे किसी व्यक्ति या वस्तु (निर्दिष्ट या अनिर्दिष्ट) द्वारा किये गये व्यापार पर निर्भर रहते हैं। इस प्रकार की क्रियाएं हिन्दी के कर्मवाच्य के समान हैं।

कर्मवाच्य का अर्थ रखने वाली -ся प्रत्ययान्त क्रियाएं सकर्मक क्रियाओं से बनाई जाती हैं। देखिये :

В го́роде рабо́чие **стро́ят** дом.	В го́роде **стро́ится** дом.
कामगार शहर में मकान बना रहे हैं।	शहर में मकान बनाया जा रहा है।
Шахтёры **добыва́ют** руду́ и у́голь.	На Ура́ле **добыва́ется** руда́ и у́голь.
खनिक (खान से) कच्चा लोहा तथा कोयला निकालते हैं।	कच्चा लोहा तथा कोयला उराल में निकाला जाता है।
Заво́д **перераба́тывает** руду́.	Руда́ **перераба́тывается** на заво́де.
मिल कच्ची धातु को गलाकर शुद्ध धातु निकालती है।	कच्ची धातु को मिल में गला कर शुद्ध किया जाता है।

(ख) -ся अन्तवाली क्रियाओं का भूत काल

-ся (-сь) अन्तवाली क्रियाओं का भूत काल उसी तरह बनाया जाता है जिस तरह इस प्रत्यय से रहित क्रियाओं का। व्यंजन के बाद -ся जोड़ा जाता है और स्वर के बाद -сь जोड़ा जाता है।

क्रिया का साधारण रूप: одева́ться

वर्तमान काल: одева́юсь, одева́ешься इत्यादि

भूत काल: одева́лся, одева́лась, одева́лось, одева́лись.

इस तरह पुल्लिंग भूत काल के रूप में -ся प्रत्यय रहता है; स्त्रीलिंग तथा नपुंसक-लिंग और बहुवचन के रूपों में -сь प्रत्यय रहता है।

-ся (-сь) अन्तवाली क्रियाओं के रूप भूत काल में उसी प्रकार बनाये जाते हैं जिस प्रकार उक्त प्रत्यय रहित क्रियाओं के।

क्रिया का साधारण रूप: одева́ться I (खुद) कपड़े पहनना

भूत काल		
एकवचन	बहुवचन	
я одева́лся (पु०), одева́лась (स्त्री०)	мы	
ты одева́лся (पु०), одева́лась (स्त्री०)	вы	
он одева́лся		одева́лись
она́ одева́лась	они́	
оно́ одева́лось		

क्रिया का साधारण रूप: ложи́ться II लेटना

भूत काल		
एकवचन	बहुवचन	
я ложи́лся (पु०), ложи́лась (स्त्री०)	мы	
ты ложи́лся (पु०), ложи́лась (स्त्री०)	вы	
он ложи́лся		ложи́лись
она́ ложи́лась	они́	
оно́ ложи́лось		

२. -евать, -овать तथा -ивать, -ывать अन्तवाली क्रियाएं

१. साधारण रूप में -ев+ать तथा -ов+ать अन्तवाली क्रियाओं के वर्तमान तथा भूत काल में -ов- का लोप हो जाता है:

про́бовать चखना, मज़ा लेना — про́бую; про́буй
танцева́ть नाचना — танцу́ю; танцу́й

इन क्रियाओं के भूत काल में वही मूल रूप है जो क्रिया के साधारण रूप में है: про́бовал, танцева́л.

२. -ивать तथा -ывать अन्तवाली क्रियाओं के सभी रूपों में एक ही मूल रूप रहता है:

налива́ть — налива́ю — налива́л — налива́й
расска́зывать — расска́зываю — расска́зывал — расска́зывай

СЛОВАРЬ

два́дцать во́семь 28 अट्ठाईस
добыва́ть I (добыва́||ю, -ешь) (खान से) निकालना
добыва́ться I (добыва́ется) निकाला जाना
купа́ться I (купа́||юсь, -ешься) स्नान करना, नहाना
ло́дка (स्त्री०) नाव, नौका
открыва́ться I (открыва́ется) खोला जाना, खुलना
перераба́тывать I (перераба́тыва||ю, -ешь) धातु को गलाना, शुद्ध करना, प्रक्रिया करना
перераба́тываться I (перераба́тывается) गलाया जाना, शुद्ध किया जाना, प्रक्रिया किया जाना
побе́да (स्त्री०) विजय, जीत
руда́ (स्त्री०) कच्ची धातु
стро́ить II (стро́||ю, -ишь) बनाना, निर्माण करना
стро́иться II (стро́ится) बनाया जाना, निर्माण किया जाना
танцева́ть I (танцу́||ю, -ешь) नाचना
у́голь (पु०) (ब० व० у́гли) कोयला

Выражение

ката́ться на ло́дке — नौकाविहार करना

Примечание

Уголь 'कोयला' तथा у́гол 'कोना' में गड़बड़ न कीजिये।

УПРАЖНЕНИЯ

१. पढ़िये और हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Тури́сты находи́лись высоко́ на горе́. 2. На не́бе загора́лись звёзды. 3. Со́лнце сади́лось, день конча́лся. 4. Был ве́-

чер, мы **возвраща́лись** домо́й. 5. Моя́ сестра́ всегда́ **просыпа́лась** ра́но у́тром, за́втракала и **отправля́лась** на рабо́ту. 6. В го́роде **стро́ились** высо́кие дома́. 7. Ле́том де́ти **купа́лись** в мо́ре. 8. Встава́ло со́лнце, у́тро **начина́лось.** 9. В па́рке **раздава́лась** му́зыка. 10. Зимо́й де́ти ра́но **ложи́лись** спать. 11. Моя́ сестра́ **открыва́ла** о́кна. 12. Окна **открыва́лись** у́тром.

२. निम्नलिखित क्रियाओं में -ся या -сь प्रत्यय जोड़िये:

1. Мы отправля́ли- на Восто́к. 2. Кора́бль находи́л- в мо́ре. 3. Вдали́ раздава́л- гром. 4. Начина́ла- гроза́. 5. Мо́ре все вре́мя меня́ло- . 6. Наш бе́рег находи́л- далеко́.

३. Отправля́ться, сади́ться, стро́иться क्रियाओं को भूत काल में चलाइये।

४. निम्नलिखित में से योग्य संज्ञाओं या सर्वनामों का प्रयोग कर निम्नलिखित वाक्यों को पूर्ण कीजिये:

не́бо, пого́да, де́ти, ве́тер, со́лнце, вода́, пти́цы, все, день, мы

1. Вчера́ стоя́ла хоро́шая ... . 2. ... бы́ло я́сно. 3. Ярко свети́ло ... . 4. Дул тёплый ... . 5. Высоко́ в не́бе лете́ли ... . 6. В мо́ре ... была́ тёплая. 7. ... мно́го купа́лись. 8. ... лежа́ли на со́лнце. 9. ... был хоро́ший. 10. Ве́чером ... ката́лись на ло́дке.

५. दाहिनी ओर के स्तंभ में दी गई क्रियाओं के योग्य भूतकालिक रूपों का प्रयोग करते हुए रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Ле́том учени́ца Та́ня ... в дере́вне.	жить
2. Она́ там хорошо́	отдыха́ть
3. Ле́том мы ... ра́но.	встава́ть
4. Та́ня бы́стро ... и	одева́ться, умыва́ться
5. Все де́ти ... гимна́стику.	де́лать
6. Пионе́р Ва́ся ... на берегу́ мо́ря.	отдыха́ть
7. Он мно́го	купа́ться
8. Ва́ся и Ко́ля ... в футбо́л.	игра́ть
9. Ве́чером де́ти ... и	пе́ть, танцева́ть
10. Де́ти ... ле́том на во́здухе.	есть
11. Все ... спать в одно́ вре́мя.	ложи́ться
12. Но́чью я кре́пко	спать
13. Та́ня в дере́вне мно́го	чита́ть
14. Мои́ това́рищи ... ка́ждое ле́то в колхо́з «Побе́да».	отправля́ться

УРОК 28б

НА УРОКЕ

Вчера́ у нас был уро́к. Наш учи́тель Никола́й Ива́нович расска́зывал, как меня́лась приро́да. Мы внима́тельно слу́шали. На стене́ висе́ла ка́рта СССР. Никола́й Ива́нович говори́л:

«Приро́да на земле́ неоднокра́тно меня́лась. Мо́ре залива́ло су́шу и сно́ва отступа́ло. Вот на ка́рте Ру́сская равни́на. Когда́-то, о́чень давно́, здесь бы́ло мо́ре. Там, где ра́ньше бы́ли морски́е зали́вы, тепе́рь гео́логи нахо́дят у́голь, нефть, соль; где когда́-то шуме́ли морски́е прибо́и, где разбива́лись морски́е во́лны, тепе́рь лежа́т фосфори́ты. Там, где ра́ньше находи́лись морски́е острова́, тепе́рь добыва́ется руда́.

На ка́рте вы ви́дите Донба́сс. Когда́-то, о́чень давно́, здесь росли́ могу́чие леса́. А тепе́рь в Донба́ссе глубоко́ в земле́ лежи́т ка́менный у́голь. Тепе́рь здесь механизи́рованные ша́хты, где добыва́ется лу́чший у́голь — антраци́т.

Вот Ура́л. Здесь о́чень дре́вние го́ры. На Ура́ле гео́логи нахо́дят руду́, драгоце́нные ка́мни, не́фть и други́е бога́тства. На Ура́ле рабо́тают тепе́рь огро́мные заво́ды; здесь руда́ перераба́тывается в мета́лл: желе́зо, чугу́н, медь и сталь.

СЛОВАРЬ

антраци́т (पु०) एनथ्रासाइट
бога́тство (नपुं०) संपत्ति
волна́ (स्त्री०) (ब० व० **во́лны**) लहर
глубоко́ क्रियावि० गहरा, गहराई से
драгоце́нн||ый, -ая, -ое; -ые मूल्यवान्, क़ीमती
дре́вн||ий, -яя, -ее; -ие पुराना, प्राचीन
желе́зо (नपुं०) (ब० व० नहीं) लोहा
зали́в (पु०) उपसागर, खाड़ी, आखात
залива́ть I (залива́||ю, -ешь) बाढ़ आना
ка́менн||ый, -ая, -ое; -ые पत्थर का; **ка́менный у́голь** (पु०) पत्थर का कोयला
ка́мень (पु०) (ब० व० **ка́мни**) पत्थर
когда́-то किसी समय, पहले
лу́чш||ий, -ая, -ее; -ие सर्वोत्तम, श्रेष्ठ
медь (स्त्री०) (ब० व० नहीं) तांबा
мета́лл (पु०) धातु
механизи́рованн||ый, -ая, -ое; -ые यंत्रीकृत, यंत्रचालित
могу́ч||ий, -ая, -ее; -ие बलिष्ठ; संदर्भ में: घना
морск||о́й, -а́я, -о́е; -и́е सागरीय
неоднокра́тно क्रियावि० बार-बार, अक्सर
нефть (स्त्री०) (ब० व० नहीं) खनिज तेल
о́стров (पु०) (ब० व० **острова́**) टापू

отступа́ть I (отступа́||ю, -ешь) पीछे हटना
прибо́й (पु०) बड़ी लहर
приро́да (स्त्री०) (ब० व० नहीं) प्रकृति
равни́на (स्त्री०) मैदान
разбива́ться I (разбива́||юсь, -ешься) टूटना
ра́ньше क्रियावि० पहले
сталь (स्त्री०) (ब० व० नहीं) इस्पात
су́ша (स्त्री०) स्थल
фосфори́т (पु०) फास्फोराइट

Примечание

Донба́сс — Доне́цкий бассе́йн — सोवियत संघ में कोयले का खदानोंवाला एक प्रदेश।

Произношение

उच्चारण कीजिये:

ы быть, был, добыва́ть, зали́вы, заво́ды, ша́хты, го́ры

л был, чита́л, говори́л, расска́зывал; была́, чита́ла, говори́ла, расска́зывала

ж желе́зо, лежи́т, мо́жет, жи́ли

ш ша́хта, хорошо́, слу́шали

УПРАЖНЕНИЯ

१. इस अध्याय के पाठ में से -ся (-сь) अन्तवाली भूतकालिक क्रियाएं चुन लीजिये और उनसे संबंधित संज्ञा या सर्वनाम का लिंग तथा वचन सूचित कीजिये।

२. (क) यह बताइये कि पाठ में से -ся (-сь) अन्तवाली कौनसी क्रियाओं से कर्मवाच्य का अर्थ निकलता है; (ख) जिन वाक्यों में ये क्रियाएं प्रयुक्त हैं उनका हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

३. पाठ में से -ся अन्तवाली भूतकालिक क्रियाओं के साधारण रूप दीजिये;

उदाहरण: находи́лся — находи́ться

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये (पाठ के अनुसार):

1. О чём расска́зывал Никола́й Ива́нович?
2. Что нахо́дят гео́логи на Ура́ле?
3. Что добыва́ется в Донба́ссе?
4. Каки́е леса́ росли́ здесь когда́-то?
5. Давно́ ли э́то бы́ло?

५. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(क) वसीली इवानोविच ने दोनबस में बहुत लंबे समय तक काम किया। उसने ऐसी खान में काम किया जिससे कोयला निकाला जाता है। पहले यह एक छोटी खान थी। अब वह एक विशाल यंत्रीकृत खान बनी है।

(ख) इंजीनियर मारिया निकोलायेवना उराल में लंबे समय तक रही। वह एक ऐसे कारखाने में काम करती थी जहाँ कच्चे लोहे से शुद्ध लोहा बनाया जाता था। पहले यह कारखाना छोटा था। अब वह एक बड़ा कारखाना है।

УРОК 29

व्याकरण :

Быть क्रिया का भविष्यत् काल

संयुक्त भविष्यत् काल।

वाक्यांश **у меня́ бу́дет.**

सहकारी क्रिया के रूप में **быть** क्रिया का भविष्यत् काल

ГРАММАТИКА

१. क्रिया का भविष्यत् काल

(क) быть क्रिया का भविष्यत् काल

Быть 'होना' क्रिया के भविष्यत् काल में वही प्रत्यय लगते हैं जो कि प्रथम गण की क्रियाओं के वर्तमान काल में लगते हैं। भविष्यत् काल में इस क्रिया का मूल रूप क्रिया के साधारण रूप के मूल रूप से भिन्न होता है (**буд-** के बदले **бы-**)। इस क्रिया का आज्ञार्थ भविष्यत् काल के मूल रूप से बनाया जाता है: **бу́д-ешь — будь, бу́дьте.**

क्रिया का साधारण रूप: **быть** होना

भविष्यत् काल			
एकवचन		बहुवचन	
я бу́ду	मैं हूँगा-गी	мы бу́дем	हम होंगे-गी
ты бу́дешь	तू होगा-गी	вы бу́дете	तुम होगे-गी आप होंगे-गी
он она́ бу́дет оно́	वह होगा वह होगी	они́ бу́дут	वे होंगे-गी
प्रत्यय: -у, -ешь, -ет; -ем, -ете, -ут			
आज्ञार्थ: будь, бу́дьте			

Быть होना (**бу́ду, бу́дут**) क्रिया के उत्तम पुरुष एकवचन तथा अन्य पुरुष बहुवचन के मूल रूप में **д** का कठोर उच्चारण किया जाता है; वर्तमान काल के अन्य सभी पुरुषों में **д** का मृदु उच्चारण किया जाता है: [дь]।

(ख) संयुक्त भविष्यत् काल

कई रूसी क्रियाओं का संयुक्त भविष्यत् काल होता है*। **быть** 'होना' सहकारी क्रिया के भविष्यत् काल के **бу́ду, бу́дешь, бу́дет** इत्यादि और मुख्य क्रिया के साधारण रूप को मिलाकर संयुक्त भविष्यत् काल बनाया जाता है: **бу́ду чита́ть, бу́ду одева́ться.**

मुख्य क्रिया किस गण की है और उसमें **-ся** प्रत्यय है या नहीं, इन बातों का संयुक्त भविष्यत् काल के रूपों पर या इस काल में क्रिया की कालरचना की प्रणाली पर कुछ प्रभाव नहीं पड़ता।

क्रिया का साधारण रूप: **чита́ть** I पढ़ना **одева́ться** I कपड़े पहनना

संयुक्त भविष्यत् काल

एकवचन		बहुवचन	
я бу́ду	чита́ть / одева́ться	мы бу́дем	читать / одева́ться
ты бу́дешь		вы бу́дете	
он бу́дет		они́ бу́дут	
она́ бу́дет			
оно́ бу́дет			

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि केवल सहकारी क्रिया के रूप चलाये गये हैं और मुख्य क्रिया बराबर साधारण रूप में रही है।

* उक्त क्रिया के सामान्य भविष्यत् काल पर इस पुस्तक के दूसरे खंड में विचार किया जायगा।

२. वाक्यांश у меня́ бу́дет

पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
उत्तम	у меня́	бу́дет кни́га бу́дут кни́ги	у нас	бу́дет кни́га бу́дут кни́ги
मध्यम	у тебя́		у вас	
अन्य	у него́ у неё у него́		у них	

यह वाक्यांश हिन्दी के "मुझे... होगा, मेरे पास... होगा, मेरा... होगा" इत्यादि के समानार्थक है।

वर्तमान काल रूप у меня́ есть में और उपर्युक्त रूपों में अंतर यह है कि у меня́ бу́дет, у меня́ бу́дут वाक्यांश में क्रिया के бу́дет और бу́дут रूपों का लोप नहीं होता (अध्याय 19[a] देखिये)।

३. सहकारी क्रिया के रूप में быть क्रिया का भविष्यत् काल

१. **Быть** क्रिया को भविष्यत् काल के सभी रूपों में सहकारी क्रिया के नाते प्रयोग किया जाता है:

Ночь бу́дет тёплая. रात गरम होगी।

भूत काल की तरह (अध्याय 21[a] देखिये) भविष्यत् काल में सहकारी क्रिया कभी लोप नहीं होती।

२. **Я до́лжен бу́ду** वाक्यांश हिन्दी के "मुझे... होगा, मुझे... पड़ेगा" इत्यादि के समान है:

Мы должны́ бу́дем рабо́тать. हमें काम करना पड़ेगा।

СЛОВАРЬ

два́дцать де́вять 29 उन्तीस
ме́сяц (पु०) महीना
у меня́ бу́дет मेरे पास ... होगा (एकवचन कर्म के साथ)
у меня́ бу́дут मेरे पास ... होंगे (बहुवचन कर्म के साथ)

Произношение

निम्नलिखित शब्दों में д का मृदु उच्चारण कीजिये :

д = [дь]: бу́дешь, бу́дет, бу́дем, бу́дете

और निम्नलिखित शब्दों में कठोर उच्चारण कीजिये :

бу́ду, бу́дут

УПРАЖНЕНИЯ

१. पढ़िये और हिन्दी में अनुवाद कीजिये :

1. Инжене́р Бело́в е́дет на Ура́л. 2. Он бу́дет стро́ить там но́вый заво́д. 3. Этот заво́д бу́дет перераба́тывать руду́ в мета́лл. 4. В Донба́ссе бу́дет стро́иться но́вая ша́хта. 5. В ша́хте бу́дет добыва́ться ка́менный у́голь. 6. Това́рищи Ивано́в и Ники́тин бу́дут там рабо́тать. 7. Ско́ро наступа́ют кани́кулы. 8. Мы бу́дем отдыха́ть и купа́ться в мо́ре. 9. Где вы бу́дете жить ле́том? 10. Я бу́ду отдыха́ть на ю́ге.

२. Быть क्रिया के भविष्यत् काल के योग्य रूपों से रिक्तपूर्ति कीजिये :

1. За́втра у нас ... уро́к. 2. Ты ... расска́зывать о Москве́. 3. Я ... внима́тельно слу́шать. 4. Мы ... чита́ть по-ру́сски. 5. Наш учи́тель ... диктова́ть. 6. Все ... стара́тельно писа́ть. 7. Вы, как всегда́, ... писа́ть хорошо́.

३. निम्नलिखित वाक्यों की भूतकालिक क्रियाओं को भविष्यत् काल में रखिये :

1. Ле́том у меня́ **был** о́тпуск. 2. Я **жил** на Кавка́зе. 3. Там **проводи́л** вре́мя и Никола́й Ива́нович. 4. Мы **купа́лись** в мо́ре. 5. Мой брат **отдыха́л** ле́том в дере́вне. 6. Он мно́го **чита́л** и **ходи́л**. 7. Зимо́й мы должны́ **бы́ли** мно́го рабо́тать.

४. अभ्यास १ और ३ की कर्म कारक तथा संबंध-सूचकीय कारक एकवचन संज्ञाएं सूचित कीजिये।

УРОК 29б

ПИСЬМО

Дорогой Миша!

Наступает лéто, и я ужé дýмаю об óтдыхе. Мóжет быть, и у тебя́ и у меня́ óтпуск бýдет лéтом, и мы бýдем отдыхáть вмéсте. Пóмнишь, однáжды мы были вмéсте на Кавкáзе? Тогдá мы мнóго путешéствовали. Тепéрь я предлагáю отдыхáть на óзере Селигéр. Там мы ещё нé были. На óзере есть туристская бáза.

Селигéр — óчень красúвое óзеро. Там прекрáсная прирóда. Большúе пля́жи. Тишинá. Вóздух чист и свеж. На берегý густóй лес. Зéлень отражáется в водé, как в зéркале. Хорошó там!

На Селигéре есть пáрусные лóдки. Мы бýдем катáться на лóдке, купáться и плáвать в óзере. Бýдем лежáть на пля́же. Чáсто бýдем ночевáть в лесý; бýдем готóвить обéд и ýжин на кострé.

Ты бýдешь в лесý рисовáть, а я, как всегдá, бýду читáть вслух. У нас бýдет прекрáсный óтдых.

Итáк, надéюсь, мы бýдем вмéсте проводúть наш óтпуск. Пишú. Нáдо бýдет готóвить всё необходúмое.

Привéт.

Твой друг Николáй.



СЛОВАРЬ

ба́за (स्त्री०) केन्द्र, अड्डा; **туристская ба́за** पर्यटक केन्द्र

вслух क्रियावि० (ज़ोर से) पढ़ सुनाना

зе́лень (स्त्री०) (ब०व० नहीं) हरियाली

ита́к अच्छा, इस तरह

наде́яться I (**наде́‖юсь, -ешься**) आशा करना

на́до आवश्यक है, (हमें) चाहिये

необходи́мое (नपुं०) जरूरी चीजें, सामान (पाठ देखिये)

ночева́ть I (**ночу́‖ю, -ешь**) रात बिताना

одна́жды क्रियावि० एक बार

о́тдых (पु०) (ब० व० नहीं) विश्राम, आराम

отража́ться I (**отража́‖юсь, -ешься**) प्रतिबिंबित होना

па́русн‖ый, -ая, -ое; -ые पाल का, पालवाला

пляж (पु०) रेतीला समुद्र-तट, बलुआ किनारा

по́мнить II (**по́мн‖ю, -ишь**) याद करना, याद आना

предлага́ть I (**предлага́‖ю, -ешь**) प्रस्तावित करना

приве́т (पु०) अभिवादन, प्रणाम

проводи́ть II (**провожу́, прово́дишь**) बिताना

путеше́ствовать I (**путеше́ству‖ю, -ешь**) यात्रा करना

рисова́ть I (**рису́‖ю, -ешь**) चित्र बनाना

тишина́ (स्त्री०) शांति, सन्नाटा

Выражения

проводи́ть о́тпуск, ле́то, вре́мя	छुट्टी, गरमी के दिन, समय बिताना
мо́жет быть	हो सकता है, संभव है

УПРАЖНЕНИЯ

१. पाठ में प्रयुक्त भविष्यत्कालिक क्रियाओं का पुरुष तथा वचन बताइये।

२. पाठ में कोई भूतकालिक क्रिया हो तो सूचित कीजिये।

३. पाठ से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

1. Где Ми́ша и Никола́й бу́дут проводи́ть ле́то?
2. Есть ли на о́зере Селиге́р тури́стская ба́за?

3. Какáя прирóда на берегý óзера Селигéр?
4. Какие там пля́жи?
5. Как отражáется зéлень в óзере?
6. Что бýдут дéлать Кóля и Ми́ша?
7. Где они́ бýдут ночевáть?
8. Как они́ бýдут готóвить обéд и ýжин?

४. पाठ में से कर्म तथा संबंध-सूचकीय कारकों की संज्ञाएं सूचित कीजिये तथा यह बताइये कि किस शब्द पर कारक अवलंबित है। इन संज्ञाओं को कर्ता कारक में रखिये।

УРОК 30[1]

> व्याकरण :
> कालरचना का सारांश
> भविष्यत् के अर्थ में वर्तमान काल
> संबंध-सूचक при
> समय-वाचक कर्म कारक के साथ संबंध-सूचक в, на और чéрез

ГРАММАТИКА

१. कालरचना का सारांश

(क) -ся (-сь) प्रत्यय रहित क्रियाएं

क्रिया का साधारण रूप: рабóтать I काम करना

एकवचन	बहुवचन
वर्तमान काल	
я рабóтаю	мы рабóтаем
ты рабóтаешь	вы рабóтаете
он / онá / онó рабóтает	они́ рабóтают
भूत काल	
я рабóтал, -а	мы / вы / они́ рабóтали
ты рабóтал, -а	
он рабóтал	
онá рабóтала	
онó рабóтало	

एकवचन	बहुवचन
संयुक्त भविष्यत् काल	
я бу́ду ты бу́дешь он бу́дет она́ бу́дет оно́ бу́дет } рабо́тать	мы бу́дем вы бу́дете они́ бу́дут } рабо́тать
आज्ञार्थ : рабо́тай, рабо́тайте	

क्रिया का साधारण रूप: стро́ить II बनाना, निर्माण करना

एकवचन	बहुवचन
वर्तमान काल	
я стро́ю ты стро́ишь он она́ } стро́ит оно́	мы стро́им вы стро́ите они́ стро́ят
भूत काल	
я стро́ил, -а ты стро́ил, -а он стро́ил она́ стро́ила оно́ стро́ило	мы вы } стро́или они́

एकवचन	बहुवचन
संयुक्त भविष्यत् काल	
я бу́ду ты бу́дешь он бу́дет она́ бу́дет оно́ бу́дет } стро́ить	мы бу́дем вы бу́дете они́ бу́дут } стро́ить
आज्ञार्थ : строй, стро́йте	

(ख) -ся (-сь) प्रत्यय सहित क्रियाएं

क्रिया का साधारण रूप : **наде́яться** I आशा करना

एकवचन	बहुवचन
वर्तमान काल	
я наде́юсь ты наде́ешься он она́ } наде́ется оно́	мы наде́емся вы наде́етесь они́ наде́ются
भूत काल	
я наде́ялся, -лась ты наде́ялся, -лась он наде́ялся она́ наде́ялась оно́ наде́ялось	мы вы они́ } наде́ялись

एकवचन		बहुवचन	
संयुक्त भविष्यत् काल			
я бýду ты бýдешь он бýдет онá бýдет онó бýдет	надéяться	мы бýдем вы бýдете они́ бýдут	надéяться
आज्ञार्थ : надéйся, надéйтесь			

क्रिया का साधारण रूप: учи́ться II पढ़ना, अध्ययन करना

एकवचन	बहुवचन
वर्तमान काल	
я учýсь ты ýчишься он онá ýчится онó	мы ýчимся вы ýчитесь они́ ýчатся
भूत काल	
я учи́лся, -лась ты учи́лся, -лась он учи́лся онá учи́лась онó учи́лось	мы вы они́ учи́лись

एकवचन		बहुवचन	
संयुक्त भविष्यत् काल			
я бу́ду ты бу́дешь он бу́дет она́ бу́дет оно́ бу́дет	учи́ться	мы бу́дем вы бу́дете они́ бу́дут	учи́ться
आज्ञार्थ : учи́сь, учи́тесь			

२. भविष्यत् के अर्थ में वर्तमान काल

За́втра я бу́ду рабо́тать. — कल मैं काम करूंगा-गी।

За́втра я рабо́таю. — कल मैं काम करता-ती हूं।

दोनों उदाहरणों में за́втра 'कल' शब्द सूचित करता है कि क्रिया का व्यापार भविष्यत् में पूरा होगा। पहले उदाहरण में क्रिया भविष्यत् काल में है और दूसरे में वह भविष्यार्थ सूचक वर्तमान काल में है।

३. संबंध-सूचक при

संबंध-सूचक при के कई अर्थ हैं। निम्नलिखित प्रयोजनों से इसका उपयोग किया जा सकता है:

(क) समीपता दिखाने के लिये: ऐसे उदाहरणों में वह हिन्दी संबंध-सूचक 'के पास, के निकट, के समीप, के नज़दीक' के समानार्थक है:

При шко́ле есть сад. — स्कूल के पास (का अपना) एक बग़ीचा है।

(ख) दो वस्तुओं का संबंध दिखाने के लिये: ऐसे उदाहरणों में वह हिन्दी के 'का, की, के' के समानार्थक है:

При заво́де есть клуб. — कारखाने का अपना क्लब है।

(इसका मतलब यह नहीं कि क्लब कारखाने में ही होना चाहिये)

संबंध-सूचक при केवल संबंध-सूचकीय कारक में प्रयोग किया जाता है।

४. समय-वाचक कर्म कारक के साथ संबंध-सूचक в, на और чéрез

१. कर्म कारक में в, на संबंध-सूचकों के साथ जब संज्ञाएं प्रयुक्त होती हैं तब उनसे केवल स्थान (दिशा: иду́ в кóмнату) ही नहीं बल्कि когдá? 'कब?' प्रश्न का उत्तर सूचित करने वाला समय भी दिखाया जाता है। ऐसे उदाहरणों में हिन्दी की 'में' विभक्ति का और संबंध-सूचक 'के लिये' का उपयोग किया जाता है।

Раз в недéлю у нас быва́ет концéрт.	सप्ताह में एक बार हमारे यहाँ कंसर्ट होता है।
Я éду в óтпуск на мéсяц.	मैं एक महीने के लिये छुट्टी पर जा रहा हूं।

सप्ताह के दिनों के नाम सूचित करनेवाली संज्ञाएं कर्म कारक में प्रयोग की जाती हैं और जब उनसे когдá? 'कब?', в какóй день? 'किस दिन?' इन प्रश्नों का उत्तर मिलता है तब उनके पहले संबंध-सूचक в (во) आता है।

कर्ता कारक:	कर्म कारक:
воскресéнье (नपुं०) रविवार	в воскресéнье रविवार को
втóрник (पु०) मंगलवार	во втóрник मंगलवार को

संबंध-सूचक в और во के अर्थ में कोई भेद नहीं है। भेद है केवल हिज्जों में और उच्चारण में। Во सामान्यतः तब प्रयोग किया जाता है जब उसके बाद आनेवाले शब्द के आरंभ में दो अघोष व्यंजन होते हैं: во втóрник 'मंगलवार को'।

२. На संबंध-सूचक सहित कर्ता कारक की संज्ञाओं से भी समय सूचित हो सकता है। ऐसे उदाहरणों में उनसे на какóе врéмя? 'कब तक?' на какóй день? 'किस दिन?' इन प्रश्नों का उत्तर मिलता है।

Я éду в Ленингрáд на мéсяц.	मैं एक महीने के लिये लेनिनग्राद जा रहा हूं।
Эти лéкции всегдá назначáют на суббóту.	हमेशा ये (ऐसे) व्याख्यान शनिवार के दिन रखे जाते हैं।

३. संबंध-सूचक чéрез से केवल व्यापार का स्थान (чéрез дорóгу 'रास्ते के आरपार') ही नहीं बल्कि वह अवधि भी सूचित होती है जिसके बाद व्यापार होता है;

इस अर्थ में वह हिन्दी की 'में' विभक्ति के समान है। उदाहरणार्थ, एक घंटे में:

чéрез час एक घंटे में	чéрез мéсяц एक महीने में
чéрез день एक दिन में	чéрез год एक वर्ष में
чéрез недéлю एक सप्ताह में	

संबंध-सूचक чéрез का प्रयोग केवल कर्म कारक के साथ होता है।

СЛОВАРЬ

воскресéнье (नपुं०) रविवार
втóрник (पु०) मंगलवार
мéсяц (पु०) महीना
недéля (स्त्री०) सप्ताह
назначáть I (назначá|ю, -ешь) रखना, निश्चित करना
понедéльник (पु०) सोमवार
при संबंध-सूचक (व्याकरण देखिये)
пятница (स्त्री०) शुक्रवार
раз एक बार, बार
собрáние (नपुं०) सभा
средá (स्त्री०) बुधवार
суббóта (स्त्री०) शनिवार
трúдцать 30 तीस
учи́ться II (учу́сь, у́чишься) पढ़ना, अध्ययन करना
четвéрг (पु०) बृहस्पतिवार

Примечание

Учи́ть 'पढ़ाना' और **учи́ться** 'अध्ययन करना' इन क्रियाओं में गड़बड़ न कीजिये।

इनमें से पहली क्रिया सकर्मक है और उसके लिये कर्म कारक में कर्म की आवश्यकता रहती है; उदाहरणार्थ **учи́ть граммáтику** 'व्याकरण पढ़ना'; **учи́ть когó-нибу́дь** 'किसी को पढ़ाना'। दूसरी क्रिया अकर्मक है और उसके लिये कर्म कारक में कर्म की आवश्यकता नहीं होती है:

Онá у́чится хорошó. वह अच्छी तरह पढ़ती है।

Произношение

в का उच्चारण [ф] जैसा कीजिये:

в → [ф] в понеде́льник, в сре́ду, в четве́рг, в пя́тницу, в суббо́ту, за́втра, вчера́, позавчера́

УПРАЖНЕНИЯ

१. (क) पढ़िये और हिन्दी में अनुवाद कीजिये; (ख) मोटे टाइप में छपी हुई संज्ञाओं का कारक बताइये।

1. Сего́дня среда́. В **сре́ду** ве́чером я бу́ду до́ма. 2. Вчера́ был вто́рник. Во **вто́рник** у́тром мы рабо́тали. 3. За́втра четве́рг. В **четве́рг** мы идём в музе́й. 4. Позавчера́ был понеде́льник. В **понеде́льник** ве́чером моя́ сестра́ была́ на конце́рте. 5. Послеза́втра пя́тница. В **пя́тницу** наш оте́ц е́дет в Ленингра́д. 6. Ско́ро бу́дет суббо́та. В **суббо́ту** у нас на заво́де собра́ние. 7. Пото́м бу́дет воскресе́нье. В **воскресе́нье** мы отдыха́ем. 8. Че́рез **год** при клу́бе бу́дет о́чень больша́я библиоте́ка.

२. वर्तमान काल, भूत काल तथा भविष्यत् काल में **ду́мать** और **собира́ться** क्रियाओं के रूप चलाइये। इन क्रियाओं के आज्ञार्थ रूप दीजिये

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

1. Како́й сего́дня день?
2. Како́й день был вчера́?
3. Како́й день был позавчера́?
4. Како́й день бу́дет за́втра?
5. Како́й день бу́дет послеза́втра?
6. Бу́дет ли у вас во вто́рник уро́к?
7. Бу́дет ли у вас уро́к в четве́рг?
8. Ка́ждый ли день у вас уро́к?
9. Идёте ли вы на конце́рт в суббо́ту?

४. वर्तमान काल, भूत काल, भविष्यत् काल तथा आज्ञार्थ में क्रियाओं का प्रयोग करते हुए आठ वाक्य बनाइये (प्रत्येक रूप के लिये दो वाक्य)।

УРОК 30б

НАШ КЛУБ

У нас при заво́де хоро́ший клуб. Он занима́ет большо́е и краси́вое зда́ние.

Сего́дня понеде́льник. На стене́ при вхо́де виси́т но́вая афи́ша.

Молоды́е рабо́чие Ви́ктор и Андре́й чита́ют афи́шу. Ря́дом стои́т ста́рый те́хник Фёдор Фёдорович. Ви́ктор говори́т:

— Смотри́те, Фёдор Фёдорович, за́втра, во вто́рник, в клу́бе бу́дет нау́чно-популя́рная ле́кция «Но́вое в те́хнике». Ле́кцию чита́ет инжене́р Жа́ров. В пя́тницу то́же бу́дет ле́кция на те́му: «Жили́щное строи́тельство в Москве́». Чита́ть бу́дет архите́ктор Ники́тин.

— И ещё бу́дет ле́кция, — добавля́ет Андре́й, — о физкульту́ре. Ле́кцию чита́ет до́ктор Ивано́в.

— Слу́шайте да́льше, — продолжа́ет Ви́ктор. — В сре́ду в клу́бе кинофи́льм «Сме́лые лю́ди». Я уже́ ви́дел э́тот фильм — э́то о́чень интере́сный фильм. В суббо́ту — конце́рт. В конце́рте бу́дут выступа́ть лу́чшие арти́сты. Пото́м бу́дут та́нцы.

— Му́зыку и пе́ние я о́чень люблю́, — говори́т Фёдор Фёдорович, — и танцева́ть ра́ньше люби́л, тепе́рь уже́ не могу́. А что бу́дет в воскресе́нье?



— В воскресéнье наш драмкружóк покáзывает пьéсу «Победители».

— Я уже вИдел, — говорит Андрéй. — Неплóхо игрáют.

— Осóбенно наш инженéр Иванóв и рабóтница Смирнóва. И у неё, и у негó большóй драматИческий талáнт.

— Вы, молодёжь, мóжете посещáть клуб кáждый вéчер: в клýбе всегдá есть чтó-нибудь интерéсное.

— Нет, кáждый день мы не мóжем бывáть в клýбе, отвечáет ВИктор. — Вéчером, чéрез день, мы хóдим учИться. Мы ýчимся в понедéльник, в срéду и в пятницу.

— Но в суббóту или в воскресéнье, — говорИт Андрéй, — мы непремéнно посещáем клуб. Здесь хорóший спортИвный зал, большáя библиотéка. Мы лю́бим проводИть в клýбе свобóдное врéмя.

СЛОВАРЬ

архитéктор (पु०) वास्तुकला-विशारद

афИша (स्त्री०) विज्ञापन, पोस्टर

вход (पु०) प्रवेशद्वार

выступáть I (**выступá||ю, -ешь**) प्रस्तुत करना, अभिनय करना

добавлять I (**добавля||ю, -ешь**) और कहना, आगे करना

драматИческ||ий, -ая, -ое; -ие नाट्य संबंधी

драмкружóк (पु०) (**драматИческий кружóк**) नाट्य-मंडल

кинофИльм (पु०) चलचित्र

кружóк (पु०) (ब० व० **кружкИ**) मंडल

лéкция (स्त्री०) व्याख्यान

молодёжь (स्त्री ०) (ब० व० नहीं) युवक-युवतियाँ

наýчно-популярн||ый, -ая, -ое; -ые जनरंजक विज्ञान का

неплóхо क्रियावि० बुरा नहीं

непремéнно क्रियावि० जरूर, निश्चित रूप से

осóбенно क्रियावि० खासकर, विशेषकर

победИтель (पु०) विजेता

покáзывать I (**покáзыва||ю, -ешь**) दिखाना

пьéса (स्त्री०) खेल; **покáзывать пьéсу** खेल दिखाना, (अभिनय आदि) प्रस्तुत करना

посещáть I (**посещá||ю, -ешь**) उपस्थित रहना, (देखने या सुनने) जाना

спортИвный зал (पु०) व्यायामशाला

строИтельство (नपुं०) (ब० व० नहीं) रचना, निर्माण; **жилИщное строИтельство** गृह-निर्माण

талáнт (पु०) बुद्धि

тáнец (पु०) (ब० व० **тáнцы**) नृत्य

тéма (स्त्री०) विषय; **на тéму** विषय पर

тéхника (स्त्री०) (ब० व० नहीं) टेकनिक, प्रविधि-विज्ञान, प्रविधि

физкультýра (स्त्री०) (ब० व० नहीं) (= **физИческая культýра**) व्यायाम

фильм (पु०) चलचित्र

чтó-нибудь (सर्वनाम) कुछ, कुछ भी

Выражения

читáть лéкцию	व्याख्यान देना
чéрез день	हर दूसरे दिन

УПРАЖНЕНИЯ

१. सप्ताह के दिनों के नाम बताइये।

२. कारखाने के क्लब द्वारा किये जानेवाले कार्य सप्ताह के दिनक्रम के अनुसार बताइये।

३. पाठ के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

1. Какóй клуб при завóде?
2. Где виси́т нóвая афи́ша?
3. Кто читáет афи́шу?
4. Каки́е лéкции бýдут в клýбе?
5. Кто бýдет читáть э́ти лéкции?
6. Когдá в клýбе бýдет концéрт?
7. Кто бýдет выступáть в концéрте?
8. В какóй день драмкружóк бýдет покáзывать пьéсу «Победи́тели»?
9. Кто игрáет в пьéсе?
10. Хóдят ли Ви́ктор и Андрéй кáждый день в клуб?

४. पाठ में से कर्म कारक तथा संबंध-सूचकीय कारक की संज्ञाएं लिखिये। यह बताइये कि संज्ञाओं के कारक किन शब्दों पर निर्भर हैं।

उदाहरण:

कर्म कारक की संज्ञाएं:	संबंध-सूचकीय कारक की संज्ञाएं:
чéрез день	при вхóде
читáет афи́шу	на стенé

५. पाठ में से ऐसे उदाहरण सूचित कीजिये जहाँ भविष्यत् के अर्थ में वर्तमान काल प्रयुक्त है।

६. वर्तमान, भूत तथा भविष्यत् काल में купáться, выступáть, находи́ться, люби́ть क्रियाओं के रूप चलाइये। इन क्रियाओं का आज्ञार्थ रूप दीजिये (अध्याय 30[а] की सारणी देखिये)।

७. रूसी में अनुवाद कीजिये:

(१) शुक्रवार को मैं कंसर्ट में जा रहा हूँ। (२) बुधवार को हमारा पाठ होगा। (३) परसों हम देहात जा रहे हैं। (४) मैं हर रोज़ समाचारपत्र लेता हूँ। (५) हर दूसरे दिन हमारा पाठ होता है: मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को। (६) हमारे अध्यापक एक महीने के लिये मास्को जा रहे हैं। (७) बुधवार को मैंने खेलकूद पर एक व्याख्यान सुना। (८) रविवार को हम विश्राम करते हैं। (९) एक सप्ताह में मेरा भाई यहाँ आयेगा। (१०) एक महीने में मैं रूसी भाषा और अच्छी तरह पढ़ व बोल सकूँगा।

УРОК 31

तीसरे भाग का सारांश (२३ वें अध्याय से ३० वें अध्याय तक)

КИНОЖУРНАЛ

В пя́тницу мы бы́ли в кино́ и смотре́ли киножурна́л. На экра́не мелька́ли карти́ны.

Вот се́вер СССР: Бе́лое мо́ре, го́род Арха́нгельск. В порту́ стоя́т парохо́ды, гру́зится лес.

Зате́м в киножурна́ле пока́зывали совхо́з «Гига́нт» на ю́ге СССР. Там тепе́рь ле́то. В по́ле кипи́т рабо́та. Рабо́тают комба́йны и други́е маши́ны. Грузовики́ доставля́ют зерно́ на элева́тор.

Карти́ны в киножурна́ле ча́сто меня́лись.

Вот на экра́не большо́й пионе́рский ла́герь-куро́рт в Крыму́ — Арте́к. Де́ти лежа́т на пля́же, купа́ются в мо́ре. Ка́ждый год в Арте́к е́здят отдыха́ть мно́гие сове́тские шко́льники. О́сенью, здоро́вые, бо́дрые, весёлые и загоре́лые, они́ возвраща́ются домо́й.

Пото́м на экра́не пока́зывали клуб при фа́брике «Кра́сная Ро́за». Там как раз был конце́рт. На конце́рте выступа́ли изве́стные арти́сты, а та́кже хор. Хор пел ру́сские пе́сни.

В клу́бе хоро́ший чита́льный зал, библиоте́ка и большо́й спорти́вный зал. Рабо́чие, инжене́ры и те́хники мо́гут здесь прия́тно проводи́ть свобо́дное вре́мя и хорошо́ отдыха́ть.

Мы ви́дели ещё на экра́не, как молоды́е гео́логи отправля́лись на восто́к. Они́ бу́дут там рабо́тать.

В суббо́ту я бу́ду смотре́ть но́вый киножурна́л и нау́чно-популя́рный фильм «Но́вое в те́хнике».

СЛОВАРЬ

«Гига́нт» (पुं०) "गिगान्त" (संदर्भ में एक सामूहिक खेत का नाम)

грузи́ться II (**гру́зится**) लादा जाना

загоре́л||ый, -ая, -ое; -ые धूप में जला हुआ

зате́м क्रियावि० उसके बाद, तब

изве́стн||ый, -ая, -ое-; -ые प्रसिद्ध

кадр (पु०) शॉट (चलचित्र का एक प्रसंग)

кино́ (नपुं०) (अपरिवर्तनीय) चलचित्र

киножурна́л (पु०) समाचार-चित्र

куро́рт (पु०) स्वास्थ्य-केन्द्र

ла́герь (पु०) शिविर

лес (पु०) (ब०व० **леса́**) इमारती लकड़ी

мелька́ть I (**мелька́ет**) क्षण मात्र दिखाई देना

мно́гие (विशेषण) बहुत से

óсенью क्रियावि० शरद ऋतु में
пароxóд (पु०) जहाज़, स्टीमर
пионéрск||ий, -ая, -ое; -ие पायोनीयर का
приятно क्रियावि० अनुकूल, आनंद-पूर्वक, सानंद
совxóз (पु०) (=совéтское хозяйство) सोवियत खेती फ़ार्म
трúдцать одúн 31 इकतीस
читáльный зал (पु०) वाचनालय
шкóльник (पु०) छात्र, स्कूली बच्चा
экрáн (पु०) परदा

Выражение

как раз उसी क्षण

Примечания

१. निम्नलिखित शब्दों के प्रयोग में गड़बड़ न कीजिये:

१) смотрéть '(की ओर) देखना' तथा вúдеть '(को) देखना'।

२) 'जंगल' के अर्थ में лес और 'इमारती लकड़ी' के अर्थ में лес.

२. तुलना कीजिये:

веснá संज्ञा	лéто संज्ञा	óсень संज्ञा	зимá संज्ञा
веснóй क्रियावि०	лéтом क्रियावि०	óсенью क्रियावि०	зимóй क्रियावि०

УПРАЖНЕНИЯ

१. पाठ के पहले चार परिच्छेदों में से कर्म तथा संबंध-सूचकीय कारकों की संज्ञाओं को चुन लीजिये और निम्न सारणी के अनुसार उनका विश्लेषण कीजिये:

कर्म कारक या संबंध-सूचकीय कारक में प्रयुक्त संज्ञा और पाठ का वह शब्द जिस पर कारक निर्भर है	कर्ता	लिंग	वचन	पाठ में प्रयुक्त संज्ञा का कारक	(संबंध-सूचक के साथ या उसके बिना प्रयुक्त) संज्ञा से प्रश्न
Мы смóтрим киножурнáл	кино-журнáл	पु०	ए० व०	कर्म	что?
на экрáне	экрáн	पु०	ए० व०	संबंध-सूचकीय	где? на чём?

२. पाठ में प्रयुक्त क्रियाओं का नीचे दी गई सारणी के अनुसार विश्लेषण कीजिये :

क्रिया	प्रत्यय	काल	पुरुष या लिंग	वचन	गण
смóтрим	-им	वर्तमान	उत्तम	ब० व०	द्वितीय
смотрéла	-а	भूत	स्त्री०	ए० व०	द्वितीय

टिप्पणी : १. भूत काल एकवचन क्रियाओं के लिये चौथे स्तंभ में सिर्फ़ लिंग सूचित करना चाहिये।

२. वर्तमान काल में पुरुष वाचक प्रत्ययों के अनुसार क्रिया का गण पहचाना जा सकता है।

३. कोष्ठकों में दी गई क्रियाओं में से कौनसी क्रियाएं निम्नलिखित संज्ञाओं के साथ प्रयोग की जा सकती हैं ?

лáмпа, кни́га, скáтерть, кáрта, занавéска, учени́ца
(стои́т, лежи́т, виси́т, сиди́т)

४. **О, (об), в, (во), на, чéрез** जैसे योग्य संबंध-सूचकों के साथ रिक्तपूर्ति कीजिये :

1. Рабóтницы Мáша и Тáня рабóтают ... фáбрике «Крáсная Рóза». 2. Утром они́ иду́т . . рабóту. 3. Вéчером Мáша и Тáня чáсто хóдят ... клуб. 4. Там Мáша поёт ... хóре. 5. ... суббóту ... клу́бе бу́дет концéрт. 6. Мáша тóже бу́дет выступáть ... концéрте. 7. Тáня изучáет ... кружкé китáйский язы́к. 8. Онá хóдит ... урóк ... день. 9. Мáша и Тáня чáсто посещáют читáльный зал. Там ... столé всегдá лежáт нóвые журнáлы и газéты. 10. Вчерá дéвушки читáли ... теáтре.

५. वर्तमान काल के सही रूपों में प्रयुक्त योग्य क्रियाओं से रिक्तपूर्ति करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये :

क्रियाएं : ходи́ть, дéлать, игрáть, выступáть, проводи́ть, находи́ться, жить, гуля́ть, бывáть

1. Утром я ... гимнастику. 2. Вы хорошо ... в шахматы. 3. Кто сегодня ... в концерте? 4. Где ... ваша школа? 5. Как вы ... время летом? 6. Летом я ... в деревне. 7. Мы много ... , ... в лес. 8. Зимой мой брат часто ... в клубе.

६. उपर्युक्त क्रियाओं को भूत काल में प्रयोग करते हुए पांचवें अभ्यास में रिक्तपूर्ति कीजिये।

७. नीचे दी गई सारणी के अनुसार निम्नलिखित क्रियाओं के विविध कालों के रूप दीजिये:

वर्तमान	भूत	भविष्यत्
вижу, видишь	видел	буду видеть

смотреть, слушать, рисовать, посещать, есть, пить, находиться, стучать, рассказывать, возвращаться

८. निम्नलिखित शब्दों के लिये रूसी शब्द दीजिये। इन शब्दों का प्रयोग करते हुए मौखिक वाक्य बनाइये:

आज, कल (गत), परसों (गत), कल (आगामी), परसों (आगामी), सबेरे, दिन में, शाम को, रात को, शिशिर ऋतु (जाड़ों) में, ग्रीष्म ऋतु (गरमियों) में, शरद ऋतु में, वसंत ऋतु में, हर रोज, हर दूसरे दिन, मंगलवार को, शुक्रवार को, सप्ताह में।

चौथा भाग

УРОК 32

व्याकरण :

संज्ञा का संबंध कारक

संबंध कारक एकवचन में संज्ञा की विभक्तियाँ

संबंध-सूचक रहित संबंध कारक का मुख्य अर्थ

आज्ञार्थ के अर्थ में वर्तमान काल का प्रयोग

ГРАММАТИКА

१. संज्ञा का संबंध कारक

(क) संबंध कारक एकवचन में संज्ञा की विभक्तियाँ

I

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
कर्ता संबंध	студéнт студéнта	странá страны́	окнó окнá

II

कारक	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक-लिंग
कर्ता संबंध	учи́тель учи́теля	земля́ земли́	пóле пóля

(ख) संबंध-सूचक रहित संबंध कारक का मुख्य अर्थ

रूसी में संज्ञा के संबंध-सूचक रहित संबंध कारक का अर्थ हिन्दी की 'का' विभक्ति सहित शब्द के समान रहता है। रूसी में संबंध कारक के निम्नलिखित अर्थ हो सकते हैं:

१. एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति से संबंध (नाता, मित्रता इत्यादि);

сын **учи́тельницы** (संबंध) अध्यापिका का पुत्र

това́рищ **бра́та** (संबंध) भाई का साथी

उपर्युक्त उदाहरणों में संबंध कारक की संज्ञाओं से **чей?** 'किसका?' प्रश्न का उत्तर मिलता है:

Чей сын? — **Учи́тельницы.** किसका पुत्र? अध्यापिका का।

Чей това́рищ? — **Бра́та.** किसका साथी? भाई का ।

२. किसी व्यक्ति का किसी वस्तु पर स्वामित्व:

кни́га **де́вочки** (संबंध) लड़की की पुस्तक

стол **това́рища** (संबंध) साथी की मेज़

इन उदाहरणों में भी संबंध कारक की संज्ञाओं से **чей?** 'किसका?' प्रश्न का उत्तर मिलता है:

Чья кни́га? — **Де́вочки.** किसकी पुस्तक? लड़की की।

Чей стол? — **Това́рища.** किसकी मेज़? साथी की।

३. वस्तु के अंश से पूरी वस्तु का संबंध:

нача́ло **письма́** (संबंध) पत्र का आरंभ

у́гол **ко́мнаты** (संबंध) कमरे का कोना

प्रश्न:

Нача́ло **чего́?** — **Письма́.** किसका आरंभ? पत्र का।

Угол **чего́?** — **Ко́мнаты.** किसका कोना? कमरे का।

उपर्युक्त उदाहरणों में **письма́** संज्ञा का संबंध कारक यह दिखाता है कि वह उस वस्तु का पूर्ण रूप है जिसका अंश **нача́ло** है; और **ко́мнаты** संज्ञा का संबंध कारक सूचित करता है कि वह उस वस्तु का पूर्ण रूप है जिसका अंश **у́гол** है।

४. क्रिया-व्यापार करने वाला:

чте́ние **ученика́**	(संबंध) छात्र का पठन
игра́ **арти́ста**	(संबंध) अभिनेता का अभिनय

यहाँ प्रश्न होता है: чей? чья? чьё? чьи? (кого́?)

Чьё чте́ние? — **Ученика́.**	किसका पठन? छात्र का।
Чья игра́? — **Арти́ста.**	किसका अभिनय? अभिनेता का।

उपर्युक्त उदाहरणों में संबंध कारक की **ученика́** तथा **арти́ста** संज्ञाएं क्रिया व्यापार का कर्ता सूचित करती हैं (देखिये: учени́к чита́ет, арти́ст игра́ет).

५. वह वस्तु जिस पर क्रिया-व्यापार का फल पड़ता है:

чте́ние **журна́ла**	(संबंध) पत्रिका का पठन
вы́бор **пье́сы**	(संबंध) नाटक का चुनाव

उपर्युक्त उदाहरणों में संबंध कारक की **журна́ла** तथा **пье́сы** संज्ञाओं से वे वस्तुएं सूचित होती हैं जिन पर क्रिया-व्यापार का फल पड़ता है (देखिये: чита́ть **журна́л** (कर्म) और выбира́ть **пье́су** (कर्म) पत्रिका पढ़ना और नाटक चुनना)।

प्रश्न:

Чте́ние **чего́? — Журна́ла.**	किसका पठन? पत्रिका का।
Вы́бор **чего́? — Пье́сы.**	किसका चुनाव? नाटक का।

६. पद, प्रयोजन, गुण:

парк **культу́ры и о́тдыха** (संबंध) संस्कृति तथा विश्राम का उद्यान।

प्रश्न: **како́й?** 'किस प्रकार का?' (कैसा)

Како́й парк? — **Культу́ры и о́тдыха.**	किस प्रकार का (कैसा) उद्यान? संस्कृति तथा विश्राम का उद्यान।

उपर्युक्त उदाहरणों में संबंध कारक की **культу́ры** तथा **о́тдыха** संज्ञाएं **парк** शब्द के गुणवाचक विशेषण का काम देती हैं।

इस प्रकार संबंध कारक की संज्ञाएं इन विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दे सकती हैं: **кого́?** किसका?, **чего́?** किस (चीज़) का?, **чей?** किसका?, **како́й?** कैसा?

२. आज्ञार्थ के अर्थ में वर्तमान काल का प्रयोग

उच्चारण के एक विशिष्ट लहजे के साथ वर्तमान काल उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग करने से कभी कभी आज्ञार्थ का अर्थ मिलता है:

Идём гуля́ть! — घूमने (को) चलें!

Едем в Москву́! — मास्को चलें!

СЛОВАРЬ

бо́др||ый, -ая, -ое; -ые आनंदपूर्ण
вы́бор (पु०) चुनाव
де́вочка (स्त्री०) लड़की
дире́ктор (पु०) निर्देशक, डाइरेक्टर
и́скра (स्त्री०) चिनगारी
культу́ра (स्त्री०) (ब०व० नहीं) संस्कृति
ма́льчик (पु०) लड़का
населе́ние (नपुं०) जनसंख्या
нача́ло (नपुं०) आरंभ
програ́мма (स्त्री०) कार्यक्रम
слы́шать II (**слы́ш||у, -ишь**) सुनना
три́дцать два 32 बत्तीस
украша́ть I (**украша́||ю, -ешь**) सजाना
чте́ние (नपुं०) पठन
шум (पु०) शोर

Произношение

दो संज्ञाओं — जिनमें से एक संबंध कारक में होती है — के समास का उच्चारण एकमात्र, लगभग एक शब्द की तरह किया जाता है:

центр‿го́рода, парк‿культу́ры, у́гол‿у́лицы, план‿до́ма

УПРАЖНЕНИЯ

१. पढ़िये और हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

1. Кни́га **студе́нта Ивано́ва** лежи́т на столе́. 2. Расска́з **учи́тельницы** был интере́сный. 3. Го́лос **ма́льчика** звуча́л бо́дро. 4. В саду́ раздава́лось пе́ние **пти́цы**. 5. Мы слу́шали пе́ние **хо́ра**. 6. На углу́ **у́лицы** стои́т автомоби́ль. 7. Програ́мма **конце́рта** была́ интере́сная. 8. Мы слы́шали шум **мо́ря**. 9. Всю́ду был я́ркий свет **со́лнца**. 10. Урожа́й **виногра́да** был большо́й.

२. निम्नलिखित संज्ञाओं की जोड़ियों को फिर से लिखिये। दूसरी संज्ञा को संबंध कारक में रखिये। इन संज्ञाओं से किन प्रश्नों के उत्तर मिलते हैं:

उदाहरण: това́рищ, брат—това́рищ бра́та (чей това́рищ?); бе́рег, мо́ре — бе́рег мо́ря (бе́рег чего́?); уро́к, му́зыка — уро́к му́зыки (уро́к чего́?, како́й уро́к?)

а) това́рищ, брат; кни́га, учи́тельница; письмо́, оте́ц; план, архите́ктор; земля́, колхо́з; парк, заво́д; жена́, учи́тель; де́ти, сестра́; ме́сто, учени́ца; рабо́та, Та́ня

б) центр, Москва́; бе́рег, река́; стена́, ко́мната; у́гол, стол; нача́ло, кни́га; окно́, дом; у́лица, го́род

в) уро́к, му́зыка; урожа́й, пшени́ца; план, дом; населе́ние, дере́вня; парк, культу́ра и о́тдых; ме́сто, конце́рт

३. Его, её, их स्वामित्व-सूचक सर्वनाम से रिक्तपूर्ति कीजिये:

1. Ми́ша Бело́в — студе́нт. ... мать рабо́тает в колхо́зе. 2. Моя́ сестра́ архите́ктор. ... муж — дире́ктор заво́да. 3. Вот рабо́чие Мака́ров и Ники́тин. ... де́ти — студе́нты. 4. Моя́ дочь лю́бит рисова́ть. Вот ... каранда́ш и бума́га. 5. Мой оте́ц живёт в дере́вне. ... дом большо́й и све́тлый. 6. Мои́ ученики́ лю́бят чита́ть. На столе́ лежа́т ... кни́ги. 7. В го́роде стро́ится но́вая шко́ла. ... кла́ссы больши́е и све́тлые. 8. У́лица Ле́нина пряма́я и широ́кая. ... вид о́чень краси́в. 9. На берегу́ большо́й парк. ... зе́лень украша́ет го́род.

४. Чей? प्रश्न से रिक्तपूर्ति कीजिये। संज्ञा के अनुसार प्रश्न का रूप रखिये:

1. ... брат живёт здесь? — Мой.
2. ... сестра́ рабо́тает в шко́ле? — Твоя́.
3. ... де́ти гуля́ют в саду́? — На́ши.
4. ... кни́га лежи́т на столе́? — Ва́ша.
5. ... у вас журна́л? — Студе́нта Ивано́ва.
6. ... э́то письмо́? — Моё.
7. ... газе́ты здесь? — Никола́я Ивано́ва.

५. कोष्ठकों में दी गई संज्ञाओं को आवश्यक कारक में प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखिये:

1. Агроно́м Ивано́в е́дет в (колхо́з) «Искра». 2. В це́нтре (дере́вня) стои́т но́вая шко́ла. 3. На берегу́ (река́) больша́я фе́рма (колхо́з). 4. В (дере́вня) на углу́ (у́лица) библиоте́ка и клуб. 5. В (библиоте́ка) (колхо́з) всегда́ есть но́вые кни́ги и журна́лы. 6. Оте́ц (агроно́м Ивано́в) — колхо́зник. 7. Дом (колхо́зник Ивано́в) но́вый, в его́ (сад) хоро́шие фру́кты.

УРОК 32б

शब्द-साधन :

कृदन्त संज्ञाओं के प्रत्यय -ени-е, -ани-е.

НАЧАЛО БИОГРАФИИ

Де́тство Игоря Мака́рова и его́ ю́ность проходи́ли на Ура́ле в го́роде Магнитого́рске. Игорь хорошо́ по́мнит как стро́ился э́тот молодо́й сове́тский го́род. Он по́мнит, как создава́лся огро́мный металлурги́ческий комбина́т.

Лу́чшие сове́тские инжене́ры и архите́кторы обсужда́ли и разраба́тывали план го́рода. Пото́м стро́ились но́вые зда́ния: заво́ды и други́е предприя́тия, теа́тры, жилы́е дома́, магази́ны.

Тепе́рь в го́роде больши́е ка́менные дома́, прямы́е широ́кие у́лицы, краси́вые пло́щади и скве́ры. Зе́лень и фонта́ны украша́ют го́род. На берегу́ реки́ большо́й парк культу́ры и о́тдыха.

В го́роде хоро́шие теа́тры, кино́, библиоте́ки, шко́лы и ву́зы. Населе́ние Магнитого́рска бы́стро растёт.

Роди́тели Игоря, его́ оте́ц и мать, живу́т в Магнитого́рске давно́. Их кварти́ра нахо́дится в це́нтре го́рода, на углу́ у́лицы Ле́нина. Оте́ц Игоря — рабо́чий. Сестра́ Игоря — учи́тельница. Её муж — архите́ктор. Вся семья́ живёт вме́сте.



Игорь учи́лся в Магнитого́рске: снача́ла в шко́ле, пото́м в те́хникуме. Учи́лся он всегда́ хорошо́. Тепе́рь Игорь уже́ год рабо́тает на заво́де. В то же вре́мя он гото́вится в вуз. Он хо́чет е́хать в Москву́ и держа́ть там экза́мен в Экономи́ческий институ́т.

— Заче́м е́хать так далеко́? — спра́шивает Игоря мать. Ведь у нас есть Металлурги́ческий и Педагоги́ческий институ́ты.

— Это не то́лько моё реше́ние, — отвеча́ет сын на её вопро́с.

— А чьё же ещё?

— Дире́ктора заво́да.

— Где же ты хо́чешь рабо́тать пото́м?

— Коне́чно у нас в Магнитого́рске. Ви́дишь, как растёт наш молодо́й го́род.

— Вот что, Игорь, — говори́т оте́ц, — че́рез неде́лю я до́лжен е́хать в Москву́ на профсою́зный съезд. Едем вме́сте.

— Очень хорошо́.

И че́рез неде́лю оте́ц и сын отправля́ются в Москву́.

СЛОВАРЬ

биогра́фия (स्त्री०) जीवनी

вопро́с (पु०) प्रश्न

вуз (पु०) (**=высшее учёбное заведе́ние**) उच्च विद्यालय

гото́виться II (**гото́влюсь, гото́вишься**) तैयारियाँ करना

держа́ть II (**экза́мен**) (**держ||у́, де́ржишь**) परीक्षा देना

жил||о́й, -а́я, -о́е; ы́е रहने का, निवास-योग्य

заче́м किस लिये

магази́н (पु०) दूकान

металлурги́ческ||ий, -ая, -ое; -ие धातु-विज्ञान विषयक; **металлурги́ческий комбина́т** (पु०) लोहा तथा इस्पात की मिल

обсужда́ть I (**обсужда́||ю, -ешь**) चर्चा करना, विचार करना

педагоги́ческ||ий, -ая, -ое; -ие अध्यापन-विद्या विषयक

предприя́тие (नपुं०) कारखाना, कर्मशाला, मिल

профсою́з (पु०) मजदूर संघ

профсою́зн||ый, -ая, -ое; -ые मजदूर संघ संबंधी

разраба́тывать I (**разраба́тыва||ю, -ешь**) काम करना, विस्तार करना

реше́ние (नपुं०) निर्णय

роди́тели (ब० व०) माता-पिता

сквер (पु०) चौक, बग़ीचा

снача́ла क्रियावि० पहले, आरंभ में

создава́ться I (**создаётся**) बनना, बनाया जाना, निर्माण किया जाना

те́хникум (पु०) व्यावसायिक माध्यमिक स्कूल, प्राविधिक स्कूल

экза́мен (पु०) परीक्षा

экономи́ческ||ий, -ая, -ое; -ие आर्थिक

Выражения

готóвиться в вуз उच्च विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिये तैयारियाँ करना।
держáть экзáмен परीक्षा देना

Примечание

निम्नलिखित वाक्यांशों में प्रयुक्त держáть क्रिया के अर्थ का भेद ध्यान में लीजिये: я держý книгу मैं (हाथ में) पुस्तक पकड़े हुए हूं। और я держý экзáмен मैं परीक्षा दे रहा हूं।

СЛОВООБРАЗОВАНИЕ

कृदन्त संज्ञाओं के प्रत्यय -ени-е, -ани-е

कई रूसी संज्ञाएं क्रियाओं में -ени-е, -ани-е प्रत्यय लगाकर बनाई जाती हैं।

решáть निश्चय करना — решéние निश्चय
читáть पढ़ना — чтéние पठन
знать जानना — знáние ज्ञान

УПРАЖНЕНИЯ

१. कोष्टकों की संज्ञाओं को आवश्यक कारक में रखिये। हिन्दी में अनुवाद कीजिये:

उदाहरण: начáло (биогрáфия) — начáло биогрáфии.

1. Вид (гóрод Магнитогóрск) óчень красив. 2. Населéние (гóрод) лю́бит гуля́ть в (парк, культýра и óтдых). 3. В (центр, гóрод) красивая плóщадь. 4. Улицы (гóрод) прямы́е и ширóкие. 5. В (Магнитогóрск) большóй завóд. 6. При (завóд) хорóший клуб. 7. В (зал, клуб) чáсто бывáют концéрты. 8. Артисты (столи́ца) выступáют в (теáтр, гóрод Магнитогóрск).

२. समान धातुवाले शब्दों को एकत्र लिखिये। धातु को रेखांकित कीजिये:

उदाहरण: горá, гóрный

здáние, рабóчий, éздить, метáлл, кáмень, сначáла, зéлень, создавáть (निर्माण करना), начинáть, зелёный, дéти, жизнь, учи́ться,

съезд, рабóтать, дéтство, жить, кáменный, учи́тельница, металлур-гический, учени́к

३. निम्नलिखित शब्दों में धातु को रेखांकित कीजिये। व्यंजनों का अदल-बदल सूचित कीजिये :

краси́вый — прекрáсный — украшéние (सजावट)

४. क्रियाओं तथा कृदन्त संज्ञाओं को फिर से लिखिये। कृदन्त संज्ञाओं में प्रत्ययों को रेखांकित कीजिये। हिन्दी में अनुवाद कीजिये :

उदाहरण : решáть — решéние

знать — знáние, учи́ть — учéние, объясня́ть — объяснéние
читáть — чтéние, рисовáть — рисовáние, петь — пéние

५. ऐसे उदाहरण सूचित कीजिये (क) जिनमें संबंध कारक, क्रिया-व्यापार करनेवाले व्यक्ति या वस्तु को सूचित करता हो और (ख) जिनमें संबंध कारक उस व्यक्ति या वस्तु को सूचित करता हो जिस पर क्रिया-व्यापार का फल पड़ता है :

1. Отéц решáет вопрóс.	а) Решéние отцá. б) Решéние вопрóса.
2. Учени́к читáет кни́гу.	а) Чтéние ученикá. б) Чтéние кни́ги.
3. Учи́тель объясняéт прáвило.	а) Объяснéние учи́теля. б) Объяснéние прáвила.
4. Арти́ст поёт пéсню	а) Пéние арти́ста. б) Пéние пéсни.
5. Товáрищ знáет граммáтику.	а) Знáние товáрища. б) Знáние граммáтики.

६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(क) पाठ से संबंधित :

1. Где проходи́ло дéтство Игоря Макáрова?
2. Что пóмнит Игорь?

3. Где живу́т роди́тели И́горя?
4. Кто оте́ц И́горя? Кто его́ сестра́?
5. Где у́чится И́горь?
6. Где он тепе́рь рабо́тает?
7. Куда́ он хо́чет е́хать держа́ть экза́мены?
8. Где он бу́дет рабо́тать пото́м?
9. Чьё э́то реше́ние?
10. Кто создава́л план го́рода Магнитого́рска?
11. Каки́е дома́ в Магнитого́рске?
12. Каки́е там у́лицы, пло́щади?
13. Како́й парк на берегу́ реки́?
14. Како́й комбина́т в Магнитого́рске?
15 Бы́стро ли растёт населе́ние го́рода?
16. По́мнит ли И́горь, как стро́ился э́тот го́род?

(ख) पाठ से संबंध न रखते हुए:

1. Где проходи́ло ва́ше де́тство?
2. Где живу́т (и́ли жи́ли) ва́ши роди́тели?
3. Где вы учи́лись в шко́ле?
4. Как называ́ется го́род, где вы живёте?
5. Каки́е там дома́, у́лицы и пло́щади?
6. Есть ли в го́роде скве́ры?

УРОК 33*

व्याकरण:
संबंध कारक (क्रमश:)
संबंध कारक के साथ संबंध-सूचक
из, с, от, до, у, о́коло, вокру́г, ми́мо,
посреди́, вдоль, про́тив

ГРАММАТИКА

संबंध कारक (क्रमश:)

संबंध कारक के साथ संबंध-सूचक из, с, от, до, у, о́коло, вокру́г, ми́мо, посреди́, вдоль, про́тив

१. Из और с संबंध-सूचकों से निम्नलिखित बातें सूचित होती हैं: (क) किसी वस्तु से या किसी स्थान से इधर-उधर गति:

Я беру́ кни́гу из шка́фа.	मैं आलमारी में से एक पुस्तक ले रहा हूं।
Я беру́ цветы́ с подоко́нника.	मैं खिड़की की पटिया पर से फूल ले रहा हूं।

प्रश्न: отку́да? 'कहाँ से?'

